वर्ष-31, अंक- 353, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
12 अक्टूबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


पेज 10

## एक नजर

### मगध कोल माइंस में सीसीएल सिक्योरिटी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, अवैध कोयला लदे हाईवा जब्त

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध कोल माइंस में सीसीएल, एसआईएसएफ सिक्योरिटी व पुलिस की संयुक्त छापेमारी में अवैध कोयला लदे एक वाहन को जब्त किया गया है। इस कार्रवाई की जानकारी सीसीएल सिक्योरिटी इंचार्ज चमन गंझू ने दी। उन्होंने बताया कि रात्रि समय सुरक्षा और पुलिस अधिकारी माइंस में प्रवेश करने वाले वाहनों की जाँच कर रहे थे। इसी दौरान वाहन संख्या बीआर 01 जी एन 0351, जिसमें लगभग 30 टन अवैध कोयला लदा था, ड्राइवर द्वारा जांच से बचने के लिए वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर किसी भी प्रकार के वैध कागजात की अनुपस्थिति दर्ज की गई, जिससे लदे कोयले की अवैधता पुष्ट हुई। इसके बाद वाहन को अमरवाडीह पुलिस पिकेट के सुपुर्द कर दिया गया है। इससे पहले भी सीसीएल सिक्योरिटी द्वारा मगध कोल माइंस से अवैध कोयला ले जाने वाले एक हाईवा को जब्त कर कार्रवाई की गई थी, जो इस कड़ी में एक और महत्वपूर्ण सफलता है। सीसीएल सिक्योरिटी के इस अभियान ने अवैध कोयला चोरों में हड़कंप मचा दिया है और प्रशासन के सख्त रुख को दर्शाया है।

प्री व पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, रोजगार सृजन समेत प्रमुख योजनाओं की समीक्षा

# योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता व समयबद्धता सुनिश्चित करें : कल्याण मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचे और किसी स्तर पर लापरवाही न हो। शनिवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मंत्री ने विभाग की विभिन्न योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय



प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के लंबित भुगतानों, वन अधिकार अधिनियम, धरती आवास ग्राम उत्कर्ष योजना, अनुच्छेद 275 के अंतर्गत स्वीकृत योजनाएँ, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सरना-मसना स्थल संरक्षण कार्य, छात्रावास एवं आवासीय विद्यालयों की स्थिति, तथा वाद्य यंत्र वितरण योजना पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि सभी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह प्रस्तुत की जाए ताकि निगरानी और मूल्यांकन की प्रक्रिया मजबूत हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि लाभार्थियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनके सुझाव योजनाओं के सुधार में शामिल किए जाएँ। आदिम जनजातियों के उत्थान पर विशेष संवेदनशीलता दर्शाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और शेष पेज 11 पर...

**मुख्य बिंदु**

- योजनाओं का लाभ समय पर मिले।
- छात्रवृत्ति भुगतान में तेजी लाएं।
- हर माह प्रगति रिपोर्ट दें।
- आदिम जनजाति विकास पर विशेष जोर।
- लाभार्थियों से सीधा संवाद करें।

# पलामू के अस्पतालों में घटिया दवाओं की सप्लाई, मरीजों की जान से खेल!

- दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरीं, कंपनी से दवाइयां वापस लेने का आदेश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू के सरकारी अस्पतालों में मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कैल्शियम की टैबलेट के बाद अब शुगर एवं एंटीबायोटिक की दवाएं भी मानकों से नीचे पाई गई हैं। इस पूरे मामले की जांच शुरू हो चुकी है और दवाएं सप्लाई करने वाली कंपनी को इसका अविलंब वापस लेने का आदेश दिया गया है।

यह कोई पहली बार नहीं है जब सरकारी अस्पतालों में संदिग्ध गुणवत्ता वाली दवाएं मिली हों। मई महीने में भी 2.15 करोड़ की कैल्शियम की गोलियां मानक पूर्ण नहीं पाई थीं। जांच में पता चला कि ये टैबलेट पानी में नहीं घुलती थीं, जिससे उनकी गुणवत्ता ठीक नहीं थी। गंभीर स्थिति का पता चलते ही तत्कालीन सिविल सर्जन ने इस दवा को कोलकाता लैब में जांच के लिए भेजा था। तब कंपनी से दबाव डालकर खराब दवा वापस मंगवाई गई और उसकी जगह नई गोलियां सप्लाई की गईं।

अक्टूबर में चार विभिन्न राज्यों की कंपनियों ने पलामू में कैल्शियम की गोलियां भेजीं, जिनकी अब जांच चल रही है। सिविल सर्जन अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ दवा टेस्ट में फेल हो चुका है। कैल्सियम की दवा पानी में घुल नहीं रही है, जांच के दौरान पता चला कि मानक के अनुरूप नहीं है। जिनमें कई दवाएं शामिल हैं। इन दवाओं को भी वापस मंगाने और जांच कराने की प्रक्रिया शुरू है। जांच के बाद ही दवा मरीजों को दी जाएगी।

फिलहाल कंपनी के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है, बल्कि उन्हें सिर्फ दवाइयां वापस लेने और मानक के अनुसार नई आपूर्ति करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग यह सुनिश्चित करने में जुटा हुआ है कि मरीजों को कहीं भी घटिया या कम गुणवत्ता वाली दवाएं न मिलें।

सीएम हेमंत सोरेन ने दिए निर्देश, सुदिव्य कुमार ने दिया निर्माण प्रक्रिया शुरू करने का आदेश

# राष्ट्रीय मानक पर बनेंगे रांची के तीनों बस टर्मिनल

- आइटीआई बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो व बिरसा मुंडा टर्मिनल बनेंगे आकर्षक
- नगर विकास एवं आवास मंत्री ने दी 48.72 करोड़ रुपए की स्वीकृति

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राजधानी रांची के तीनों प्रमुख बस टर्मिनलों आइटीआई बस स्टैंड, सरकारी बस डिपो और बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा का कायाकल्प अब राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहरीकरण के कार्यों में तेजी लाने के क्रम में इन सभी टर्मिनलों के आधुनिकीकरण, नवीनीकरण और जीर्णोद्धार का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री सोरेन के निर्देश पर नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कुल 48.72 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इसमें आइटीआई बस स्टैंड के लिए 24.77 करोड़, सरकारी बस डिपो के लिए 20.19 करोड़ और बिरसा मुंडा बस स्टैंड के लिए 3.76 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने विभागीय प्रधान सचिव सुनील कुमार को जुडको के माध्यम से कार्य शीघ्र आरंभ कराने का निर्देश दिया है। प्रधान सचिव सुनील कुमार ने जुडको को निर्देश दिया है कि तीनों बस टर्मिनलों के टेंडर शीघ्र जारी कर कार्य प्रारंभ किया जाए। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद रांची के बस टर्मिनल राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के मॉडल स्टैंडर्ड पर नजर आएंगे, जहां यात्रियों को सुरक्षा, स्वच्छता और आधुनिक सुविधाओं का बेहतर अनुभव मिलेगा।





**स्वीकृत की गई राशि**

1. आइटीआई बस स्टैंड : 24.77 करोड़
2. सरकारी बस डिपो : 20.19 करोड़
3. बिरसा मुंडा बस स्टैंड : 3.76 करोड़

**बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा में होगा 31 बस-वे**

वर्तमान ढांचे को बरकरार रखते हुए बिरसा मुंडा बस टर्मिनल खादगढ़ा को 3.76 करोड़ रुपए की लागत से सुविधाजनक बनाया जाएगा। 11.6 एकड़ में फैले इस परिसर में 31 बस-वे, 89 बसों व 70 कारों के लिए पार्किंग, स्मार्ट शेड, 50 बेड की डॉरमेट्री, रेस्टरूम, स्नानागार, गेस्टहाउस, हाइमास्ट लाइट, बाउंड्री वाल और महिला सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा आइटीआई बस स्टैंड**

वर्तमान में यात्रियों के लिए न्यूनतम सुविधाओं वाले आइटीआई बस स्टैंड को आधुनिक रूप में विकसित किया जाएगा। यह तीन एकड़ क्षेत्रफल में बनेगा, जिसमें 2330 वर्गमीटर ग्राउंड फ्लोर और 880 वर्गमीटर प्रथम तल पर टर्मिनल भवन होगा। यहां ड्राइवर कैंटीन, मेंटेनेंस शेड, गार्ड रूम, स्लाइडिंग प्रवेश द्वार, प्रतीक्षालय, कार, ऑटो और ई-रिक्शा पार्किंग की सुविधा होगी। प्रथम तल पर रेस्टोरेंट, प्रशासनिक भवन, टिकट काउंटर, डॉरमेट्री, लॉकर युक्त गेस्ट रूम तथा हरियाली के लिए लैंडस्केपिंग की व्यवस्था रहेगी। प्रति दिन 416 बसों का परिचालन सुनिश्चित किया गया है।

**सरकारी बस डिपो का होगा पुनर्निर्माण**

वर्ष 1962 से 1970 के बीच बना सरकारी बस डिपो अब जर्जर अवस्था में है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर इसे 20.19 करोड़ रुपए की लागत से इंडियन रोड कांग्रेस मानकों के अनुसार पुनर्निर्मित किया जाएगा। नए भवन में 1771 वर्गमीटर ग्राउंड फ्लोर और 845 वर्गमीटर प्रथम तल में सुविधाएं विकसित होंगी। यहां गार्ड रूम, मेंटेनेंस क्षेत्र, डॉरमेट्री, प्रतीक्षालय, फूड कियोस्क, शेडयुक्त बस वे, स्लाइडिंग गेट, कार व ऑटो स्टैंड जैसी सुविधाएं होंगी। आठ बस-वे के जरिए रोजाना लगभग 512 बसों का परिचालन होगा।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने चैंबर के आग्रह पर विकास की प्रतिबद्धता प्रकट की, कहा-

# मॉडल कृषि मंडी के रूप में विकसित होगी पंडरा बाजार समिति



- कृषि मंत्री ने बैठक में मंडियों में व्याप्त असुविधा पर कड़ी नाराजगी जताई

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** प्रदेश की कृषि मंडियों में मूलभूत सुविधाओं की अनुपलब्धता से मंडियों में व्याप्त असुविधाओं पर संज्ञान लेने के फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के आग्रह पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में नेपाल हाउस सभागार में वृहद् बैठक हुई। बैठक में कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीक, कृषि निदेशक भोर सिंह यादव, बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के प्रबंध निदेशक जीसन कमर, सभी बाजार समितियों के पणन सचिव, इनेम के नोडल अफसर, सिटी डीएसपी के अलावा जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी और कृषक प्रतिनिधि मौजूद थे।

चैंबर के आग्रह पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पंडरा बाजार समिति को मॉडल कृषि मंडी के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता दिखाई। मंडियों में व्याप्त असुविधा और पणन सचिवों की कार्यप्रणाली पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए व्यवस्था में जल्द सुधार के लिए प्रबंध निदेशक को निर्देशित किया। बैठक के दौरान आई बातों के आधार पर संज्ञान लेते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि आज कई महिलाएं एफबीओ चला रही हैं, किन्तु उनके लिए बाजार समिति में दुकान-गोदाम उपलब्ध नहीं कराया गया, जबकि उन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए। कई जिलों के रेंट फिक्सेशन में हुई अनियमितता और राज्य में इनेम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को रिपोर्ट सौंपने और आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। मंडियों में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था होने तक होम गार्ड की तैनाती के लिए भी कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। शेष पेज 11 पर...

**पणन सचिव जल्द उचित प्रस्ताव बनाकर विभाग को सौंपें : सिद्दीक**

कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीक ने मंडियों की व्यवस्था में सुधार के लिए सभी पणन सचिव को निर्देशित किया कि वे जल्द एक प्रॉपर प्रस्ताव बनाकर विभाग को सौंपें। उन्होंने यह भी कहा कि शुरुआती दिनों में झारखंड देश में बेस्ट परफॉर्मर राज्य रहा था। यदि आज इसकी स्थिति संतोषजनक नहीं है, तो कहीं न कही इसमें हमारा फेलियोर है। ये कृषको को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने का उपयुक्त प्लेटफार्म है। विभाग द्वारा चरणबद्ध प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने इसके लिए पणन सचिवों को भी एक्टिव रहने की सलाह दी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जहां कृषक ज्यादा हैं, वहां हाट बाजार की व्यवस्था के लिए भी पणन सचिव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कृषकों के लिए मंडियों में डेडिकेटेड प्लेटफार्म बनाना होगा।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




# पीएम मोदी ने किया सरायकेला में फिश फॉर्मिंग प्लांट का शिलान्यास

- झारखंड में मत्स्य पालन को मिलेगी नई दिशा

**सरायकेला/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में सरायकेला प्रखंड के हाथीमारा गांव में शनिवार को वर्चुअल माध्यम से अत्याधुनिक फिश फॉर्मिंग प्लांट का शिलान्यास किया। यह परियोजना 'प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना' के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना और मत्स्य पालन को नई दिशा प्रदान करना है।



कार्यक्रम में झारखंड मत्स्य विभाग के उप निदेशक संजय कुमार गुप्ता, जिला मत्स्य पदाधिकारी रौशन कुमार, स्थानीय ग्रामीण और योजना से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे। यह परियोजना 'सुरदीप नेचुरल फिशिंग एंड इको टूरिज्म कंपनी' द्वारा संचालित की जाएगी। शेष पेज 11 पर...

# नक्सलियों के विस्फोट में घायल जवान महेंद्र शहीद

- आईईडी ब्लास्ट में घायल हो गए थे सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर
- इंस्पेक्टर केके मिश्रा और एएसआई रामकृष्ण गागराई राउरकेला के अस्पताल में हैं भर्ती

नवीन मेल डेस्क

**चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराइकेला थाना क्षेत्र के सारंडा जंगल में नक्सलियों की ओर से शुक्रवार की शाम किए गए आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट



में घायल हुए सीआरपीएफ 60वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर शहीद हो गए। आईईडी ब्लास्ट में घायल हुए हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर को गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मृत्यु हो गई। इस विस्फोट में सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर केके मिश्रा और एक अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इलाज के दौरान हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर की मौत हो गई। अर्धसैनिक बलों ने शुक्रवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में जराइकेला थाना क्षेत्र के नक्सल हिंसा प्रभावित बाबूडेरा-समता क्षेत्र में यह अभियान चलाया था। जानकारी के अनुसार, यह विस्फोट उस समय हुआ जब जवानों की टीम इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। नक्सलियों ने ये विस्फोट दो अलग-अलग स्थानों पर किए थे। शेष पेज 11 पर...

# झारखंड के डीजीपी करेंगे चैंबर अध्यक्षों के साथ ऑनलाइन बैठक

- ट्रैफिक और रंगदारी का होगा मुख्य मुद्दा
- शहर में सैरात और पार्किंग ठेके पर वसूली को पुलिस प्रशासन के समक्ष उठाएंगे व्यवसायी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता 13 अक्टूबर को संध्या 4 बजे राज्य के सभी चैंबर अध्यक्षों के साथ ऑनलाइन बैठक करेंगे। इस बैठक में हर जिले के एसएसपी और एसपी भी भाग लेंगे। झारखंड चैंबर के महासचिव रोहित अग्रवाल ने पलामू चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, गढ़वा अध्यक्ष बबलू पटवा और लातेहार अध्यक्ष सुशील अग्रवाल को इस बैठक की सूचना दी है। पलामू चैंबर के उपाध्यक्ष उदय शंकर दुबे ने बताया कि मेदिनीनगर के व्यवसायियों का सबसे बड़ा मुद्दा ट्रैफिक, सैरात और पार्किंग के नाम पर छोटे बड़े व्यवसायियों से वसूली की समस्या है। व्यवसायी रंगदारी की इस परत को पुलिस प्रशासन के सामने गंभीरता से उठाने का प्रयास करेंगे। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने इस ऑनलाइन बैठक का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के संवाद से व्यवसाय और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनेगा और व्यवसायियों को सुरक्षा मिलेगी। यह बैठक नियमित रूप से होनी चाहिए ताकि व्यापारिक समस्याओं का स्थायी समाधान निकले और व्यवसायिक माहौल सुधरे।


इस पहल से क्षेत्र में कानून व्यवस्था और कारोबारी माहौल दोनों में सुधार की उम्मीद जगी है। व्यवसायी वर्ग आशावादी है कि पुलिस प्रशासन उनके मुद्दों को गंभीरता से सुनकर उचित कार्रवाई करेगा।

**इंडिया**

# सफलता की अंधी दौड़ में मिटती भाषा संस्कृति और पहचान


सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अपनी जाति धर्म और पहचान के नाम पर अधिकार और हिस्सेदारी के लिए लड़ते लोगों की भीड़ के बीच रोज भाषाएं मर रही हैं साथ ही मिटने को है कई समूहों की सांस्कृतिक पहचान। झारखंड में भी टाइटल के आधार पर कई सदान और जनजातीय समुदाय विशेष अपनी भाषा नहीं जानते।कैसे बचेगी पहचान?आज के भारत ही नहीं अखंड भारत यानी भारतीय उपप्रायद्वीप सहित पूरे विश्व में भाषाएं उपेक्षित होकर मर रहीं हैं और इनके साथ जुड़ी जातियों या जनजातियों की पहचान भी मिट रही है ।झारखंड भी इससे अछूता नहीं है आप किसी गांव में जाकर उनकी भाषा में बात करें तो वे आपको हिंदी में जवाब देंगे ताकि वे जतला सकें कि वे गंवार नहीं बल्कि पढे लिखे हैं । आधुनिक जीवन शैली सिनेमा,रंगीन टीवी के बाद अब सोशल मीडिया से सुदूर ग्रामीण या जंगल के किनारे तक पहुंच गई है और लोग अपने रीति रिवाज संस्कृति या भारतीय पहचान के प्रति हीन भावना से ग्रस्त हो गए हैं जिसके कारण किसी भी कीमत पर अपने बच्चों को मुहल्ले के सही पर अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में पढ़ाना चाहते हैं । कभी एक समय था जब झारखंड की कभी राजभाषा और संपर्क भाषा रही नागपुरी रांची शहर तक की भाषा थी और गुमला,सिमडेगा,लोहरदगा जैसे शहरों में जो भी रहा उसने यह भाषा सीख ली । पर अब नागपुरी मिश्रित हिंदी ने इसका स्थान लेना शुरू कर दिया है और कुछ बड़े परिवारों में तो अंग्रेजी ही बोलचाल की भाषा हो गई है । इसी प्रकार 32 जनजातीय समूह और 9 भाषाओं वाले झारखंड की अनेक जनजातीय भाषाएं भी खतरे में हैं क्योंकि नौकरी या व्यवसाय में ऊपर उठाने के बाद अनेक जनजातीय परिवार न सिर्फ अपने बच्चों को अंग्रेजी शिक्षा दे रहे हैं बल्कि अपनी मातृभाषा बोलना छोड़ते जा रहे हैं ।इनका सिर्फ टाइटल बचा रह गया है पर जातीय या सांस्कृतिक पहचान खतरे में है । यूनेस्को की ताजा रिपोर्ट बताती है कि हर साल दुनिया से नौ भाषाएं खत्म हो रही हैं। भारत की कोरगा (कर्नाटक), सिरमौरी (हिमाचल प्रदेश) और पारजी (छत्तीसगढ़) भी संकट में हैं। सामूहिक तौर पर भाषाओं के प्रति हीन भावना को हटाकर ही इन मरती हुई भाषाओं को बचाया जा सकता है । बीसवीं सदी के भाषा दार्शनिक ने भाषा को लेकर अनोखी बात कही है, 'मेरी भाषा की सीमा का अर्थ है, मेरी दुनिया की चौहद्दी।' इसका साफ मतलब यह है कि हर व्यक्ति की अपनी भाषा दरअसल उसकी दुनिया होती है। ऐसी दुनिया, जिसमें सिर्फ भूगोल ही शामिल नहीं है, इतिहास भी है और संस्कृति भी, जिसमें परंपरा भी शामिल है और सदियों का अपना एक्सक्लूसिव ज्ञान भी। जिस तरह नदियां अपने उद्गम और अपने प्रवाह वाले इलाकों की पूरी संस्कृति और पर्यावरण के अथाह गुणों को खुद में समाए रहती हैं, भाषाएं भी नदी की भांति



ही अपनी परंपरा, अपनी सोच, अपने दर्शन, अपने भूगोल और अपने इतिहास के साथ ही समूची संस्कृति को लेकर प्रवाहित होती रही हैं। यूनेस्को ने भाषाओं को लेकर जो ताजा रिपोर्ट जारी की है, उसमें कहा गया है कि हर दो हफ्ते बाद दुनिया की एक भाषा मर रही है। यूनेस्को के अनुसार, पहले जहां हर तीन महीने के अंतराल पर एक भाषा की मौत की खबर आती थी, वहीं साल 2019 के बाद इसमें तेजी आई है। इस दर से हर साल दुनिया से करीब नौ भाषाओं का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। साफ है कि अगर एक भाषा मर रही है, तो उस भाषा की अपनी विशिष्ट संस्कृति, उसकी सोच और उसका परिवेशबोध भी मर रहा है। इन अर्थों में देखें, तो भाषाओं का इस तरह मरना दरअसल संस्कृतियों के बहुलवादी स्वरूप का संकुचित होते जाना है।यूनेस्को के अनुसार, साल एक हजार ईस्वी तक दुनिया भर में नौ हजार से कुछ ज्यादा भाषाएं अस्तित्व में थीं, जिनकी संख्या घटते-घटते आज सात हजार के आसपास सिमट गई है। यूनेस्को को आशंका है कि भाषाओं के मरने की यही दर बनी रही, तो 21वीं सदी के अंत तक दुनिया भर की करीब तीन हजार भाषाओं का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। जबकि पश्चिम के कई भाषा और मानवशास्त्री मानते हैं कि अगर भाषाओं के मरने की गति ऐसी ही रही, तो 2200 ईस्वी तक दुनिया में महज 100 भाषाएं ही जीवित रह पाएंगी। संस्कृत के बारे में भी कहा जाता है कि उसका चलन घट गया है। अंग्रेजी ने दूसरी भाषाओं के नए शब्दों को अपनाया जबकि मृत भाषाओं में ऐसा चलन नहीं था । उदारीकरण और वैश्वीकरण की वजह से पूरी दुनिया तकरीबन एक तरह के खानपान, पहनावे और एक तरह की भाषा की ओर आकर्षित होती जा रही है। पश्चिमी सभ्यता और उसका सलीका ही मानक बनते जा रहे हैं। इस लिहाज से दुनिया भर की बोलियों में भी एकरूपता कभी सायास, तो कभी अनायास ही आती जा रही है। झारखंड सहित भारत की बहुत-सी ऐसी भाषाएं हैं, जो इतने कम लोगों द्वारा बोली जाती हैं कि निकट भविष्य में उनका अस्तित्व ही नहीं रहेगा। इनमें लुप्तप्राय आदिम जनजातियां (पीवीटीजी) शामिल हैं । भाषाओं का सम्मान उन्हें बोलकर ही किया जा सकता है ।

### उपायुक्त ने नीलांबर-पीतांबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** शनिवार को उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने नीलांबर-पीतांबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं, दवाइयों की उपलब्धता, स्वच्छता और कर्मचारियों की उपस्थिति की कड़ी समीक्षा की। प्रसव कक्ष, मदर केयर, टीकाकरण केंद्र, दंत विभाग, जन औषधि केंद्र, कोल्ड चेन और अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने मेडिकल स्टोर प्रभारी को दवाओं के रिकॉर्ड के ऑनलाइन प्रबंधन के निर्देश दिए और नवजात शिशु देखभाल केंद्र के सुदृढ़ीकरण के लिए सक्रिय प्रयास करने को कहा। साथ ही अस्पताल में आवश्यक मरम्मत कार्य जैसे वुडन टाइल्स व पीवीसी फ्लोरिंग को शीघ्र पूरा करने के भी निर्देश दिए। कुछ उपकरणों में जंग लगने पर उन्हें नियमित उपयोग और रखरखाव भी सुनिश्चित करने को कहा गया। इसी दौरान, अन्य अधिकारियों ने भी क्षेत्रीय स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। सेहरा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पीएचसी गेठा, पीएचसी बांसडीह, मुंदरिया, कोइरी पतरा, दारूडीह आयुष्मान आरोग्य मंदिर, धनगांव, चपरना एवं फुलांग एचएससी सहित कई केंद्रों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। निरीक्षण अभियान के बाद उपायुक्त समीरा एस ने लेस्लीगंज ब्लॉक सभागार में सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और स्वास्थ्य सेवा सुधार के लिए आवश्यक योजनाओं पर चर्चा की।

## बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद में बढ़ी सुरक्षा चौकसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। सीमावर्ती इलाकों देवरी ओपी, दंगवार ओपी, जपला-पथरा रोड पर स्थापित चेकनाका और अन्य प्रमुख स्थानों पर 24 घंटे वाहनों की कड़ी जांच की जा रही है। यह सुरक्षा अभियान राज्य उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चलाया जा रहा है। सघन जांच के तहत अवैध शराब, मादक पदार्थों, हथियारों एवं नकदी की तस्करी पर रोक लगाने के लिए पुलिस खुफिया तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता और एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब ने सीमावर्ती इलाकों का निरीक्षण कर गश्ती दलों की संख्या बढ़ाने और सुरक्षा मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। सोन नदी के तटवर्ती इलाकों में भी निगरानी को बढ़ाया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव कार्रवाई की जाएगी।

### हैदरनगर में युवा सॉफ्ट इंजीनियर का निधन

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय सह हैदरनगर बाजार क्षेत्र के जवाहर पथ मुहल्ला निवासी डॉ. रामप्रवेश राय द्वितीय पुत्र राजेश कुमार उर्फ झूना (40 वर्ष) का शनिवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनकी मौत की खबर सुनते ही परिजन और शुभचिंतक मृतक के घर पर जुट गए। डॉ. रामप्रवेश राय ने अपने पीछे पत्नी और दो मासूम पुत्रों को छोड़ा है। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। डॉ. रामप्रवेश बंगलौर की एक विदेशी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। उनके निधन पर डॉ. मनोरंजन प्रसाद सिंह, डॉ. अजय जयसवाल, डॉ. अमीनुल हक अंसारी, सुदर्शन लाल, प्रमोद लाल, महेंद्र चौधरी, सुरेंद्र ठाकुर, आकाश प्रताप शाहिदेव, आशीष कुमार सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया और परिवार के प्रति संवेदनाएं जताईं।

### दीपावली और छठ पर्व को लेकर हुसैनाबाद में व्यवसायियों के साथ पुलिस की बैठक



**हुसैनाबाद।** आगामी दीपावली और छठ पर्व को शांति और सुरक्षा के साथ मनाने के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस. मोहम्मद याकूब ने शहर के व्यापारियों के साथ एक बैठक की। इसमें भीड़ प्रबंधन, अतिरिक्त पुलिस गश्त, पटाखों की बिक्री के लिए निर्धारित स्थान और संबंधी नियम-कानून पर चर्चा की गई। पुलिस ने त्योहारों के दौरान शांति, एकता और भाईचारे को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। व्यवसायियों को कई दिशा निर्देश प्रदान किए गए और आम लोगों से समन्वय और सहयोग की अपील की गई। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस प्रशासन त्योहारों में पूरी तरह सतर्क रहेगा ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### हुसैनाबाद नगर पंचायत की दीपावली-छठ पर्व के लिए विशेष सफाई बैठक



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत कार्यालय में दीपावली एवं छठ पर्व की सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक हुई, जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वार्ड पार्षद और कर्मी मौजूद थे। वार्डों में पांच- पांच डस्टबिन लगाना और सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। डस्टबिन न रखने वाले दुकानदारों के विरुद्ध नगरपालिका एक्ट के तहत कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। गांधी चौक में कचरा न फेंकने का आग्रह किया गया और सीसीटीवी निगरानी बढ़ाने का निर्णय हुआ। एसडीपीओ मोहम्मद याकूब ने सभी से स्वच्छता में सहयोग की अपील की।

### कन्हैया कुमार के विवादित टिप्पणी पर महा ब्राह्मण समाज में आक्रोश

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार द्वारा टीवी इंटरव्यू में महापात्रा महा ब्राह्मण को 'अछूत ब्राह्मण' बताने के बाद व्यापक विवाद हुआ है। राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कड़ी निंदा करते हुए चेतावनी दी कि यदि कन्हैया ने माफी नहीं मांगी तो वे सड़कों पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि महा ब्राह्मण सनातन संस्कृति के संरक्षक हैं और उनका अपमान नहीं सहा जाएगा। कन्हैया कुमार को तुरंत माफी मांगनी चाहिए अन्यथा युवा वाहिनी विरोध प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस पार्टी की ओर से अभी तक आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### समता स्कूल में दशवीं कक्षा के अभिभावक सह शिक्षक करियर काउंसलिंग कार्यक्रम

**हुसैनाबाद।** जपला छतरपुर रोड स्थित समता स्कूल में शनिवार को दसवीं कक्षा के अभिभावक और शिक्षकों के बीच करियर काउंसलिंग का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। अभिभावकों ने अपने सुझाव और विचार साझा किए, जबकि दसवीं के छात्रों को करियर संबंधी जानकारी दी गई।विद्यालय के प्रधानाचार्य सह निदेशक डॉ. अक्षय कुमार चौहान ने अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मार्गदर्शन और सुझाव दिए। कार्यक्रम में कई शिक्षकों ने भी भाग लिया, जिनमें विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह सहित अन्य शामिल थे।इस कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावक और शिक्षक एक साथ मिलकर विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में सहयोग करेंगे और उनकी कमजोरियों को दूर करने के उपाय करेंगे।

### भजनिया में एक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**मोहम्मदगंज।** भजनिया ग्राम के निवासी धर्मेंद्र शर्मा (47) पुत्र कपिल शर्मा ने शुक्रवार की रात फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। शनिवार सुबह शव को फांसी से लटका पाया गया, जिसे प्रथम दृष्टया आत्महत्या माना जा रहा है।पुलिस ने मृतक के पुत्र राकेश कुमार के आवेदन पर इस मामले में यूडी केस दर्ज कर ली है और शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लग सके।धर्मेंद्र शर्मा के आकस्मिक निधन से भजनिया गांव में शोक का माहौल है। गांव के लोग उनके अचानक चले जाने से स्तब्ध हैं और दुख व्यक्त कर रहे हैं।

## पुलिस व जनता के बीच मैत्री फुटबॉल मैच आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्थित राजकीय प्लस टू हाई स्कूल के मैदान में पुलिस और जनता के बीच मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट हुआ। आयोजक थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने पोस्ता की खेती रोकने के लिए जनजागरण किया। एसडीपीओ मोहम्मद याकूब ने पोस्ता की खेती के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए शपथ दिलाई और चेतावनी दी कि आगे पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी। मैच में जनता की टीम ने 1-0 से जीत हासिल की।

## अनुमंडलीय अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे सेवा से मरीजों को बड़ी राहत

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे सुविधा से मरीजों को बेहतर और त्वरित जांच का लाभ मिल रहा है। करीब तीन महीने से लगातार चल रही इस सेवा की वजह से पहले जहां एक्स-रे जांच के लिए बाहर जाना पड़ता था, वहीं अब स्थानीय स्तर पर ही मरीजों को मिनटों में जांच रिपोर्ट मिल रही है। अस्पताल में इस सेवा का संचालन एक्स-रे टेक्नीशियन दीपक कुमार द्वारा पूरी निष्ठा से किया जा रहा है। पहले तकनीशियन की कमी के कारण यह सेवा कई महीने बंद रही थी। अस्पताल प्रशासन ने कई बार स्वास्थ्य विभाग को पत्र देकर इस कमी को दूर करने की मांग की। अंततः दीपक कुमार की नियुक्ति हुई और अब यह सेवा नियमित रूप से संचालित हो रही है। डॉ. एसके रवि, चिकित्सा उपाधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि डिजिटल एक्स-रे मशीन के माध्यम से मरीजों को तेजी से जांच और निदान की सुविधा मिल रही है, जिससे उपचार में मदद मिलती है। दीपक कुमार ने कहा कि वह निर्धारित समय के भीतर अधिकतम मरीजों की जांच करने का प्रयास करते हैं और कभी-कभी समय सीमा से बाहर जाकर भी सेवा उपलब्ध कराते हैं ताकि कोई मरीज जांच से वंचित ना रहे। यह डिजिटल तकनीक अस्पताल को आधुनिक चिकित्सा सेवा की दिशा में एक कदम आगे लेकर गई है। अब मरीजों को बाहर जाकर जांच करानी की जरूरत कम हो गई है, जिससे उनकी आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह की तकलीफों में कमी आई है। यह सुविधा स्थानीय लोगों के लिए सौभाग्यपूर्ण साबित हुई है।

## सरकारी स्कूल सिंघना बना नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा का मॉडल सेंटर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मोकहर कला सिंघना गांव, जो पिछले वर्षों तक नक्सल प्रभावित माना जाता था, आज शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में एक उदाहरण बन चुका है। राजकीय स्तरोन्नत उर्दू मध्य विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में कमाल कर दिखाया है। यहां कुल 269 छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं, जिनमें से 55 प्रतिशत छात्राएं हैं। विद्यालय में एक आईसीटी प्रशिक्षक सहित पांच शिक्षकों का कार्य है, जो बच्चों को कक्षा 1 से 8 तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर, गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन की आधुनिक डिजिटल शिक्षा देते हैं। आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास और प्रोजेक्टर का उपयोग कर शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाया जाता है। प्रधानाध्यापक सकलैन मिर्जा ने बताया कि पहले गांव वाले शिक्षा के प्रति उदासीन थे, लेकिन अब बच्चों को पढ़ाने में गर्व महसूस करते हैं। शिक्षकों के समर्पण और सरकार की शिक्षा नीति के कारण यह सरकारी स्कूल क्षेत्र में मॉडल बना है। यह शिक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण है कि सरकारी संस्थान भी तकनीकी प्रगति के साथ निजी विद्यालयों के समकक्ष खड़े हो सकते हैं। यह परिवर्तन गांव के समग्र विकास और उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जगाता है, जिसमें शिक्षा के प्रति बदलाव की स्पष्ट झलक मिलती है।

## विद्यालयों में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन

- अभिभावकों को ग्राम सभा में शामिल होने का आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**




**ऊंटारी।** पांडू प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पांडू ने सभी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन करने हेतु तिथियां निर्धारित की हैं। पत्रांक 1671 दिनांक 1 फरवरी 2005 के तहत प्रत्येक तीन वर्ष में समिति का पुनर्गठन अनिवार्य है।यूएमएस निमिया में पुनर्गठन 10 अक्टूबर, यूएमएस महुआ धाम में 13 अक्टूबर और पीएम श्री स्तरोन्नत +2 उच्च विद्यालय रतनाग में 15 अक्टूबर को जिला स्तर पर पुनर्गठन होगा। प्रक्रिया की निगरानी बीआरपी व सीआरपी द्वारा की जाएगी।पीएम श्री स्तरोन्नत +2 उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार ने अभिभावकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है ताकि समिति का पुनर्गठन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। अभिभावकों को ग्राम सभा में जाकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी।

### पिंकी कुमारी को हुई जानलेवा बीमारी में समाजसेवी ने की मदद



**छतरपुर।** ग्राम कसियाही की 13 वर्षीय पिंकी कुमारी मलेरिया बुखार से गंभीर रूप से पीड़ित थीं। मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती पिंकी के लिए रक्त की तत्काल आवश्यकता थी। जिला परिषद प्रतिनिधि और समाजसेवी रंजीत जायसवाल ने ब्लड बैंक से दो यूनिट रक्त उपलब्ध कराया और उनकी जान बचाई। रंजीत ने सेवा में सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिया।

## मोहम्मदगंज में कोयल नदी किनारे छठ घाट व शवदाह स्थल का अभाव

- बाढ़ के कारण नदी में स्नान और अर्घ्यदान करना जोखिमपूर्ण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कोयल नदी के किनारे स्थिर शवदाह स्थल और छठ घाट का निर्माण न हो पाने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। बाढ़ के कारण नदी में स्नान और अर्घ्यदान करना जोखिमपूर्ण बना हुआ है। ग्रामीणों ने सांसद विष्णुदयाल राम और विधायक संजय कुमार सिंह यादव से जल्द इन घाटों के निर्माण की गुहार लगाई है ताकि आसपास के कई गांवों के लोगों को सुविधा मिल सके। वर्तमान में नदी की तेज धाराओं के कारण अर्घ्यदान करना कठिन हो रहा है, जिससे त्योहार एवं संस्कारों में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।

## प्रधानमंत्री के कृषि संबंधित संदेश के सीधा प्रसारण कार्यक्रम में किसानों की भागीदारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कृषि तकनीकी केंद्र में शनिवार को प्रधानमंत्री के धन-धान्य योजना पर सीधा संदेश प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रगतिशील और महिला किसानों के साथ सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, विधायक प्रतिनिधि डॉ. पंचु रजवार, कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रशांत कुमार तिवारी और कृषक मित्र शामिल थे।कार्यक्रम में किसानों ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश को ध्यान से सुना। साथ ही दलहन मिशन और अन्य योजनाओं का शुभारंभ भी लाइव देखा। उपस्थित सभी लोगों ने इन कृषि संबंधित सलाह को धरातल पर लागू करने का संकल्प लिया।कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में इस योजना के अनुपालन को सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे दलहन की पैदावार बढ़ेगी और अधिक किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

### वन तुलसी, खजुली और चकवड़ के बीज निर्धन परिवारों के लिए जीवनयापन का सहारा

**मोहम्मदगंज।** क्षेत्र में अच्छी बारिश के कारण औषधीय पौधों की बेहतर पैदावार हुई है। वन तुलसी, खजुली और चकवड़ के बीज निकालकर निर्धन परिवार पांडू बाजार में बेचते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है। हालांकि खजुली के फलियों को तोड़ना जोखिम भरा होता है क्योंकि इनके कांटे त्वचा पर जलन और खुजली पैदा करते हैं। आज मौसमी क्रय केंद्रों की कमी के कारण उचित मूल्य नहीं मिल पाता, जिससे परिवारों की आमदनी सीमित रह जाती है। स्थानीय वन विभाग द्वारा क्रय केंद्र स्थापित करने की मांग की जा रही है ताकि इन परिवारों को अधिक लाभ मिल सके।

**आस्था**

### पांच दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ, भव्य कलश यात्रा से हुआ प्राण-प्रतिष्ठा का उद्घाटन

# देवी मां के धन्य मंदिर में भावपूर्ण श्रद्धा के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**



**पांकी।** प्रखंड के बरवैया गांव में शनिवार को पांच दिवसीय महायज्ञ सह माँ देवी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। दोपहर के समय सैकड़ों श्रद्धालुओं और ग्रामीणों ने आस्था और भक्ति के साथ इस कलश यात्रा में हिस्सा लिया। इस शुभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा के विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी, सांसद प्रतिनिधि रीमा शर्मा, तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा फीता काटकर और माथे पर कलश उठाकर हुई भव्य नगर भ्रमण यात्रा से हुई। इस पावन अवसर पर समाज के हर वर्ग ने एक साथ मिलकर मां देवी की आराधना के प्रति अपनी गहन श्रद्धा और सचेत सेवा का परिचय दिया। कलश यात्रा के संपूर्ण मार्ग में भक्तों की भावुक भीड़ ने परमात्मा की जय-जयकार के साथ पूरे माहौल को दिव्य शक्ति से भर दिया। यज्ञ समिति ने बताया कि यह महायज्ञ पांच दिन तक उत्कृष्ट ब्राह्मण पंडितों द्वारा विधिपूर्वक संपन्न होगा, जिसमें हर संध्या को ब्रह्म ऋषि रविन्द्र पांडेय एवं प्रतिभाशाली सुश्री प्रतिभा मिश्रा के प्रवचन कार्यक्रम होंगे, जो भक्तों के मनों को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित करेंगे। इस अवसर पर जसवंत मेहता, नवल किशोर सिंह, मुनेश्वर सिंह, संतु मेहता, बीरबल यादव, अजीत कुमार सिंह, सावंत मेहता, विराज सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित थे। इस भावपूर्ण आयोजन ने पूरे क्षेत्र में विश्वास और श्रद्धा का दीपक जलाकर सभी के हृदयों को जोड़ दिया। इस अनुष्ठान से जहां आध्यात्मिक उन्नति की उम्मीद जगी, वहीं सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गर्व का भी संचार हुआ। माँ देवी के इस पावन मंदिर में यह महायज्ञ सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति लेकर आने का संदेश है, जो हर आने वाले वर्ष में यहां की लोक-धारणा और आध्यात्मिकता को और पुष्ट करेगा।

## पंडवा में थ्री-सिटेड कुर्सी निर्माण कार्य में गड़बड़ी का संदेह



**नवीन मेल संवाददाता**

**पंडवा (पलामू)।** पंडवा प्रखंड के लोहड़ा, गाड़िखास और छेछौरी पंचायतों में थ्री-सिटेड कुर्सी निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता की आशंका है। संबंधित पंचायतों में लेबर शेष, मापी पुस्तिका और उपयोगिता पुस्तिका जैसे महत्वपूर्ण कागजात के बिना ही कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पंचायत सचिवों ने बताया कि सभी जगह इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई गई, जिससे पूरे प्रखंड में निर्माण कार्य की पारदर्शिता पर प्रश्न खड़े हो गए हैं। इस मामले में जांच के बाद कई प्रशासनिक अनियमितताओं के सामने आने की संभावना है।

# अनुशासन का जज्बा आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है : आईजी

## गढ़वा ने पलामू क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता 2025 का खिताब जीता, पलामू उप विजेता बना

- पलामू के राणा सत्य विक्रम नारायण सिंह ने कार्बाइन स्पर्धा में दिखाया दम
- आईजी एस. के. सिन्हा ने दी उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में संपन्न हुई पलामू क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता 2025 में गढ़वा जिला ने 1004 अंकों के साथ ओवरऑल विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि मेज़बान पलामू 919 अंकों के साथ उपविजेता रहा। इस प्रतियोगिता में तीन जिलों के खिलाड़ी शामिल हुए और विभिन्न वर्गों में कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। समापन समारोह में आईजी एस. के. सिन्हा ने मेडल और प्रमाणपत्र वितरित करते हुए खिलाड़ियों की खेल भावना, अनुशासन और प्रदर्शन की खुलकर प्रशंसा की। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में गढ़वा, पलामू और लातेहार के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और खेल के प्रति नए उत्साह का संचार हुआ।

प्रतियोगिता में पलामू के राणा सत्य विक्रम नारायण सिंह का नाम प्रमुख रहा, जिन्होंने कार्बाइन 40 गज (स्टैंडिंग) स्पर्धा में 34 अंकों के साथ विजेता बनकर जिले का नाम रोशन किया। राणा सत्य विक्रम नारायण सिंह ने अपने उत्कृष्ट निशानेबाजी कौशल से सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने न केवल अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया बल्कि पलामू जिले के लिए प्रतिष्ठा बढ़ाई। उनके आत्मविश्वास और कौशल को लेकर आयोजक एवं दर्शक एक स्वर में प्रशंसित हुए। प्रतियोगिता में उनकी यह जीत जिले के लिए प्रेरणादाई रहा।

### उत्साह व समर्पण हर क्षेत्र में प्रगति की कुंजी है : आईजी एसके सिन्हा

समापन समारोह में आईजी एस. के. सिन्हा ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता ने हमें दिखाया कि जब हम एकजुट होकर समर्पण के साथ प्रयास करते हैं, तो सीमा रेखाएं धुंधली हो जाती हैं और असंभव को संभव बनाया जा सकता है। हमारे युवा खिलाड़ियों ने ना केवल अपने कौशल का परिचय दिया, बल्कि अनुशासन और खेल भावना से सभी को प्रभावित किया। यह उत्साह और समर्पण हर क्षेत्र में प्रगति की कुंजी है। मैं सभी प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आईजी सिन्हा ने यह भी कहा कि खेल के प्रति यह समर्पण क्षेत्र के युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा और खेल संस्कृति को मजबूत करेगा।





### अन्य प्रमुख विजेता और पुरस्कार

- कार्बाइन 25 गज (बैटल क्लॉज) में गढ़वा के धीरेन्द्र कुमार पासवान ने 67 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- कार्बाइन 50 गज (निलिंग पोजिशन) व कार्बाइन 50 गज (लाईंग पोजिशन) में पलामू के विक्रांत दुबे ने क्रमश: 24 व 47 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।
- इंसास 100 गज (स्टैंडिंग पोजिशन) में मनोज कुमार यादव (गढ़वा) विजेता रहे।
- इंसास 200 गज (निलिंग पोजिशन) में धीरेन्द्र कुमार पासवान (गढ़वा) 85 अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहे।
- इंसास 300 गज (लाईंग पोजिशन) में लबोदी मराण्डी (पलामू), जबकि इंसास 300 गज (थ्री पोजिशन) में मदन कुमार सिंह (पलामू) ने शीर्ष प्रदर्शन किया।
- पिस्टल/रिवॉल्वर श्रेणी में 15 गज स्कूटिव पोजिशन में रणवीर प्रसाद (गढ़वा) और 25 गज बोथ हैंड श्रेणी में हरिनारायण विश्वकर्मा (लातेहार) विजेता बने।
- बेस्ट ऑफ शॉट (कार्बाइन) का खिताब धीरेन्द्र कुमार पासवान (गढ़वा) को मिला।
- बेस्ट ऑफ शॉट (पिस्टल/रिवॉल्वर) का सम्मान रणवीर प्रसाद (गढ़वा) के नाम रहा।

### प्रतियोगिता ने बढ़ाई खेल प्रतिभाओं का उत्साह

इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता ने न केवल खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान किया, बल्कि खेलों के प्रति युवा वर्ग में उत्साह जगाया। बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने खिलाड़ियों में आत्मविश्वास और अनुशासन को नया आयाम दिया। आयोजकों ने इसे क्षेत्रीय खेल विकास के लिए एक सफल पहल बताया। पलामू क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता 2025 ने क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई दिशा दी तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दिशा में एक मजबूत स्टेप प्रदान की है। इस प्रतियोगिता में गढ़वा का दबदबा देखने को मिला, लेकिन पलामू के राणा सत्य विक्रम नारायण सिंह ने सभी का दिल जीत लिया। आईजी एस. के. सिन्हा के सकारात्मक और प्रेरक भाषण ने खिलाड़ियों को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

## तालाब जीर्णोद्धार में ग्रामीणों का विरोध मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में दोबारा काम शुरू



- नगर निगम वार्ड 17 में आवागमन बाधित होने पर ग्रामीण नाराज, प्रशासन ने दिया समाधान का भरोसा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम वार्ड नंबर 17 के समदा आहर तालाब के जीर्णोद्धार कार्य के दौरान शनिवार को स्थानीय ग्रामीणों ने काम बाधित कर दिया। उनका कहना था कि तालाब के किनारे से गुजरने वाला का रास्ता निर्माण कार्य के कारण बंद हो जाएगा, जिससे आवागमन में मुश्किल होगी।स्थिति के बिगड़ने की आशंका को देखते हुए नगर निगम ने मौके पर मजिस्ट्रेट तैनात किए। मजिस्ट्रेट और निगम अधिकारियों के समझाने पर कार्य फिर से शुरू हुआ। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि तालाब का जीर्णोद्धार करने के साथ-साथ आवागमन की समस्या का भी समाधान किया जाएगा।

## राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बसा ब्रह्मोरिया गांव सड़क सुविधा से वंचित

- बरसात में कीचड़ और जलजमाव से गांव पहुंचना मुश्किल, आर्थिक और सामाजिक जीवन प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नवाबाजार प्रखंड का ब्रह्मोरिया गांव राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे होने के बावजूद आज तक सड़क सुविधा से वंचित है। न तो पक्की सड़क बनी है और न ही कोई वैकल्पिक मार्ग विकसित हुआ है।ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में कीचड़ और जलजमाव के कारण गांव तक पहुंचना अत्यंत कठिन हो जाता है। इससे बीमारों को अस्पताल ले जाना, बच्चों का स्कूल जाना और किसानों की उपज मंडी तक पहुंचाना प्रभावित होता है। कई बार सड़क निर्माण की मांग करने के बावजूद केवल आश्वासन ही मिला है। ग्रामीण मानते हैं कि विकास योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं, ज़मीनी हकीकत बहुत अलग है।

# हृदय रोग जागरूकता संगोष्ठी में चिकित्सकों ने दी उपयोगी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला प्रशासन पलामू एवं लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय टाउन हॉल परिसर में हृदय रोग जागरूकता सेमिनार एवं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इसमें जिले के सैकड़ों अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिकों ने भाग लेकर व्यावहारिक प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

हृदय रोग जागरूकता सेमिनार एवं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जीवन रक्षक उपायों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने हृदय रोग से बचाव, शुरुआती लक्षणों की पहचान तथा संतुलित जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सही खानपान, नियमित व्यायाम और समय पर जांच जीवन रक्षा की कुंजी हैं। डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने सीपीआर तकनीक का व्यवहारिक प्रदर्शन किया और हृदयाघात जैसी आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार हेतु विशेष किट का विमोचन किया। उन्होंने सभी सरकारी दफ्तरों में इसे आवश्यक रखने की सलाह दी। डॉ. अभय कुमार ने बच्चों में हृदय रोग की रोकथाम और सीपीआर की विशेष विधियों पर जानकारी दी, जिसे प्रतिभागियों ने अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मच के प्राचार्य डॉ. पी.एन. महतो तथा विशिष्ट अतिथियों एन.डी.सी. नीरज कुमार, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, डीएससी पलामू अनूप कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान एवं लायंस क्लब पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक दीप प्रज्वलन से हुआ। मासूम आर्ट के सैकत कत चटर्जी और टीम ने नाटक हृदयाघात से सावधान प्रस्तुत कर स्वास्थ्य जागरूकता का प्रभावी संदेश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने इसे विद्यार्थियों के लिए भी लाभकारी बताते हुए विद्यालयों में विस्तार देने की घोषणा की। डीएशई पलामू ने इस पहल की सराहना करते हुए आगे भी सहयोग जारी रखने की बात कही। लायंस क्लब अध्यक्ष गुरबीर सिंह ने जिला प्रशासन का आभार जताया। मंच संचालन निलेश चंद्र और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. श्वेता शेखर ने किया। इस अवसर पर लिली मिश्रा, डॉ. रवीश कुमार, प्रियंका आनंद साहू, वरुण जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, राघवेंद्र सिंह, फिरोज अंसारी, अनूप कुमार, मनोज सोनी, प्रमुख प्रियदर्शी, ऋषिकेश दुबे, श्रीकांत कुमार, आनंद वर्धन, डॉ. अमित कुमार एवं रंजीत मिश्रा समेत कई लायंस सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## गोरे बलहिया में अवैध क्रशर को पुलिस ने सील किया, संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

- मजदूर की मशीन में फंसी साड़ी से दर्दनाक मौत, ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई की मांग की
- मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की गई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोरे बलहिया गांव में शुक्रवार को एक 60 वर्षीय महिला मजदूर झलिया देवी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब महिला की साड़ी क्रशर मशीन में फंस गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में परिजन उन्हें मेदिनीनगर एमएमसीएच अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना ने पूरे इलाके में गहरा शोक और आक्रोश फैला दिया है।

झलिया देवी की मौत के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से संचालित क्रशर को सील कर दिया। साथ ही, मशीन से गिट्टी, बोल्डर और डस्ट भी जब्त किए गए। इस मामले में माइनिंग इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें क्रशर संचालन में नियमों की अवहेलना का आरोप लगाया गया है।

रामगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश सहने ने बताया कि इस मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। एक शिकायत माइनिंग इंस्पेक्टर हरेंद्र कुमार ने दी है और दूसरी महिला मजदूर के पति गोरखनाथ द्वारा दर्ज कराई गई है। दोनों शिकायतों में अवैध तरीके से संचालित क्रशर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने बताया कि जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

वहीं, ग्रामीणों ने इस हादसे को लेकर प्रशासन और पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन एवं क्रशर संचालन के कारण यहां के लोग लगातार खतरे में हैं और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियमों का पालन आवश्यक है।

## पलामू पुलिस ने अवैध नशीली फसलों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया

- किसानों को वैकल्पिक खेती के लिए प्रेरित कर अवैध खेती से दूर रखने का प्रयास

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर जिले के दो थाना क्षेत्रों में अफीम और गांजा की अवैध खेती रोकने के लिए जागरूकता चलाया गया। पिपराटांड़ थाना के ग्राम गिरी में बीडीओ, कृषि पदाधिकारी और मुखिया की उपस्थिति में किसानों को खेती के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम हेडूम, गड़ीहारा और जशपुर में महिला-पुरुष, युवा और ग्राम प्रतिनिधि शामिल हुए। अवैध खेती के खतरों और कानूनी कार्रवाई के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अफीम और गांजा की खेती नहीं करने की शपथ ली। यह अभियान किसानों को वैकल्पिक फसलों जैसे चावल, गेहूं, सरसों, ज्वार, मूंगफली आदि की ओर प्रोत्साहित करता है।

### पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय में अभिनंदन समारोह

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत, संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विमला कुमारी का भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिला के कई प्रखंडों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मिले और फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी ने कहा कि विमला कुमारी लंबे समय से निःस्वार्थ भाव से कांग्रेस के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दलितों और पिछड़ों का झुकाव कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है, जो सकारात्मक संकेत है। विमला कुमारी ने कहा कि संगठन के वरिष्ठ सहयोगियों का सहयोग मिला है और वे कांग्रेस को मजबूत बनाने का पूरा प्रयास करेंगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## मेरे युवा भारत कार्यक्रम के तहत सतबरवा में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न




- 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और जिला स्तर की प्रतियोगिता के अवसर दिए गए

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सतबरवा प्रखंड के सर्वोदय उच्च विद्यालय के मैदान में 10 व 11 अक्टूबर को किया गया। इसमें फुटबॉल, कबड्डी, रस्सी कूद, 200 और 400 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप जैसे विभिन्न खेल आयोजित किए गए। 200 से अधिक युवाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि बिहारी प्रसाद गुप्ता, मुखिया रिंकी देवी, समाजसेवी अवधेश सिंह चेरो व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। जिला परिषद सदस्य ने युवाओं को खेल के माध्यम से मानसिक और शारीरिक विकास की बात कही। मुखिया रिंकी देवी ने कहा कि खेल स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है। अवधेश सिंह चेरो ने युवाओं को खेल के क्षेत्र में करियर बनाने की प्रेरणा दी।

प्रतियोगिता में विजेता रहे फुटबॉल में सर्वोदय विद्यालय टीम, कबड्डी में सविता टीम, रस्सी कूद में आरती कुमारी, लॉन्ग जंप में रुद्र कुमार तथा दौड़ में राजमुनी कुमारी। सभी विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया गया।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, नशे से बचाव और विशेषज्ञ सलाह की अपील

# मानसिक स्वास्थ्य है जरूरी, जीवन बनेगा मजबूत मनोचिकित्सकों ने साझा की मानसिक बीमारियों की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर गुरुवार को एमएमसीएच अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष के 2025 के कार्यक्रम का थीम सेवाओं तक पहुंच आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य रखा गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय कुमार, डॉ. आशीष कुमार एवं डॉ. सुनील कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने लोगों को नशे की लत से बचने की सख्त सलाह दी और कहा कि यदि कोई व्यक्ति एडिक्ट हो जाए तो उसे तुरंत विशेषज्ञ की मदद लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का शिकार लोग अक्सर राहत के लिए नशे की तरफ रुख करते हैं, जो गलत है। उन्होंने नशे से बचने और समय पर उपचार कराने की अपील की।

डॉ. विजय सिंह ने कहा कि बढ़ती आधुनिक जीवनशैली, अत्यधिक तनाव और प्रतिस्पर्धा के चलते मानसिक रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंकड़ों के अनुसार लगभग हर चार में से एक व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य की किसी न किसी समस्या से प्रभावित होता है, लेकिन सामाजिक कलंक और शर्म के कारण वह मेडिकल सहायता नहीं ले पाता। मनोचिकित्सक डॉ. आशीष कुमार ने कोविड महामारी के बाद मानसिक बीमारियों की बढ़ोतरी की बात करते हुए कहा कि मानसिक रोग धड़कता दिल या डायबिटीज़ की तरह एक सामान्य बीमारी है, जिससे डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि यदि समय पर इलाज और परामर्श किया जाए तो मानसिक बीमारियां पूरी तरह ठीक हो सकती हैं। पहले लोग मानसिक बीमारी को लेकर छिपते थे, लेकिन अब वे खुलकर उपचार के लिए आते हैं।

डॉ. आशीष ने बताया कि जिला के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता रैलियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें स्कूल-कॉलेज के छात्रों ने ₹मानसिक स्वास्थ्य है जरूरी, जीवन बनेगा मजबूत₹ जैसे स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ रैली निकाली। इसका उद्देश्य लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उपचार के लिए प्रोत्साहित करना था। इस आयोजन से क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समझ और सहानुभूति को बल मिला है, जिससे आने वाले समय में मानसिक रोगियों को बेहतर सहायता उपलब्ध होगी।

### उपायुक्त ने किया मेराल प्रखंड का औचक निरीक्षण, योजनाओं व विद्यालयों की व्यवस्थाओं का लिया विस्तृत जायजा

# 15वें वित्त आयोग की योजना में अनियमितता पर नाराजगी, प्रखंड समन्वयक व कनीय अभियंता से मांगा स्पष्टीकरण

**नवीन मेल संवाददाता**


आंगनबाड़ी केंद्र पढ़वा के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते डीसी।


मनरेगा की मेड़बंदी योजना का स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच करते डीसी।

**गढ़वा/मेराल।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश यादव ने शनिवार को मेराल प्रखंड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, पढ़वा पंचायत भवन, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों का विस्तृत रूप से जायजा लिया। पढ़वा पंचायत भवन में ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं और योजनाओं की स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान 15वें वित्त आयोग की योजनाओं के कार्य में गंभीर अनियमितताएं मिलीं। उपायुक्त ने पाया कि कार्य की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है और प्रखंड समन्वयक व कनिष्ठ अभियंता सही सूचना नहीं दे सके। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। स्पष्टीकरण के आधार पर कार्रवाई भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया। आंगनबाड़ी केंद्र पढ़वा के निरीक्षण में बच्चों की उपस्थिति मात्र पांच पाई गई, जिससे केंद्र के संचालन पर सवाल खड़े हुए। सेविका शर्मीला देवी और सहायिका विमली देवी संतोषजनक उत्तर न दे पाने पर उपायुक्त ने उनसे स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के पोषण और शिक्षा के मूलाधार बताया और अनदेखी को स्वीकार नहीं किया। विद्यालय निरीक्षण में सहबरिया के उत्क्रमित मध्य विद्यालय की व्यवस्था संतोषजनक मिली, जहां छात्रों की उपस्थिति और मध्याह्न भोजन भी उचित था। जबकि पढ़वा के विद्यालय में शिक्षक उपस्थित जरूर थे, लेकिन स्थानीय शिक्षकों की उपस्थिति संदिग्ध पाई गई, जिससे संबंधित अधिकारियों को सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। मनरेगा योजना के तहत मेड़बंदी कार्य का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। उपायुक्त ने पैदल चलकर खेतों तक पहुंच कर कार्य की गुणवत्ता का बारीकी से मूल्यांकन किया और मजदूरों से बातचीत कर भुगतान तथा निगरानी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मनरेगा में पारदर्शिता और गुणवत्ता जरूरी है, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## चिनिया के जंगल में युवक का शव फांसी पर झूलता मिला, हत्या या आत्महत्या की गुत्थी बनी



**चिनिया ।** थाना क्षेत्र के चिरका गांव के जंगल के महुआ के पेड़ पर शनिवार सुबह संतोष भुइयां (30) का शव भगवा गमछी से फांसी के फंदे पर लटकता मिला। यह देखने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भयंकर सनसनी व्याप्त हो गई। मृतक संतोष भुइयां, पिता सरिखा भुइयां निवासी चिरका गांव थे, जो मंगलवार की रात से लापता थे। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और कई बार वे परेशान दिखे। सुबह करीब आठ बजे कुछ ग्रामीण पशुओं के लिए जंगल में पत्तियां तोड़ने गए थे, तब उनकी नजर उस शव पर पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और सैकड़ों ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। शव से तेज बदबू आ रही थी, जिससे माना जा रहा है कि मौत को कम से कम चार-पांच दिन बीत चुके हैं। शव की पहचान प्रायः कपड़े और पहनी अंगूठी के आधार पर मृतक की भाभी ने की। ग्रामीण शव के दोनों पैरों पर खून के निशान पाए जाने और दोनों पैर जमीन से सटे होने से आश्चर्यचकित हैं, जिसके कारण हत्या या आत्महत्या के बीच संशय बना हुआ है। लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि संतोष भुइयां काफी अच्छा एवं शांत स्वभाव का लड़का था, जो हाल के महीनों में मानसिक रूप से असंतुलित था। चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि पुलिस मामले की गंभीरता को समझते हुए हर कोण से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सटीक कारण बताया जा सकेगा। पुलिस मामले की गहरी जांच कर रही है ताकि दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जा सके। यह घटना इलाके में एक रहस्यमय और संवेदनशील विषय बन गई है, जिसके कारण सभी लोग सतर्क और फिक्रमंद हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस भी शांति बनाए रखने तथा निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए तत्पर हैं।

## डंडई की रुकसार खातून बनी जिला स्तरीय प्रतिभा परीक्षा की टॉपर्स



**डंडई।** गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों के चार हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में। यहां डंडई प्रखंड के तसरार स्थित आजाद हिंद एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के कॉन्टिनेंटल पब्लिक स्कूल की छात्रा रुकसार खातून ने शीर्ष स्थान हासिल किया। रुकसार को जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में सचिव मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, कोषाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, शांति निवास उच्च विद्यालय की प्रिंसिपल रौशना समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। विद्यालय निदेशक वसीम अंसारी ने बताया कि ग्रामीण बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस इसे निखारने का मंच चाहिए। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों को इस सफलता का श्रेय दिया और कहा कि विद्यालय परिवार उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## भवनाथपुर में जमीन विवाद से भड़की मारपीट, तीन गंभीर घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के सिंदुरिया पुनर्वास में शुक्रवार देर शाम भूमि विवाद के चलते दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई जिसमें एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में 96 वर्षीय द्वारिका साह, उनके पुत्र कामेश्वर साह और पत्नी सुलखन देवी शामिल हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर रूप से घायल कामेश्वर साह को गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित सुलखन देवी ने बताया कि उनका परिवार विवादित जमीन पर खेती का काम कर रहा था। विवादित जमीन की सफाई के दौरान जब कचरा जलाने पर रोक लगाई गई तो आरोपी सालधनी साह, बालधनी साह समेत परिवार के अन्य सदस्य लाठी, टांगी और कुदाल से घायल करने लगे। सूचना मिलते ही थाना के एएसआई नारायण प्रसाद मौके पर पहुंचे और पीड़ितों से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू की।

# आईजी ने किया एसपी कार्यालय का निरीक्षण अपराध नियंत्रण को लेकर दिए सख्त निर्देश

## दुर्गा पूजा की शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर पुलिस बल की सराहना

- लंबित मामलों के त्वरित निपटारे व त्योहारों में विशेष चौकसी के आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** आज पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पलामू प्रक्षेत्र, श्री शैलेन्द्र कुमार सिन्हा (भा.पु.से.) ने समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय गढ़वा का औचक निरीक्षण किया। उनके आगमन पर पुलिस अधीक्षक गढ़वा ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद परिचारी प्रवर पुलिस केंद्र गढ़वा के सशस्त्र बलों द्वारा उन्हें सलामी दी गई और औपचारिक सम्मान प्रदान किया गया। आईजी सिन्हा ने पुलिस अधीक्षक सभागार में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों और शाखा प्रभारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने जिले में विगत दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पूरी पुलिस टीम की सराहना की। इस दौरान आईजी ने लंबित कांडों की समीक्षा कर तय समय सीमा में निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एसडीपीओ स्तर पर पर्यवेक्षण हेतु लंबित कांडों को शीघ्र निपटाया जाए और कोर्ट कंप्लेन के आधार पर लंबित मामलों को दर्ज कर कार्रवाई की जाए। आईजी ने पॉक्सो एक्ट, जमीनी विवाद, तथा बैंकों में संभावित चोरी-डकैती की घटनाओं की रोकथाम के लिए गश्ती दलों द्वारा लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने नक्सल कांडों पर भी गंभीरता से कार्य करने, IIF-5 डाटा का समय पर इंट्री करने तथा कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत करने में देरी न करने की बात कही। उन्होंने आगामी छठ और दीपावली को लेकर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ संयुक्त बैठक करने का भी निर्देश दिया, ताकि त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की अवांछित घटना न हो। आईजी सिन्हा ने स्पष्ट किया कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि जनता में सुरक्षा का भरोसा पैदा करना भी है।

## बरवाड़ीह उच्च विद्यालय में पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी ने फिर से संभाला प्रभार



**कांडी।** बलियारी पंचायत के उच्च विद्यालय बरवाड़ीह में शनिवार को पूर्व प्रधानाध्यापक सक्षम पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी ने पुनः प्रभार ग्रहण किया। उन्हें पंचायत के मुखिया पुरुषोत्तम कुमार समेत अन्य स्थानीय गणमान्यों ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। पुरुषोत्तम कुमार द्विवेदी कुछ दिन पहले मध्य विद्यालय सेमौरा से कन्या मध्य विद्यालय कंडी में स्थानांतरित किए गए थे, लेकिन अब शिक्षा विभाग के आदेश पर पुनः उच्च विद्यालय बरवाड़ीह में लौटाए गए। प्रभार ग्रहण समारोह के दौरान कई शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि और अभिभावक मौजूद थे।

## केतार में गरीबों के राशन का बड़ा घोटाला, भाजपा ने सीबीआई जांच की मांग की

**केतार।** प्रखंड में गरीबों के लिए भेजे गए तीन करोड़ रुपए और नौ हजार क्विंटल राशन के गबन का गंभीर मामला सामने आया है। भाजपा नेता हेमंत पाठक ने मंडल कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को भेजा गया राशन भ्रष्ट अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से चोरी हो रहा है। उन्होंने कहा कि जांच नाम मात्र की हुई और सिर्फ एक कर्मचारी को निलंबित किया गया, जबकि बड़ी गुत्थी बड़ी अधिकारियों से जुड़ी हुई है।

## मेराल में होंडा शोरूम में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल।** नेनुआ मोड़ स्थित होंडा शोरूम में गुरुवार रात चोरी की घटना के आरोपी आदित्य गुप्ता को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि आदित्य गुप्ता को त्वरित कार्रवाई करते हुए पकड़ लिया गया। शोरूम के प्रोपर्टी मालिक ने 10,000 नकद और एक लैपटॉप चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। चोरी का लैपटॉप पुलिस ने बरामद कर लिया है।

### केतार में राशन घोटाले के प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक पर प्राथमिकी

# उपायुक्त के निर्देश पर 9 हजार क्विंटल अनाज के गबन मामले में केस दर्ज, आरोपी निलंबित

**नवीन मेल संवाददाता**




**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव के निर्देश पर शनिवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने केतार थाना में जेएसएफसी गोदाम के प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक राजीव कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप है कि उन्होंने अंत्योदय अन्न योजना व पात्र पीएचएच कार्डधारियों के लिए भेजे गए 9 हजार क्विंटल अनाज की कीमत करीब तीन करोड़ रुपए का गबन किया। उपायुक्त ने आरोपी राजीव कुमार को निलंबित कर दिया है और मामले की छानबीन जारी है।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों का चयन

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के पात्र लाभुकों के चयन के लिए प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता रही। बीडीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि विभिन्न पंचायतों में लगाये गए कैंप में बकरा, सूकर, लेयर कुक्कुट, बतख, ब्रायलर और गाय के लिए आवेदन प्राप्त हुए। बैठक में कुल 16 बकरा, 5 सूकर, 8 लेयर कुक्कुट, 36 बतख चुजा, 5 ब्रायलर, 11 दो गायें और 2 पांच गायों के लिए लाभुक चुने गए। साथ ही वर्मी कंपोस्ट और डीप बोर योजना के लाभुक भी चयनित किए गए। बैठक में जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, प्रखंड पशु पालन अधिकारी सतेन्द्र नारायण सिंह, कामेश्वर सिंह तथा अन्य उपस्थित थे।

## मेराल में ट्रक से टक्कर के बाद शुभम उपाध्याय की हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल।** थाना क्षेत्र के अकलवानी बस स्टॉप के पास एक ट्रक से मोटरसाइकिल की टक्कर में शुभम उपाध्याय गंभीर रूप से घायल हो गए। शुभम गढ़वा प्रखंड के करूवा कला गांव के निवासी हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें सदर अस्पताल गढ़वा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रैफर कर दिया गया। घायल की हालत नाजुक बनी हुई है।

## रंका में भयंकर जाम, भारी मालवाहक टेलर फंसने से आठ घंटे तक यातायात बाधित

**रंका।** राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के खुथवा मोड़ पर भारी मालवाहक टेलर के फंसने से आठ घंटे लंबा जाम लग गया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सुबह दो बजे फंसे टेलर को निकालने के प्रयास जारी थे। पुलिस और कटरा पंचायत के समाजसेवी नसीम अंसारी की संयुक्त प्रयासों से टेलर को आखिरकार सुबह नौ बजे हाइड्रा की मदद से निकाला गया, जिससे यातायात बहाल हुआ।


## शपथ पत्र



मैं मुनी देवी, पति अखिलेश चौधरी, ग्राम-गेरूआ, पो०-देवगाना, थाना -मेराल, जिला-गढ़वा, (झारखण्ड) का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मेरा आधार कार्ड संख्या 8696 7182 0036 है जिसमें मेरा नाम मुनी देवी और अंग्रेजी नाम के स्थान पर सिर्फ C दर्ज हो गया है, जो गलत है। मैं अपना उक्त आधार कार्ड में अपना सही नाम मुनी देवी Muni Devi सुधार कराना चाहती हूं इसलिए इस शपथ पत्र का निष्पादन कर रही हूं।

**शपथ पत्र संख्या : 2179, दिनांक : 08/09/2025**

**झारखण्ड सरकार**

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, लोहरदगा**

**भर्ती कैम्प संबंधी सूचना**

दिनांक 15.10.2025 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:-

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | Goyam Auto Pvt. Ltd., Aurangabad, Maharashtra. | Apprenticeship | 200 | 10th, 12th, Diploma, Graduation, B.E | 18 to 31 | Stipend 15,000/= Job Location – Aurangabad. |
| 2 | L.I.C of India, Lohardaga. | Bima Sakhi | 50 | 10th, Graduation | 18 & Above | Stipend 7,000/= Job Location – Lohardaga. |
| 3 | Bajaj Alliance Life Insurance, Lohardaga. | A.S.M | 07 | Graduation | 21 and Above | Salary 27,000/= Job Location – Lohardaga. Experience : - 0-02 yr. |
| | | S.S.M | 02 | Graduation | 21 and Above | Salary 30,000/= Job Location – Lohardaga. Experience : - 0-02 yr. |
| | | E.S.M | 01 | Graduation | 21 and Above | Salary 31,000/= Job Location – Lohardaga. Experience : - 01-03 yr. |
| | | Insurance Advisor | 13 | 10th Pass | 21 and Above | Salary 20,000/= Job Location – Lohardaga. |
| 4 | Prejha Foundation Nagra Toli, Ranchi | Mobile Assembly (Female Only) | 50 | 10th/12th Pass | 18-27 Age | Salary18000/= Job Location- Karnataka. |
| | | Electronic | 50 | 10th/12th Pass | 18-27 Age | Salary 21000/= Job Location- Karnataka/Tamil Nadu. |
| | | Tiles Mistri International | 50 | 5th/12th Pass | 18-30 Age | Salary 40000/= Job Location- Dubai. |
| | | Plumber | 50 | 5th/12th Pass | 18-30 Age | Salary 24000/= Job Location- Karnataka. |
| | TOTAL:- | | 473 | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी, फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer,
Lohardaga.

PR 363889 Lohardaga(25-26)#D


### गढ़वा में निजी क्षेत्रीय रोजगार के लिए एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन

# 16 अक्टूबर को जिला नियोजनालय गढ़वा में स्थानीय युवाओं के लिए सुनहरा रोजगार अवसर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला के बेरोजगार युवाओं और युवतियों के लिए जिला नियोजनालय एक महत्वपूर्ण भर्ती कैम्प का आयोजन कर रहा है। यह एक दिवसीय कैम्प 16 अक्टूबर 2025 (गुरुवार) को जिला नियोजनालय, गढ़वा के कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस भर्ती कार्यक्रम में गढ़वा जिले के निजी क्षेत्र के तीन प्रमुख नियोजक भाग ले रहे हैं, जो स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोजगार प्रदान करेंगे। इनमें वनांचल एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट (बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी), आई सेक्ट मेगा कौशल केन्द्र, मेराल, और स्पंदना स्फ्रूटी फाइनेंस, गढ़वा शामिल हैं। जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज कुमार गिरी ने बताया कि इस कैम्प का उद्देश्य स्थानीय बेरोजगार युवाओं को निकटतम स्वयं के जिले में स्वरोजगार या नियोजित रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी योग्य युवाओं से विशेष आग्रह किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाने के लिए 16 अक्टूबर को जिला नियोजनालय के कार्यालय में समय पर पहुंचें। यह भर्ती कैम्प गढ़वा के युवाओं के लिए रोजगार के नए मार्ग खोलने का अवसर साबित होगा, जिससे वे अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकेंगे। रोजगार की इस पहल से न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कर्मचारियों ने उम्मीदवारों को आवश्यक कागजात लेकर समय से कैम्प पहुंचने की सलाह दी है ताकि चयन प्रक्रिया में कोई बाधा न आए। जिला प्रशासन और निजी संस्थान मिलकर गढ़वा के युवाओं को बेहतर भविष्य देने की दिशा में इस पहल को सफल बनाने का संकल्प लिए हैं।

## न्यूज बॉक्स

### बस में नशीला पेड़ा खिलाकर युवक से चोरी



**बारियातू।** शिबला पंचायत के ग्राम मकरा के लवकुश यादव के साथ नशीला पेड़ा खिलाकर चोरी करने की घटना सामने आई है। रांची से चतरा जाने वाली बस में एक चोर ने उन्हें नशीला पेड़ा और केला दिया, जिससे वे बेहोश हो गए। इसके बाद उसका मोबाइल, पर्स और ब्लूटूथ चोरी हो गया। लवकुश यादव ने बताया कि बारियातू में कंडक्टर और यात्रियों की मदद से उन्हें बस से उतारा गया। गांव के रवि यादव ने उन्हें देखा और परिवार को सूचना दी। उनकी हालत खराब होने पर बालूमाथ अस्पताल में इलाज हुआ।

### ग़ालिब कॉलोनी में बिजली जंक्शन बॉक्स में आग, बड़ा हादसा टला



**बालूमाथ।** ग़ालिब कॉलोनी में बिजली के जंक्शन बॉक्स में अचानक लगी आग से अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय कई बच्चे कॉलोनी में खेल रहे थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने जलती आग पर काबू पाया, लेकिन जंक्शन बॉक्स पूरी तरह जल गया। स्थानीय लोगों ने बिजली व्यवस्था की गुणवत्ता पर कई बार सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि ठेकेदार ने घटिया और मानक विहीन सामग्री का इस्तेमाल किया है, जिसके कारण यह घटनाएं बार-बार हो रही हैं। उन्होंने विभाग से जांच और जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

### प्रेस क्लब लातेहार ने हेरहंज में सदस्यता अभियान चलाया

**हेरहंज।** लातेहार प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष विकास तिवारी के निर्देशन में हेरहंज प्रखंड में सदस्यता अभियान संपन्न हुआ। प्रेस क्लब के पदाधिकारी राजीव मिश्रा, आशीष वैध, रूपेश कुमार की मौजूदगी में आठ पत्रकारों ने सदस्यता ग्रहण की। इनमें सोनू कुमार, विनय कुमार, कैलाश ठाकुर, प्रदीप यादव, नितेश जायसवाल, जितेन्द्र यादव, कौलेश्वर गंझु और मनीष प्रसाद शामिल हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सभी पत्रकारों को एकजुट करना और प्रेस क्लब को मजबूत बनाना है। यह मंच पत्रकारों को संवाद और सहयोग के लिए एक ठोस आधार देगा ताकि जिले में पत्रकारिता के विकास को बेहतर दिशा मिले।

### कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान शुरू




**लातेहार।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कामेश्वर यादव की अध्यक्षता में सदर प्रखंड ब्लॉक परिसर में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत हुई। स्थानीय ग्रामीणों, युवा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। अभियान के सह प्रभारी बेला प्रसाद ने कहा कि यह अभियान जनता की आवाज है, जो केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ है। विधायक रामचंद्र सिंह ने लोकतंत्र की रक्षा का संदेश देते हुए कहा कि यह आंदोलन सड़क से संसद तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में संगठन सृजन के जिला प्रभारी अजयनाथ शाहदेव, पूर्व महासचिव शशिभूषण राय, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष गुंजर उरांव समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एयरोसॉफ्ट हेल्थकेयर बारियातू में विशेष प्लेसमेंट ड्राइव, 14 युवाओं को मौके पर रोजगार



**बारियातू।** एयरोसॉफ्ट हेल्थकेयर एवं आई दक्ष प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बारियातू में सफल प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन की देखरेख में हुए इस कार्यक्रम में 105 अभ्यर्थी शामिल हुए। केपीआर इंडस्ट्री ने 11 युवाओं को तथा बारबेक्यू नेशन ने 3 युवाओं को मौके पर नौकरी के ऑफर लेटर दिए। स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए टूलकिट भी बांटी गईं, जिसमें अंजलि कुमारी को ओवन मल्टी स्किल टेक्निशियन और मीना कुमारी को सिलाई मशीन किट दी गई। मुख्य अतिथि प्रवीण तिर्की और केंद्र प्रबंधक सूरज कुमार ने रोजगार एवं कौशल विकास के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला।

# राहुल दुबे गैंग के दो गुर्गे हथियार व बम के साथ गिरफ्तार, कई गंभीर मामलों में थे वांछित

- एसपी को मिली गुप्त सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व में परसाही के डगडगी पुल के पास छापेमारी कर मिली सफलता

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापामारी टीम ने परसाही के डगडगी पुल के पास से अवधेश यादव (डबरा, लेस्लीगंज) और उपेंद्र यादव (बदई बथान, मनिका) को हथियार और बम के साथ दबोचा। पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, दो सूतली बम और तीन मोबाइल फोन बरामद किए।

एसडीपीओ अरविंद कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि दोनों अपराधियों का संबंध दुर्दांत गैंगस्टर राहुल दुबे से है। ये दोनों 5 अक्टूबर को चंदवा थाना क्षेत्र के टोरी कोयला साइडिंग में हुई गोलीबारी और बमबारी की घटना में शामिल थे, जिसमें एनटीपीसी के मजदूर गोपाल प्रसाद घायल हुए थे। इस संबंध में चंदवा थाना में कांड संख्या 217/25 दर्ज की गई थी।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि अवधेश यादव पर मनिका, पांकी और चंदवा थाना क्षेत्रों में कुल छह आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि उपेंद्र यादव पर नौ अलग-अलग थानों में मामले लंबित हैं, जिनमें हत्या, लूट और रंगदारी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं।

छापामारी दल में एसडीपीओ अरविंद कुमार के साथ चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार, पुअनि अजीत कुमार, राकेश कुमार महतो, श्रवण कुमार, सअनि सरोज कुमार सिंह और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने बताया कि गैंग के शेष सदस्यों की तलाश जारी है और जल्द ही अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि संगठित अपराध पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिले में कानून-व्यवस्था कायम रखने और आपराधिक तंत्र को समाप्त करने के लिए पुलिस पूर्ण प्रतिबद्ध है।

## बाल विवाह के विरुद्ध सघन अभियान के लिए वैदिक सोसाइटी ने जिला प्रशासन से मांगा सहयोग

- दीपाली से 26 जनवरी तक बाल विवाह को रोकने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए सक्रिय नागरिक समाज संगठन वैदिक सोसाइटी ने जिला प्रशासन के समक्ष एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में दिवाली से 26 जनवरी तक जिले में बाल विवाह के खिलाफ व्यापक और सघन अभियान चलाने के लिए प्रशासन से सहयोग माँगा गया है। वैदिक सोसाइटी ने कहा है कि केंद्र सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को देशभर में लगभग एक वर्ष हो चुका है और इस अभियान की सफलता के लिए जिला प्रशासन के नेतृत्व में स्थानीय स्तर पर भी इसे गति देने की आवश्यकता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि लातेहार जिले में अभी भी बाल विवाह की समस्या व्याप्त है। इसलिए दिवाली से 26 जनवरी तक इस विषय पर एक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें प्रशासन का पूरा समर्थन आवश्यक होगा। वैदिक सोसाइटी, जो देश के 450 से अधिक जिलों में 250 से अधिक संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी है, ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा कानून के कड़ाई से पालन और समाज की भागीदारी से ही बाल विवाह को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है। वैदिक सोसाइटी के निदेशक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि इस अभियान की सफलता का कारण कानून के प्रति कड़ा व्यवहार है, जिसने लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने जोर दिया कि जिले के पुरोहितों, मौलवियों, पादरियों, बैंडवालों, मैरेज हाल संचालकों और कैटरर्स जैसे सहयोगी वर्ग को भी आदेश दिए जाएं कि वे बाल विवाह में किसी भी रूप में सहायता न करें, अन्यथा कठोर कानूनी कार्रवाई होगी। इसके अतिरिक्त, ज्ञापन में पंचायतों की पहचान कर उनके बाल विवाह मुक्त होने पर उन्हें विशेष मान्यता देने तथा उन स्थानों पर संभावित बाल विवाह पर विशेष जागरूकता अभियान चलाने का सुझाव भी दिया गया है। चंद्रशेखर सिंह ने पिछले वर्ष के दौरान सरकार, प्रशासन और पुलिस के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि यह अभियान बाल विवाह की रोकथाम में मील का पत्थर साबित होगा और लातेहार जल्द ही 'बाल विवाह मुक्त क्षेत्र' बन जाएगा।

## उप विकास आयुक्त ने बालूमाथ प्रखंड का सघन दौरा कर योजनाओं की समीक्षा की



- सभी योजनाओं के लक्ष्य के अनुरुप समयबद्ध पूर्णता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** उप विकास आयुक्त सैयद रियाज अहमद ने शनिवार को बालूमाथ प्रखंड का दौरा किया। उन्होंने धाधू पंचायत में संचालित मॉडल स्कूल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके बाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई। बैठक में मनरेगा की टीसीबी, बागवानी, सिंचाई कूप, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, कृषि, सिंचाई, आपूर्ति, पेयजल, भूमि संरक्षण समेत जनकल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर चर्चा हुई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करना अनिवार्य है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का लाभ सुदूर एवं ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक पात्र नागरिक तक सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने गुणवत्ता और जवाबदेही पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, बीडीओ सोमा उरांव, रोजगार सेवक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा अन्य कई अधिकारी मौजूद थे। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि जनता की भलाई के लिए चल रही योजनाओं को पूर्ण न करना प्रशासनिक अक्षमता मानी जाएगी और इसके लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि प्रत्येक सरकारी योजना का लाभ मुख्यमंत्री एवं प्रधान मंत्री के लक्ष्य के अनुरूप जनता तक पहुंचे। इस आयोजन के दौरान सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर सेवा देने का संकल्प लिया, जिससे बालूमाथ इलाके का समग्र विकास तेजी से हो।

### बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ ने वन विभाग की उदासीनता पर जताई नाराजगी, किसानों की समस्या गंभीर



**बालूमाथ।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने नगड़ा ग्राम में जंगली हाथियों द्वारा नष्ट फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने वन विभाग की कार्यवाही में जो धीमी प्रतिक्रिया देखी, उससे गहरा निराशा जताई। उन्होंने कहा कि दो दिन बीतने के बावजूद वन विभाग ने ना तो फसल का जायजा लिया, ना ही किसानों से मिलकर नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया। स्थानीय ग्रामीण व किसान जान माल नुकसान के भय में जी रहे हैं। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा सहित कई किसान मौजूद थे।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कुस्तूरबा विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



**कुंदा (चतरा)।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कुस्तूरबा विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता हुई। बालिकाओं ने समूह बनाकर "डालसा कोर्ट" पर थीम आधारित पेंटिंग बनाई। प्रियंका कुमारी, सविता कुमारी, पम्मी कुमारी समेत अन्य बालिकाओं ने अपनी रचनात्मकता दिखाई। प्रतियोगिता में अधिकार मित्रों ने बालिकाओं को प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। पेंटिंग्स को आगे मूल्यांकन के लिए डालसा कोर्ट भेजा जाएगा।

### टोरी शिवपुर रेल लाइन के पास अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी

**बालूमाथ।** टोरी शिवपुर रेल लाइन के चितरपुर गांव के पास एक अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। ग्रामीणों ने बताया कि व्यक्ति सुबह से रेलवे पटरी के पास घूम रहा था और ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था। थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। घटना स्थल पर खून लगा हुआ था और हाथ की उंगलियां बिखरी मिलीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा। घटना से इलाके में सनसनी मची हुई है।

### बालूमाथ में वन अधिकार दावा अभिलेख जांच शिविर, तकनीकी दिक्कतों पर चिंता



**लातेहार।** अनुमंडल कार्यालय सभागार में वन अधिकार कानून के तहत व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों का कैम्प मोड में निरीक्षण जारी है। शनिवार को बालूमाथ अंचल के 101 अभिलेख जांचे गए। जांच में खुलासा हुआ कि कई अभिलेखों में वन विभाग कर्मियों ने टिप्पणियां की हैं जिसमें कई दावे 2005 के बाद के हैं। कुछ दस्तावेजों में ग्राम प्रधानों की अनुपस्थिति और ग्राम सभा बैठक पंजी में अनियमितताएं पाई गईं। राजस्व और वन विभाग कर्मी मामले के तकनीकी समाधान की मांग कर रहे हैं ताकि पुराने दावों में पेनच फंसे ना रहें। इस शिविर में विशेषज्ञों और संबंधित ग्राम अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## सरस्वती विद्या मंदिर में अग्निहोत्र कार्यक्रम से पर्यावरण संरक्षण व सांस्कृतिक जागरण का संदेश

- विद्यालय में संस्कारों और संस्कृति से जुड़ाव के लिए अग्निहोत्र का आयोजन, बच्चों और अभिभावकों ने जताई प्रसन्नता

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में शनिवार को बड़े श्रद्धापूर्ण वातावरण में अग्निहोत्र कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने अपने संबोधन में कहा कि अग्निहोत्र से बच्चों में संस्कारों का विकास होता है और वे अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से गहराई से जुड़ते हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। कक्षा उदय की छात्रा जीवा और कनक की माता गुड़िया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थीं। शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ अग्निहोत्र किया। अभिभावकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और वे अपनी संस्कृति को समझने और अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार। (Email Id- witilatehar2005@gmail.com)

आवश्यक सूचना

महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार में ON THE SPOT ONLINE REGISTRATION से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

डी0जी0टी0 के पत्रांक–DGT-MIS011/1/2025-O/o DIR (TC) [71015], दिनांक–09.010.2025 के आलोक में निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के अन्तर्गत संचालित **महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार में दिनांक 09.10.2025 से 17.10.2025 तक महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार में SPOT ROUND ONLINE ADMISSION लिया जाएगा।** उक्त तिथि में रिक्त सीटों पर **FIRST COME FIRST SERVE BASIS (पहले आयें पहले पायें)** पर व्यवसाय/सीटों का आवंटन कर ऐसे अभ्यर्थी जिनका पूर्व में निबंधन **(REGISTRATION)** नहीं हुआ है वैसे इच्छुक अभ्यर्थी जो नामांकन के लिये सभी अहर्ता रखते है उनका **On The SPOT Online Registration** करके संस्थान द्वारा व्यवसाय/सीट का आवंटन एवं नामांकन किया जाएगा। 10वीं पास/8वीं पास वाले अभ्यर्थी जिनका 10वीं/8वीं में सामान अंक प्राप्त हुऐ हैं ऐसे स्थिति में पोर्टल में पूर्व से निबंधित अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाऐगी।

संस्थान, में व्यवसायवार रिक्त सीटों कि विवरणी

| कम सं0 | व्यवसाय का नाम | आवंटित सीटों की सं0 | भरे सीटों की सं0 | रिक्त सीटों की सं0 | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | COPA | 24 | 11 | 13 | |
| 2. | ELECTRONICS MECHANIC | 24 | 06 | 18 | |
| 3. | INFORMATION TECHNOLOGY | 24 | 03 | 21 | |
| 4. | SEWING TECHNOLOGY | 20 | 06 | 14 | |

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य
नोडल महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार।

PR 363897 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)


# उपायुक्त ने चंदवा प्रखंड का किया निरीक्षण विकास कार्यों और स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की

- पंचायत सचिवालय, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों और शिक्षा संस्थानों का दौरा कर कार्य प्रगति पर संतोष, पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने आज चंदवा प्रखंड का दौरा कर विकासात्मक गतिविधियों, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पंचायत सचिवालय सासंग का निरीक्षण कर अभिलेख संधारण व जनसेवाओं पर बातचीत की।

आंगनबाड़ी केंद्र सिकन्नी और सासंग में बच्चों के पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य जांच और साफ-सफाई की समीक्षा की गई। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और पोषाहार की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। ग्राम सासंग में संजू देवी के अबुआ आवास का गृह प्रवेश कराते हुए योजना की सफलता पर संतोष जाहिर किया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर, लटदाग, चंदवा का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र लुकुईया में पोषण आहार, प्री-स्कूल शिक्षा और टीकाकरण की स्थिति भी देखी। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका को सभी निर्धारित गतिविधियों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

पर्यावरण संरक्षण के संदेश के तहत उन्होंने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए।

आईटीआई केंद्र में प्रशिक्षणरत बच्चों से संवाद किया और पी.एम. श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं संग शैक्षणिक व्यवस्था की समीक्षा की। एस.एल. आर.एम. ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय, स्वास्थ्य उपकेंद्र समेत कई भवनों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की विस्तृत जांच की।

उन्होंने कार्यपालक अभियंता को गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिये ताकि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। संबंधित अधिकारियों को सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचाने और शिक्षा स्वास्थ्य क्षेत्र में कोई कमी न होने का निर्देश भी दिया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ. राज मोहन खलखो, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार।

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 17 वर्ष 2025–26
स्व अर्जित आय निधि मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 17.10.2025 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 18.10.2025 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 18.10.2025 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड लातेहार अन्तर्गत जिला परिषद लातेहार के लिए Conference Hall का निर्माण/जीर्णोद्वार कार्य। Part-B | 11,53,800 | 23,500 | 2500 | 01 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 363876 (Rural Development) 25-26 (D)

## छोटी-मोटी समस्याओं को आपसी सहमति से सुलझाएं : थाना प्रभारी



कुडू - लोहरदगा : उपायुक्त के निर्देशानुसार शनिवार को अंचल अधिकारी कार्यालय परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल अधिकारी संतोष उरांव ने की, कार्यक्रम में थाना प्रभारी मनोज कुमार भी उपस्थित थे। थाना दिवस के दौरान ज़मीन से संबंधित दर्जनों मामले सामने आए। जिसमे के मामले का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। वहीं सीओ ने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि प्रत्येक मामले का निष्पादन कागजातों के आधार पर निष्पक्ष रूप से किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिसका हक है, उसे उसका अधिकार मिलेगा, और गलत तरीके से तैयार कागजात वालों को भूमि खाली करनी होगी। थाना प्रभारी ने कहा कि छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान लोग आपसी सहमति से करें, ताकि अनावश्यक विवादों से बचा जा सके।

### अंधविश्वास में हुई तीन की हत्या मामले का लोहरदगा पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा

## हत्याकांड में शामिल तीन अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**लोहरदगा।** जिले के पेशरार थाना क्षेत्र के ग्राम केकरांग बरटोली में घटित तीन लोगों की निर्मम हत्या के मामले का खुलासा पुलिस ने महज़ 48 घंटे के भीतर कर दिया। पुलिस ने इस विभत्स हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके पास से खून लगा कुदाल, पत्थर, और खून से सने कपड़े बरामद किए गए हैं। यह दिल दहला देने वाली घटना 8 और 9 अक्टूबर 2025 की मध्यरात्रि में घटी थी। अज्ञात अपराधियों ने लक्ष्मण नगेशिया (47 वर्ष), उनकी पत्नी बिफनी नगेशिया (47 वर्ष) और पुत्र रामविलास नगेशिया (लगभग 9 वर्ष) की बेरहमी से हत्या कर दी थी। अगले दिन सुबह घटना की जानकारी पेशरार थाना को दी गई, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस अधीक्षक लोहरदगा सादिक अनवर रिजवी को जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किस्को वेदांत शंकर के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। रांची से फोरेंसिक टीम को बुलाया गया, जिसने 9 अक्टूबर को घटनास्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। इसके बाद 10 अक्टूबर को डॉग स्क्वाड टीम के माध्यम से घटनास्थल की सघन जांच कर सुराग जुटाए गए। गहन अनुसंधान के क्रम में पुलिस को पता चला कि इस नृशंस हत्या के पीछे सुखनाथ नगेशिया (26 वर्ष), बिंदेश्वर नगेशिया (21 वर्ष) और संचरवा नगेशिया (19 वर्ष) — तीन ग्रामीणों का हाथ है, जो मृतक परिवार के ही हमगांव हैं। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून से सना कुदाल, पत्थर, और घटना के दौरान पहने गए खून से लथपथ कपड़े बरामद किए। साथ ही, हीरो एचएफ डीलक्स जेएच 01 सीडब्ल्यू 8978 मोटरसाइकिल भी जब्त की गई, जिसका उपयोग अभियुक्तों ने अपराध के दौरान किया था। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे मृतका बिफनी नगेशिया पर ओझा-गुणी और झाड़-फूंक करने का आरोप लगाते थे। उनका मानना था कि उसके टोना-टोटके के कारण सुखनाथ नगेशिया की पत्नी का गर्भपात हुआ और बिंदेश्वर नगेशिया की मां लगातार बीमार रहने लगी। प्रतिशोध की भावना और अंधविश्वास के प्रभाव में आकर तीनों ने योजना बनाकर 8/9 अक्टूबर की रात लक्ष्मण नगेशिया के पूरे परिवार की हत्या कर दी। मामले में पेशरार थाना कांड संख्या 07/25, दिनांक 09.10.2025, धारा 103(1)/3(5) भा.न्या.सं. के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। तीनों गिरफ्तार आरोपियों को 11 अक्टूबर 2025 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस त्वरित कार्रवाई में शामिल सभी अधिकारियों और जवानों की सराहना की। छापेमारी टीम में एसडीपीओ किस्को वेदांत शंकर, थाना प्रभारी पेशरार बिरेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी बगडू दिनेश कुमार, महिला थाना प्रभारी जेनी सुधा तिग्गा, पु.अ.नि. संजय कुमार, स.अ.नि. श्रीकांत दास, तकनीकी शाखा के नीरज कुमार मिश्र, हवलदार शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

### अंधविश्वास पर पुलिस की अपील

लोहरदगा पुलिस ने इस घटना को लेकर आम जनता से अपील की है कि अंधविश्वास और झाड़-फूंक जैसी प्रथाओं से दूर रहें। किसी भी बीमारी या समस्या का समाधान वैज्ञानिक और चिकित्सीय पद्धति से किया जाए। पुलिस ने चेतावनी दी कि अंधविश्वास के नाम पर हिंसा या सामाजिक उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में एफपीओ बायर-सेलर मीट का आयोजन

# उत्पाद को बड़ा ब्रांड बनायें किसान मिलेगा और भी बेहतर मूल्य : डॉ.ताराचंद

● जिला को विभिन्न उत्पादों में अग्रणी बनाने पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में एफपीओ बायर-सेलर मीट का आयोजन जिला परिषद सभाकक्ष में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को अपने उत्पादन के लिए बाजार उपलब्ध कराना, उन्हें अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य दिलाना, किसानों को निर्यात प्रणाली से जोड़ना, निबंधन की प्रक्रियाओं की जानकारी देना इत्यादि है। कई बार किसानों को अपने उत्पादों का बेहतर मूल्य नहीं मिल पाता है। इसके पीछे कई बिंदु शामिल होते हैं। किसान को वैसी ही कारणों पर काम करते हुए अपने उत्पादों का ब्राण्ड वैल्यू तय करना है। कई उत्पादों में किसानों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है जिसे इस मंच के माध्यम से दूर करने के लिए कार्य किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला में सबसे कम उर्वरक का इस्तेमाल कृषि में किया जाता रहा है लेकिन इसकी जानकारी राष्ट्रीय स्तर पर कम है। अगर इसे प्रचारित किया जाय तो उत्पादन की अच्छी कीमत मिल सकती है। आम के विभिन्न किस्मों का उत्पादन लोहरदगा जिला में बहुतायत में होता है जिसे निर्यात प्रणाली से जोड़कर विदेशों में भी निर्यात किया जा सकता है जिससे कई गुणा अधिक कीमत मिल सकती है। छोटे-छोटे ब्राण्ड को एक बड़ा ब्राण्ड बनाने की आवश्यकता है। भविष्य में लोहरदगा जिला के लिए कृषि व इससे जुड़े उत्पादन में कई अवसर प्राप्त होंगे जिसके लिए लोहरदगा जिला के किसानों को तैयार करना है। उपायुक्त ने एफपीओ बायर-सेलर मीट में आये विभिन्न फार्मस प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया और उत्पादों के लिए कंपनी का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण की ओर अभिनव भारद्वाज ने उत्पादन के निर्यात के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं की बिंदुवार जानकारी दी। इसमें बिजनेस सेटअप, एक्सपोर्ट रजिस्ट्रेशन, इंपोर्ट एक्सपोर्ट कोड प्राप्त करने आदि की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में एग्रीहॉर्टिकल्चर एण्ड एग्रो रूरल इंडस्ट्री कमिटी एफजीसीसीआई रांची, फार्म टू प्लेट, अपना मार्ट, एलिक्सिर बायो, हंसिन बायो-इंट्रा इंडिया प्राईवेट लिमिटेड नोयडा, इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलो आदि बायर्स ने लोहरदगा जिला के किसानों के द्वारा विभिन्न उत्पादों के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में संभावनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में एग्रीहॉर्टिकल्चर एण्ड एग्रो रूरल इंडस्ट्री कमिटी एफजीसीसीआई रांची के अध्यक्ष आनंद कोठारी, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि अजहर इक़बाल, जिला परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष विनोद उराँव, कृषि व संबद्ध क्षेत्रों के पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, विभिन्न राज्यों व झारखंड के विभिन्न जिलों से कंपनियों के प्रतिनिधि, उत्पादक समूहों के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

### अंधविश्वास और कुरीतियां होंगी शिक्षा से दूर

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आज भी समाज में अंधविश्वास और कुरीतियां व्याप्त हैं जो सिर्फ शिक्षा से ही दूर हो सकती हैं। बिना शिक्षा के इन कुरीतियों व प्रथाओं को दूर करना असंभव है। डायन प्रथा, बाल विवाह जैसी कुरीतियों को हमें शिक्षा के जरिये दूर करना है। बैठक में मध्याह्न भोजन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा सभी विद्यालयों में नामांकन के आलोक में सौ प्रतिशत मध्याह्न भोजन सुनिश्चित करने निर्देश दिया गया। जिन विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति सबसे कम है वैसे विद्यालयों को चिन्हित करते हुए बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, मध्याह्न भोजन की चखन पंजी में नियमित रूप से एंट्री करने, प्रत्येक माह का लक्ष्य निर्धारित करने का निर्देश दिया। बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अनुपस्थित रहनेवाले बच्चों को चिन्हित करते हुए उन्हें मोबिलाईज करने का निर्देश दिया गया। बीआरपी, सीआरपी अपने संबंधित विद्यालयों का नियमित रूप से भ्रमण करें। विद्यालयों में नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच का कार्य स्वास्थ्य विभाग को किये जाने का निर्देश दिया गया।

## आवास निर्माण की राशि लेकर आवास निर्माण नहीं करना लापरवाही है : बीडीओ




नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा ।** आवास निर्माण की लक्ष्य को लेकर प्रखंड प्रशासन रेस हो गया है। हर हाल में आवास निर्माण की लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल करना लक्ष्य रखा गया है. इस क्रम में बीडीओ प्रतिमा कुमारी प्रत्येक पंचायत सचिवालय में लाभ को के साथ बैठक कर योजना निर्माण को गति देने के लिए प्रयास कर रही है. इस क्रम में भंडरा पंचायत सचिवालय में आवास निर्माण के लाभको के साथ बैठक करते हुए बीडीओ ने लाभूको को सख्त लहजे में कहा की आवास निर्माण की राशि लेकर आवास निर्माण नहीं करना लापरवाही दर्शा रहा है. जो भी लाभुक आवास निर्माण का राशि ले लिए हैं वह एक सप्ताह के अंदर काम शुरू कर दें. एक सप्ताह के बाद काम शुरू नहीं करने वाले लाभूको पर सख्त कार्रवाई की जाएगी . लाभूको का खाता फ्रिज करते हुए राशि वसूली की प्रक्रिया की जाएगी. सरकारी योजना का लाभ मिलने पर योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतना लाभुकों के लिए नुकसानदेह साबित होगा. लाभुकों को सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं को जल्द से जल्द क्रियान्वित करना होगा. इस मौके पर मुखिया इंद्रदेव उरांव, आवास निर्माण कोऑर्डिनेटर नितलेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे. बीडीओ ने कहा कि आवास निर्माण हेतु राशि के भुगतान ससमय कर दिया जाता है. इसके बावजूद कुछ लाभुक आवास निर्माण में लापरवाही बरत रहे हैं .इस मामले में भंडरा पंचायत के लाभुक ज्यादा लापरवाह हैं. उन्होंने कहा कि इस मामले पर पंचायत के मुखिया ,पंचायत सचिव, जन सेवक गतिशील होकर आवास निर्माण कार्य को प्रगति दे. जो भी लाभूक एक सप्ताह के अंदर काम शुरू नहीं करता है तो वैसे लाभुकों की सूची प्रखंड कार्यालय को दे. वैसे लाभुकों पर कार्रवाई की प्रक्रिया की जाएगी। भंडरा पंचायत में 45 लाभुक आवास निर्माण की राशि लेकर काम शुरू नहीं किए हैं .इनमें से 13 लाभूको ने पंचायत सचिवालय में आकर एक सप्ताह के अंदर काम शुरू करने का वादा किया है। बैठक में पंचायत सचिव, जन सेवक, आवास निर्माण के प्रेरक के द्वारा लाभुकों के घर में जाकर आवास निर्माण हेतु बोले जाने पर कुछ लाभुकों द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत बीडीओ से की गई. इस मामले पर बीडीओ ने कहा कि जो लाभूक सरकारी कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करता है. वैसे लाभूको की सूची मुझे उपलब्ध कराया जाए। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत सचिव रेखा उरांव, जन सेवक बिना कुमारी ,रोजगार सेवक बीरबल महली, इंद्रमणि उरांव, भिखू उरांव, उमेश साहू साहित्य अन्य लोग उपस्थित थे।

### भू-अर्जन की बैठक में उपायुक्त ने दिये निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में भू-अर्जन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में लोहरदगा बाइपास पथ और कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण व सुदृढ़िकरण के लिए अधिग्रहित मौजावार रैयतों की भूमि के आलोक में भुगतान के प्रगति की समीक्षा की गई जिसमें सभी अंचलाधिकारियों को सभी आवश्यक दस्तावेज जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में भेजे जाने और रैयतों की सहमति के मामले में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को मुआवजा भुगतान प्रक्रिया जल्द पूरी करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, जो रैयत असहमत हैं उन रैयतों को नोटिस करने के उपरांत उन मामलों के निर्णय हेतु भू-अर्जन कोर्ट में अभिलेख भेजे जाने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, अंचल अधिकारी सदर, पथ प्रमण्डल लोहरदगा के अभियंता उपस्थित थे।



## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लोहरदगा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प जारी

● झारखंडी कला और आधुनिक व हाईटेक सुविधाओं का संगम

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लोहरदगा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प तेजी से जारी है। इस योजना के अंतर्गत स्टेशन को न सिर्फ आधुनिक और हाइटेक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, बल्कि यहां झारखंड की पारंपरिक कला और संस्कृति की झलक भी देखने को मिल रही है। स्टेशन परिसर की दीवारों को स्थानीय सोहराय पेंटिंग, झारखंडी जनजातीय कला और संस्कृतिक चित्रों से सजाया गया है, जिससे पूरा स्टेशन अब एक जीवंत कला दीर्घा का रूप ले चुका है। इन रंग-बिरंगी कलाकृतियों ने न केवल स्टेशन की रौनक बढ़ा दी है, बल्कि यात्रियों को राज्य की सांस्कृतिक विरासत का एहसास भी करा रही हैं।

लोहरदगा रेलवे स्टेशन, जहाँ से राजधानी एक्सप्रेस सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनें संचालित होती हैं, प्रतिदिन हजारों यात्रियों की आवाजाही का केंद्र है। यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए रेलवे ने स्टेशन पर कई नई सुविधाओं का विकास किया है। इनमें नया यात्री शेड, लिफ्ट, वीआईपी लॉज, एसी वेटिंग रूम, विस्तृत प्लेटफॉर्म, दिव्यांगों के लिए विशेष टिकट काउंटर और रैंप जैसी व्यवस्थाएँ शामिल हैं।

● **सुरक्षा और सुविधा पर विशेष ध्यान**

यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे स्टेशन परिसर में 24 हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही स्टेशन की सड़कों, कॉरिडोर और पार्किंग क्षेत्र का भी व्यापक नवीनीकरण किया जा रहा है। बेहतर प्रकाश व्यवस्था, साफ-सुथरा वातावरण और सुगम आवागमन अब लोहरदगा स्टेशन की नई पहचान बनने जा रहे हैं।

● **कला, संस्कृति और विकास का संगम**

रेलवे प्रशासन के अनुसार, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लोहरदगा स्टेशन को ऐसा स्वरूप दिया जा रहा है, जहाँ आधुनिक सुविधाएँ और झारखंड की परंपरागत संस्कृति का सुंदर समन्वय होगा। यह पहल न केवल यात्रियों को सुविधाजनक अनुभव देगी, बल्कि स्थानीय कलाकारों को भी पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करेगी। इन सभी सुधार कार्यों के पूरा होने के बाद लोहरदगा रेलवे स्टेशन न सिर्फ यात्रियों की सुविधा का केंद्र बनेगा, बल्कि झारखंडी कला-संस्कृति का गौरव प्रतीक स्थल भी बनकर उभरेगा।

## भंडरा में ऑटो पलटने से चार लोग गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरा ।** भंडरा-अकाशी मुख्य पथ आकाशी पंचायत के समीप ऑटो के पलटने से चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में इलाज चल रहा है। जबकि एक महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आकाशी स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर यात्री अकाशी गांव के ही शमीम अंसारी के ऑटो में बैठकर भंडरा आ रहे थे। इसी दौरान आकाशी पंचायत सचिवालय के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें ऑटो सवार चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसमें भट्टखिजरी भऊवा टोली गांव निवासी जतरु उरांव की पत्नी लच्छों उरांव 50 वर्ष बुद्धिमान उरांव की पत्नी झुन्नू उरांव 45 वर्ष स्वर्गीय गुद्दा उरांव की पत्नी मुनि उरांव 65 वर्ष व अकाशी गांव निवासी दुगा उरांव के पुत्र विनोद उरांव 36 वर्ष घायल हो गए। जिसमें लच्छों उरांव की गंभीर स्थिति को देखते हुए डा. सन्नी कुमार ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। इधर घटना के बाद भंडरा थाना प्रभारी रवि रंजन कुमार जांच-पड़ताल में जुट गई है। बता दें कि भंडरा-आकाशी रोड में चलने वाली ऑटो की कोई गति सीमा नहीं है और ना ही कोई ऑटो चालक यातयात नियम का पालन करते दिखते है। अधिकांश ऑटो सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण क्षमता से अधिक यात्रियों का होना है।

## सूचना का अधिकार कानून लोकतंत्र की बहुत बड़ी ताकत है: शकील अख्तर

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का 20 वर्ष पूरे होने पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच लोहरदगा जिला कमेटी ने रविवार को होटल केतकी पैलेस में केक काटकर और लड्डु बाटकर होटल केतकी पैलेस में धूमधाम से सूचना के अधिकार दिवस मनाया जाएगा। मौके पर भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच लोहरदगा के जिला अध्यक्ष जिला संरक्षक जिला सचिव पूरा जिला कमेटी उपस्थित रहेंगे। 12 अक्टूबर 2005 को हमारे भारत देश में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लागू हुआ था। सूचना कानून लोकतंत्र की बहुत बड़ी ताकत है।

सूचना कानून नागरिकों को सशक्त बनाता है। उन्हें सरकारी तंत्र के कामकाज की जानकारी प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है।

मंच के जिला अध्यक्ष शकील अख्तर ने कहा कि सूचना का अधिकार दिवस भारत की सबसे सभी नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है जो उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने एवं एक पारदर्शी जवाब दे और भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

### दो पंचायतों में चलाया गया वोट चोरी के ख़िलाफ़ हस्ताक्षर अभियान

# वोट चोरी कर बीजेपी सत्ता में आई है : डॉ.रामेश्वर

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** शनिवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उराँव लोहरदगा जिला अंतर्गत भण्डरा प्रखंड के उदरंगी पंचायत के ग्राम उदरंगी एवं भण्डरा पंचायत के ग्राम कसपुर में वोट चोरी के ख़िलाफ़ हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए।

मौक़े पर पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उराँव ने ग्रामीणों को वोट के अधिकारों के बारे में बताया और कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और चुनाव आयोग की द्वारा मिलीभगत से वोट चोरी की जा रही है। बिहार जैसे जगहों में कुछ वोटर्स के नाम भी डिलीट किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि यह अभियान जनता के मताधिकार, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की सुरक्षा के लिए एक लड़ाई है। देश में लोकतंत्र पर लगातार हमले हो रहे हैं।

बीजेपी वोट चोरी और केंद्र सरकार जनमत की अवहेलना कर सत्ता में बने रहना चाहती है। कार्यक्रम में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा लगाया गया। मौक़े पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, युवा अध्यक्ष निशीथ जायसवाल, युवा अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, विनोद सिंह खेरवार, हरिदास उरांव, भद्र उरांव, चन्द्र उरांव, हसबुल ख़ान, समीम अंसारी, काले उरांव, शुक्रा पाहन, लालू उरांव, सोमे उराँव, रंजन उराँव, दानिस अली, कुमार अभिषेक, दया उरांव, सोमनाथ उरांव, मुमताज़ अंसारी, परमेश्वर उरांव,जसीर अंसारी, घूरती उरांव, सांयो उरांव, गंगा उरांव, शशिकांत उरांव, रमेश उरांव, पिंटू उरांव, प्रदीप उरांव, जयप्रकाश उरांव, रंथु उरांव, प्रतिमा उरांव, शुक्री उरांव, सुखमानिया उरांव, सबिता उरांव, भुटकी उरांव, आदि उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## भरनो में गुमला संकुल की संकुल स्तरीय विद्वत परिषद की बैठक संपन्न

**भरनो (गुमला)।** सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भरनो में गुमला संकुल की संकुल स्तरीय विद्वत परिषद की बैठक प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में गुमला संकुल के सभी विद्यालयों के विद्वतजन उपस्थित रहे, जबकि अतिथि विद्वतजन के रूप में सीके शर्मा और शेखर चंद्र अधिकारी शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, पंचपदी शिक्षा पद्धति और समाज की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही बच्चों में संस्कारयुक्त शिक्षा और उनके पठन-पाठन को और बेहतर बनाने के लिए तकनीकी शिक्षा सहित विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया। अंत में सभी ने शांति मंत्र का उच्चारण कर बैठक का समापन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय, सीके शर्मा, शेखर चंद्र अधिकारी, संतोष तिवा

## शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना हमारी पहली प्राथमिकतार : पुष्पा टोप्पो



**घाघरा (गुमला)।** उपायुक्त के निर्देशानुसार घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय घाघरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के साथ बैठक कर मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में बेहतर परिणाम छात्राओं के लाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। बीडीओ ने शिक्षकों से कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। छात्राओं को नियमित रूप से क्लास में उपस्थित रखने और प्रत्येक विषय में अभ्यास पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों से भी संवाद किया और परीक्षा की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण टिप्स दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की उपस्थिति पंजी, स्वच्छता, शैक्षणिक वातावरण एवं आधारभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। बीडीओ ने कहा कि विद्यालयों में पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रशासन लगातार निगरानी करेगा ताकि आने वाले सत्र में जिले का परिणाम और बेहतर हो सके। मौके पर शिक्षा विभाग बीपीओ पुष्पा टोप्पो सहित कई शिक्षक शिक्षिका छात्राएं उपस्थित थे।

## पुलिस ने साइबर ठगी के आरोपी गिरफ्तार को किया गिरफ्तार




**गुमला।** गुमला पुलिस ने साइबर अपराध के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए मणिपुर राज्य से एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने गुमला के एक व्यक्ति से 8 लाख 45 हजार रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक और एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि अकबर खान पिता अमरूद्दीन खान, निवासी अग्नेदकर नगर, थाना गुमला के आवेदन पर गुमला थाना कांड संख्या 303/25 दिनांक 12.09.2025 दर्ज किया गया था। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि साइबर अपराधियों ने वादी के एचडीएफसी बैंक, गुमला के दो खातों से कुल 10 लाख 75 हजार रुपये की रकम यूको बैंक, लालालोन ब्रांच, मणिपुर (खाता संख्या 29970110126219) में ट्रांसफर की थी। जांच में सामने आया कि खाता धारक तुकराम दिनेश मेतई (19 वर्ष), पिता लुकराम देवान मेतई, निवासी खरासोन माखा लेकई, थाना लामलाई, जिला इंफाल पूर्व, मणिपुर, ने अपने बैंक खाते से 8 लाख रूपये की नकद निकासी की थी। गुमला पुलिस की टीम ने मणिपुर में विशेष छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

## उपायुक्त के निर्देश पर शिक्षा विभाग सक्रिय, बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी शुरू

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले में माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 में बेहतर परिणाम हेतु शिक्षा विभाग ने विद्यालय स्तर पर विशेष कार्ययोजना लागू की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो के नेतृत्व में सभी विद्यालयों में बोर्ड एग्जाम टास्क फोर्स का गठन किया गया है, जो 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों की सफलता हेतु विशेष कक्षाएं, मॉडल प्रश्नों का अभ्यास, उत्तर लेखन प्रशिक्षण एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराएगा। 15 अक्टूबर से विशेष रेमेडियल कक्षाएं शुरू की जा रही हैं, जिनमें कमजोर विद्यार्थियों को अतिरिक्त मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही शिक्षकों को विद्यार्थियों की व्यक्तिगत टैगिंग कर उनकी प्रगति की जवाबदेही तय की गई है। जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने बताया कि सभी विद्यालयों से टास्क फोर्स की सूची, नामांकन व उपस्थिति विवरण मांगे गए हैं। जिला व प्रखंड स्तर पर भी अधिकारियों को विद्यालय अनुश्रवण की जिम्मेदारी दी गई है।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर गुमला जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन




**गुमला।** गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों में आज अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कई जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन मुखिया गणों के नेतृत्व में एवं पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना था। यह आयोजन जिले के पाँच पंचायतों — सीलम, पुगू, कुरूछतरपुर, मझगांव एवं जैरागी पंचायतों में आयोजित किया गया। प्रत्येक स्थल पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान रैली, समूह चर्चा, भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बालिकाओं से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर देना समाज के विकास की नींव है। मुखिया गणों ने अपने उद्बोधन में कहा की बेटी को आगे बढ़ने का अवसर देना ही सच्चे अर्थों में समाज की प्रगति है। हर बेटी शिक्षित और आत्मनिर्भर बने, यही इस दिवस का वास्तविक संदेश है। इस अवसर पर कई बालिकाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया। सभी कार्यक्रमों में ग्रामवासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति और उत्साह देखा गया। पिरामल फाउंडेशन टीम के सदस्यों द्वारा कार्यक्रमों के समन्वय एवं संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई गई। अंत में प्रतिभागियों एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 पर पालकोट में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

# बालिकाओं के सशक्तिकरण पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**पालकोट (गुमला)।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 के अवसर पर सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी 3), शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिले के विभिन्न स्कूलों और समुदाय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम उद्देश्य समाज में बालिकाओं के अधिकारों, समान अवसरों, शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति सामूहिक जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में विद्यालयों में रैली, स्लोगन, पोस्टर पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता, समूह चर्चा एवं अरोग्यदूत शिक्षकों द्वारा स्वास्थ्य एवं कल्याण सत्र आयोजित किए गए। समुदाय स्तर पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, मुखिया, स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ, किशोरियाँ, अभिभावक और "किशोर चैंपियंस" ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

समुदायिक चर्चा सत्रों में बालिकाओं ने बाल विवाह, शिक्षा में बाधाएँ, सुरक्षा और अवसरों की असमानता जैसी समस्याओं पर खुलकर बातचीत की। पंचायत के मुखिया और वार्ड सदस्यों ने बाल विवाह मुक्त, छेड़छानी मुक्त एवं शून्य स्कूल ड्राप आउट बनाने का संकल्प लिया। किशोर चैंपियंस ने अपने घर-परिवार में बालिकाओं को शिक्षा और कैरियर में समान अवसर दिलाने का संकल्प जताया।

सी 3 के फील्ड कोऑर्डिनेटरों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम बालिकाओं में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता बढ़ाने में मदद करते हैं। साथ ही किशोर लड़कों और युवाओं को लैंगिक असमानता समाप्त करने में उनके दायित्व का एहसास कराते हैं।

मुख्य वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि बालिकाओं के सशक्तिकरण में समाज के सभी वर्गों — अभिभावक, शिक्षक, पुरुष और स्थानीय नेतृत्वकर्ताओं — की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में सभी उपस्थितों ने सामूहिक संकल्प लिया कि हर बालिका को सुरक्षित माहौल, शिक्षा और आत्म-विकास के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस अवसर पर बालिकाओं, किशोरों, पुरुषों और महिलाओं सहित ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी 3 टीम, साथिया और किशोर चैंपियंस ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## स्वास्थ्य केंद्र में महिला डॉक्टर की तैनाती से महिलाओं को मिली राहत

**चैनपुर।** चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले कुछ समय से महिला चिकित्सक की कमी से जूझ रहे क्षेत्र के लोगों के लिए राहत की खबर है। डुमरी स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित महिला डॉक्टर लक्ष्मी कुमारी अब सप्ताह में तीन दिन - बुधवार, गुरुवार और शनिवार - को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं। इस पहल से विशेषकर महिला मरीजों को अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को खुलकर बताने में काफी सहूलियत हो रही है।डॉ. लक्ष्मी कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी मूल पदस्थापना डुमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में है। हालांकि, सिविल सर्जन, गुमला के आदेशानुसार उन्हें अगस्त माह से डुमरी के कार्यों के अतिरिक्त चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में भी समय देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा, "मुझे डुमरी और चैनपुर दोनों जगह अपनी सेवाएं देनी होती हैं। डुमरी में काम का बोझ अधिक होने के कारण कभी-कभी मैं चैनपुर नहीं पहुंच पाती हूं, लेकिन जैसे ही मुझे समय मिलता है, मैं यहां आकर पूरी निष्ठा से अपना काम करती हूं।"इस व्यवस्था पर बात करते हुए दूरभाष से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रोग्राम मैनेजर विनय नायक ने स्वीकार किया कि स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी एक समस्या है और इस बारे में उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने बताया, "सिविल सर्जन के आदेश के बाद डुमरी से डॉक्टर साहिबा यहां आ रही हैं। कभी-कभी उनके अवकाश पर रहने या अत्यधिक व्यस्त होने पर हम निजी अस्पताल के डॉक्टरों को बुलाकर भी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास करते हैं।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स ने नगर परिषद से तालाबों की सुरक्षा और सफाई का किया अनुरोध

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने नगर परिषद के प्रशासक से अनुरोध किया है कि आगामी छठ महापर्व के मद्देनज़र शहर के सभी तालाबों का निरीक्षण कर उन्हें सुरक्षित बनाया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि तालाबों में वर्तमान में जलस्तर अत्यधिक है, जिससे व्रतियों और बच्चों के लिए संभावित दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। राजेश सिंह ने बताया कि "पिछले महीने मुरली बगीचा तालाब में एक दुर्घटना हो चुकी है।" इसी कारण उन्होंने नगर परिषद से आग्रह किया कि तालाबों का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार मोटर से पानी घटाया जाए और साथ ही तालाबों की सफाई सुनिश्चित की जाए।

अध्यक्ष ने कहा कि यह कदम सार्वजनिक सुरक्षा और जनहित के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नगर परिषद से कहा कि समय रहते तालाबों की सुरक्षा और स्वच्छता का ध्यान न दिया गया तो छठ महापर्व के दौरान संभावित हादसे रोक पाना मुश्किल होगा।

राजेश सिंह ने कहा कि इस पहल के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स नगर परिषद का आभारी रहेगा, और उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से जल्द कार्रवाई करने का अनुरोध किया। गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स की यह पहल व्रतियों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, जलस्तर नियंत्रित करने और तालाबों को स्वच्छ रखने के लिए अहम कदम मानी जा रही है

## शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने का लिया गया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आज पुलिस कार्यालय, चंदाली में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने की।

इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गुमला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न थाना प्रभारी, परिसरी प्रभारियों सहित चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, सचिव व अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक में आगामी दीपावली और छठ महापर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि जिले में दोनों पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए जाएं, इसके लिए पुलिस प्रशासन हर स्तर पर तत्पर रहेगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि बाजारों, पूजा स्थलों और सार्वजनिक जगहों पर विशेष गश्ती और निगरानी की व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

गुमला पुलिस ने जिलेवासियों से अपील की है कि दीपावली और छठ महापर्व के अवसर पर आपसी सौहार्द बनाए रखें और पुलिस प्रशासन को सहयोग करें।

## छात्राओं-छात्रों ने खेलो झारखंड प्रतियोगिता में दिखाया शानदार प्रदर्शन

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल पाबेया के बच्चों ने खेलो झारखंड जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया। इस उपलब्धि को लेकर शनिवार को स्कूल में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विजेता बच्चों को प्रशस्ति पत्र और बधाई दी गई। स्कूल के शारीरिक शिक्षक बीरबल लोहरा ने बताया कि पाबेया स्कूल की छात्राओं ने कबड्डी अंडर 14 में विजेता और अंडर 17 में उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। वहीं, खो-खो अंडर 14 और अंडर 17 बालिका वर्ग की टीम विजेता रही, जबकि खो-खो अंडर 14 और अंडर 17 बालक वर्ग की टीम उपविजेता रही।

### निर्माणाधीन गार्डवाल में घटिया काम पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने जताया असंतोष, कहा-

# जनता के पैसे से हो रहा है खिलवाड़

नवीन मेल संवाददाता



**घाघरा (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के मालगो–नेतरहाट मार्ग पर निर्माणाधीन गार्डवाल में किए जा रहे घटिया कार्य को लेकर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शीतल उरांव ने शनिवार को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

राष्ट्रीय नवीन मेल में भ्रष्टाचार की खबर प्रकाशित होने के बाद वे स्वयं निर्माण स्थल पर पहुंचे और वहां हो रहे कार्य की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष श्री उरांव ने गार्डवाल की दीवार में हो रहे घटिया निर्माण देख गहरा असंतोष व्यक्त किया।

शीतल उरांव ने बताया कि नेतरहाट झारखंड का प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है,जहां प्रतिदिन राज्य एवं देश के विभिन्न हिस्सों से सैकड़ों पर्यटक पहुंचते हैं। यहां तक कि अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। ऐसे में इस मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण है लेकिन, जिस प्रकार से गार्डवाल निर्माण में मानकों की अनदेखी करते हुए सिमेंट के साथ गारा मिट्टी से जोड़ाई की गई है, वह गंभीर लापरवाही है और भविष्य में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह का लापरवाह रवैया जनता के पैसे की खुली बर्बादी और लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है उन्होंने मौके पर उपस्थित कुछ ग्रामीणों से भी बातचीत की, जिन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में सिमेंट की उचित मात्रा नहीं डाली जा रही है तथा गार्डवाल को गारा मिट्टी से जोड़ाई किया गया है जो साफ दिख रहा है। अध्यक्ष उरांव ने चेतावनी दी कि यदि घटिया निर्माण कार्य को तुरंत तोड़कर पुनः गुणवत्ता के अनुसार नया गार्डवाल नहीं बनाया गया, तो वे इसकी लिखित शिकायत झारखंड सरकार के मंत्री स्तर तक करेंगे।

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का शुभारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** आज प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना" का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम लाइव प्रधानमंत्री कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें जिले के 8 प्रखंडों से लगभग 450 महिला एवं पुरुष किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देने तथा उन्नत कृषि तकनीकों के माध्यम से उत्पादन एवं आय में वृद्धि के उपायों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ,डीआरडीए गुमला, निदेशक विद्या भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने वाली योजना है। इस योजना के माध्यम से किसानों को खेती के आधुनिक तरीकों, सिंचाई सुविधा, फसल विविधीकरण तथा प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि उन्हें मूल्य संवर्धन और विपणन के लिए भी सक्षम बनाएगी। मुख्य अतिथि ने आगे कहा कि झारखंड जैसे राज्य में जहां प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, वहां यदि किसान तकनीक और योजना का सही उपयोग करें तो कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन संभव है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लें और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नियमित रूप से भाग लेकर अपने ज्ञान का विस्तार करें। कार्यक्रम में समाजसेवी ने कहा कि कृषि ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों की प्रगति से ही देश की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। उन्होंने मिलेट्स, धान, दलहन और तिलहन जैसी विविध फसलों के एकीकृत उत्पादन की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।


## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला

### आवश्यक सूचना

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के विज्ञापन संख्या 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर स्नात्तक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा–6 से 8, विषय– **सामाजिक विज्ञान**) के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची एवं काउंसिलिंग हेतु जाँच पत्रक जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.gumla.nic.in पर अपलोड किया गया है। जिनका जिला स्तर पर काउंसिलिंग हेतु तिथि, क्रमांक एवं स्थल निम्नवत् है:–

| क्र. सं. | काउंसिलिंग तिथि | JSSC द्वारा प्राप्त सूची का क्रमांक | काउंसिलिंग स्थल एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 15.10.2025 | 1269 से 1333 | कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला, (3rd Floor 'B' Block Room No. 304) नया समाहरणालय भवन चंदाली, गुमला समय:– 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | दिनांक 16.10.2025 | 1334 से 1398 | |

अतः संबंधित सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में काउंसिलिंग हेतु उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय। अनुपस्थिति की स्थिति में अभ्यर्थियों की जवाबदेही स्वयं की होगी।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गुमला

PR 363919 Jharkhand Education Project Council(25-26).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

### अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना (डी०एम०एफ०टी० मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/30/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत हेठपोचरा के ग्राम पोचरा में देवी मंडप से कब्रिस्तान तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 24,99,700 | 50,000 | 5,000 | 2 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.10.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 13.10.2025 से दिनांक 25.10.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –29.10.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. प्रशासनिक स्वीकृति के कंडिका 5 के अनुसार केवल स्थानीय संवेदको/निविदाताओं के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 363930 Rural Development (25-26)_D

## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

### मत्स्य जीवी सहयोग समिति/सदस्यों एवं खुदरा मत्स्य बिकेताओं के लिए आम सूचना

एतद् द्वारा लातेहार जिले के निबंधित मत्स्य जीवी सहयोग समितियों / सदस्यों तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के मत्स्य बिक्रेता जो सड़क किनारे, चौक–चौराहों, बाजार, हाट आदि जगहों पर मत्स्य विपणन का कार्य करते हैं उन्हें सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड, रांची के "मत्स्य विपणन योजना" के राज्यादेश संख्या 23 रा०(वि०) दिनांक 06.10.2025 के आलोक में लातेहार जिले के अन्तर्गत कार्यरत प्रखण्ड / जलाशय स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि० / उनके सदस्यों को अधिकतम विभागीय अनुदान 60 प्रतिशत् पर मछली विपणन एवं मछली परिवहन कार्य के लिए चार पहिया भार वाहक वैन तथा खुदरा मत्स्य बिक्रेताओं को मछली बिक्री किट उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 25.10.2025 तक निम्नलिखित रूप से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क० सं० | समग्री का नाम | विभागीय अनुदान | भौतिक लक्ष्य | | योजना हेतु अहर्त्ता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | लघुशीर्ष 796 | लघुशीर्ष 789 | |
| 1 | मछली परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वैन | विभागीय अनुदान 60 प्रतिशत् अथवा अधिकतम मो० 4.80 लाख रू० (दोनों में से जो कम हों) | 01 | 00 | 1. लाभुक द्वारा कम से कम 8 .00 लाख रू० का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया गया हो। लाभुक अपनी इच्छा से चार पहिया भार वाहक वैन क्रय कर सकेंगे। 2. आवेदक /आवेदक समि ति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली का बीज का परिवहन करती हो। 3. आवेदक /आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो। 4. आवेदक मत्स्य जीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। |
| 2 | मत्स्य विपणन किट हेतु अनुदान | 14250.00 प्रति कीट /इकाई | 12 | 05 | 1. शहरी क्षेत्र के मत्स्य बिक्रेता जो सड़क किनारे, चौक–चौराहों, बाजार, हाट आदि जगहों पर मत्स्य विपणन का कार्य करते हैं वे मछली बिक्री किट का लाभ लेने हेतु आवेदन कर सकते हैं। |

उपरोक्त योजना के लिए मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि०/उनके सदस्यों/खुदरा मत्स्य बिक्रेताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है जिसे किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। मत्स्य लाभुकों / विक्रेताओं का चयन निम्न आधार पर किया जायेगा–

1. आवेदक / आवेदक समिति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो उन्हें विपणन कार्य से संबंधित प्रमाण एवं फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. आवेदक मत्स्य जीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। जिले के मत्स्य प्रसार पदाधिकारी /पर्यवेक्षक द्वारा लिखित रूप में प्रतिवेदन किया जाएगा, कि आवेदक मत्स्य बिक्री अथवा थोक व्यापार से जुड़ा है। मछली बिक्री किट हेतु खुदरा मत्स्य बिक्रेताओं को आवेदन के साथ फोटो संलग्न करना होगा।
3. दिव्यांग होने की स्थिति में आवेदक को असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. चार पहिया भार वाहक वैन का निबंधन कराने एवं निर्धारित कर / शुल्क जमा करने की जिम्मेवारी लाभुक की होगी। निबंधन अथवा नगरपालिका का कर आदि का भुगतान लाभुक द्वारा स्वयं किया जायेगा। लाभुकों का चयन इस प्रयोजनार्थ गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 363882 Fish(25-26)#D

# नकारात्मक चरित्र

मदारी बिना जमूरे की अपनी खेल प्रदर्शित नही कर पाता। गृहणी भी चेरी के सहयोग के बिना गृह संचालन सकुशल निर्वाह नही कर पाती, तकलीफ उठाती है। साहित्य बिना आलोचना के प्रसिद्धि नही पाती।नायक भी खलनायक के बिना अपने आदर्श प्रस्तुत नही कर पाता। जीवन मे कुछ ऐसे चरित्र या ऐसे पात्र जिन्हें हम नेगेटिव कहते है उसकी बहुत अहमियत होती है।वे हमारी कामयाबी में सहायक होते है। भले ही वे अवरोध पैदा करे हमे छति पहुचाएं परन्तु संघर्ष की तीब्रता जीवंतता उन्हीं से आती है। जैसे सोने के आभूषण में मजबूती के लिए गिन्नी की मिलाबट जरूरी है। हमारी दिनचर्या में नवीन ऊर्जा के लिए हमारे आसपास ढीठ झगड़ालू कर्कश बदमिजाज पात्रों का होना जरूरी है। इससे हमारे जीवन मे चहल पहल बनी रहती है वरना मरघट से सन्नाटा छाया रहता है। कैची छुरी सा जुबान तेज हो लोग उनसे कतराते अवश्य है परउसकी उपयोगिता को नकारा नहीं जा सकता। नकारात्मक चरित्र के लोगो में नकारात्मक गुणों की अधिकता होती है। नकारात्मक विचारों की अधिकता से उसके व्यवहार भी दोषपूर्ण हो जाते है। वे अहंकारी कुटिल निर्दय विद्रोही हिंसा प्रेमी हो जाते है एक शैतान का चरित्र वह जीने लगता है। मनुष्य


प्रेमलता ठाकुर

स्वभाव से हितकारी व सहदयी होता है उसमें तार्किक शक्ति होती है सत्य का आकांक्षी व न्यायप्रिय होता है। साधु और संत दोनों चरित्रवान होते है पर साधु का व्यक्तित्व संत से अलग होता है। रावण नाम से ही नकारात्मक छवि उभर आती है। महान शिवभक्त होते हुए भी स्त्री की गरिमा नहीं समझा।परन्तु राम की पूजा में रावण के चरित्र का योगदान है। फिल्मों के खलनायक नकारात्मक पात्र है इसलिए उसे लोगो की सहानुभूति नही मिलती।उसके साथ कोई अपनेपन का व्यवहार नही करता। जेलर अक्सर रूखे और कर्कश सख्त व्यक्तित्व का होता है।उससे कॉमेडी की उम्मीद होती, यदि वह कॉमेडी का रोल सूरमा भोपाली" की तरह करे तो वह बनाबटी लगता है।जब कोई श्रद्धावान अपने आदर्श की प्रस्तुति देता है तो धूल धुँए जैसे चरित्र के लोग उसके आदर्श में भी खोट निकलते है। हंस के सामने बगुला आपना आदर्श प्रस्तुत नही कर सकता हंस मानसरोवर का मोती चुगता है और बगुला मछलियां घोंघे जोंक से ही प्रसन्न रहता है। बगुला हंस की जगह नही ले सकता बगुला न हो तो हंस के आदर्श लोग नहीं समझते। प्रकृति के संरचना में हमे ऐसे प्रतीकों की बाहुल्यता देखी जाती है। फूल कांटो से घिरे होते है। गूदेदार रसीले फलों की देखभाल न हो तो वह शीघ्र कीड़े मकोड़ो द्वारा बर्बाद किये जाते है। नदियां प्रदूषित हो रही है। जिन्हें कैक्टस उपयोगी नही लगता उसमे भी फूल फल लगते है। उसके फल औषधिय गुणों से भरे रहते है। प्रकृति के ताने बाने में इन्ही प्रतीकों के गुण संरचनाओं से पदार्थो के गुण दोषों का आकलन होता है।

# पिंजरों का शहर

वो आसमाँ, आज भी हर सुबह
अपने बिछड़े परिन्दों को पुकारे,
इस बात से अनजान
कि
अब वे उड़-गा नहीं
सकते कभी,
पंछी हैं वे अब
"किस्मत के
मारे"..।
इधर..जमीन की
हकीकत ये है कि
जहाँ कभी चमन हुआ करता था
वहाँ पिंजरों के शहर बसा दिए गए,
तंग सड़कों के दोनों किनारों पर
खड़ी हैं पिंजरों की कतारें...।
यहाँ रहते हैं परिन्दे अपनी मर्जी से,
हर एक परिन्दा जीते-जी मर चुका है,
अपनी आवाज का गला घोंटकर
अपने पंख खुद ही कतर चुका है,
याद नहीं इन्हें सूरज, चाँद-सितारे..।
कुदरत को भी इनपर रहम नहीं आता,
क्योंकि... जिस चमन ने इनकी परवरिश की थी
उसका वजूद इनकी आँखों के सामने मिटा,
और जब दरख़्त काटे जा रहे थे
ये खामोशी से देख रहे थे सारा मंजर..,
अब मुबारक हो इनको 'हमको'
फलता-फूलता पिंजरों का शहर..।


सरिता सिंह

काव्य कोना

# कठिन खोज

चेहरा संवारने का मलहम ढूंढे लिया
दिल के घाव का मलहम ढूंढने चला।
डैना लगा मन आसमां में उड़ने चला
पैर के नीचे की जमीन ढूंढने चला।
कलाई की घड़ी से समय नाप लिया
कालचक्र में सही काल की घड़ी ढूंढने चला।
हवा के मृदुल झौंके में सरगम ढूंढ लिया
आंधी के बाद बिखरे बहार में सरगम ढूंढने चला।
जलप्लावन का दृश्य अभी तक भूला नहीं
घर की दीवार छत से जोड़ने चला।

नाग मणि

# कार्तिक महीने में तुलसी का महत्व



पुष्पा पाण्डेय

तुलसी से पहले थोड़ा कार्तिक मास पर नजर डालते हैं। कार्तिक महीने के महत्व का कारण... भगवान विष्णु योगशैया से चतुर्मास के बाद कार्तिक महीने की शुक्ल एकादशी तिथि को जग जाते हैं। जिस महीने में भगवान मिलें वो महीने तो स्वतः ही गरिमामय हो जायेगा। कार्तिक को महत्वपूर्ण बनाने के लिए इससे ज्यादा और क्या हो सकता है? इसी महीने में भगवान राम भी चौदह साल बाद वापस





अयोध्या लौटते हैं।

विष्णु भगवान और तुलसी का सम्बन्ध बहुत गहरा है। भगवान भक्त को स्वयं से भी ऊपर रखते हैं। तुलसी पूर्व जन्म में लक्ष्मी की एक कला से उत्पन्न हुई राजा धर्मध्वज और उनकी पत्नी माधवी की पुत्री थी। राजा धर्मध्वज के पूर्वज सूर्य के शाप वश दरिद्र हो गये थे। शिव भक्त होने के कारण शिव जी के कहने पर भगवान बिष्णु ने लक्ष्मी जी को उनकी दरिद्रता दूर करने के लिए भेजा। विवाह योग्य होने पर पुत्री बदरिकाश्रम में विष्णु भगवान को पुनः पति रूप में पाने के लिए तपस्या करने लगी। भगवान ब्रह्मा जी ने उपस्थित होकर कहा कि-- हे वृंदा! तुम इस जन्म में कृष्ण के अंशावतार शंखचूड़ जो एक शाप बश दानव योनि में जन्म लिया है, शादी कर लो। फिर तुम दैव वश बिष्णु की प्रिया बन जाओगी।

फिर तो वृंदा और भगवान बिष्णु जो शंखचूड़ के वेष में वृंदा के पास आते हैं वृंदा के शाप का शिकार होते हैं और वृंदा योगअग्नि में जल कर भस्म हो जाती है। भगवान ने वृंदा को वरदान दिया कि तुम तुलसी का पौधा बनोगी और मेरे सबसे नजदीक रहोगी। तुलसी पत्ता के बगैर मेरी पूजा अधूरी रहेगी। प्रत्येक साल कार्तिक महीने में जब भगवान योगनिद्रा से उठते हैं तो धरती के भक्त उसी दिन उनकी शादी तुलसी से रचाते हैं। तुलसी का विवाह, नारायण का योगनिद्रा से उठना कार्तिक महीना को अत्यंत महत्वपूर्ण बना देता है।

# आनलाइन शापिंग





रुणा रश्मि 'दीप्त'

त्योहारों का मौसम आ गया है और उत्सव के इस वातावरण में हम सब उमंग से भरे हुए हैं। त्यौहारों की तैयारियों में अपने घर-समाज और मन की शुद्धता के साथ ही साथ जो सबसे अहम कार्य हम करते हैं वह है खरीददारी। विभिन्न प्रकार के खाद्य मिष्ठान्न और पूजापाठ की सामग्रियों के साथ ही साथ नए पोशाकों की भी खूब खरीददारी करते हैं। वर्तमान समय में आनलाइन शापिंग ने हमारे इस कार्य को अत्यंत ही सरल बना दिया है। किंतु यह आनलाइन शापिंग जितना सुलभ और सरल बनकर हमें आकर्षित करता है, उतना ही अधिक ये हमारे लिए घातक भी सिद्ध हो सकता है।

ऊपरी तौर पर तो ऐसा ही महसूस होता है कि आज के इस नवीन युग में, विशेषतौर पर वर्तमानकालीन परिस्थितियों में तो आनलाइन शापिंग हमारे लिए वरदान ही साबित हो रहा है। घर बैठे ही हमारी सभी आवश्यक सामग्रियां हमें इतनी आसानी से उपलब्ध हो रही हैं, हम अपनी पसंद और आवश्यकतानुसार दैनिक उपयोगिता के साथ ही साथ अपने शौक की वस्तुएं भी आसानी से खरीद रहे हैं। बाहर जाने की परेशानी से तो बचते ही हैं, समय की भी बचत हो जाती है, जिसका उपयोग हम किसी अन्य अनिवार्य तथा रचनात्मक कार्यों में कर सकते हैं।

किन्तु जब हम अपने शौक और आधुनिकता के जुनून में आकर अपनी सीमाएँ और आवश्यकताएँ भूल जाते हैं तथा अनावश्यक वस्तुओं की खरीददारी आरंभ कर देते हैं। तब यही आनलाइन शापिंग हमारे लिए घातक बन जाता है। कभी कभी तो हम आर्थिक संकट से भी घिर जाते हैं। फिर तो जब तक हमें अपनी इस विषम परिस्थिति का एहसास होता है, बहुत देर हो जाती है और इस संकट से उबरने के लिए हमें बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। हम उदासी और खिन्नता के घेरे में घिरकर रह जाते हैं, जिससे मुक्ति पाना अत्यंत कठिन हो जाता है। अतः हमें सदैव सावधानी, संयम और सजगता का दामन थामकर ही इस आनलाइन शापिंग का आनंद उठाना चाहिए। दशहरा बीत चुका है, दीपावली और छठ आदि त्यौहार आने वाले हैं जिनमें अत्यधिक खरीददारी करनी ही होती है। अतः हम इस सहज आनलाइन शापिंग का आनंद लेते हुए सतर्कता भी बरतें यही उचित और श्रेयस्कर होगा।

हास्य वार्ता

# मैं पुतला हूं

पुतला दरअसल वह विशेष ऐतिहासिक जीव होता है, जिसमें जान-वान नहीं होता हैं, यों समझिए कि उसमें कुछ भी नहीं होता है वह सिर्फ अपने कुशल समझदार मालिक के हाथों का दास होता है। उसी के


ललन शर्मा

इशारों पर चलता है बाकि समय कोई काम नहीं। मेरे में हमेशा खुद को इस पर तौल कर बड़ा खुश होता हूँ कि मैं भी पुतले से कम नहीं हूँ, जब पुतला नाचता है, थिरकता है तो मैं खुद को उसकी जगह पाता हूँ। अब तो आप समझ ही गये होंगे कि मैं इस बेकार निर्जीव पुतले की तारीफ क्यों कर रहा हूँ, अरे भई, मैं भी वही हूँ यानी पुतला। मेले में जो पुतले दिखाये जाते हैं उसे कठ-पुतला कहते हैं और जो घरों में पाये जाते हैं उसे मठ-पुतला कहते हैं, मठ यानी घर अर्थात् कुल मिलाकर घर पुतला या घर का पुतला....। वैसे एक फर्क है कठपुतले और मठपुतले में, कठपुतले को कोई भी अपनी अंगुली पर नचा सकता है, कभी भी नचा सकता है पर मठपुतले को सिर्फ घर की लक्ष्मी उर्फ गृहलक्ष्मी उर्फ मलिकाईन ही अपनी अंगुलियों पर नचा सकती है, ऐसे पुतले घर के बाहर भले ही शेर की तरह गुर्राये, दहाड़ मारे, पर घर में इनका गुर्राना या दहाड़ना, म्याँऊ-म्याँऊ में बदल जाता है। वह एक इशारे पर बहुत कुछ कर सकता है, आसमान से चांद-तारे तोड़ कर ला सकता है, भले ही वह ऑफिस में कोई फाईल एक जगह से दूसरी जगह न पहुँचा सके। वैसे कहने को तो बहुत कुछ है क्योंकि मेरे पुतले बनने को अनुभव का सागर ही इतना बड़ा है कि क्या बताऊँ ? कभी-कभी मैं भी इसमें डूब जाता हूँ इसलिए मैं चाहता हूँ कि आप भी इसमें डूब जाए, गोते लगाये, तैरने न भी आता हो तो चलेगा क्योंकि इसमें डूबने वाले बड़े खुशनसीब होते हैं। मेरे अनुभव के सागर में गोता लगायेंगे तो पता चलेगा कि पुतला का अपना कुछ भी नहीं होता। हमेशा गृहलक्ष्मी के रहमों-करम पर मस्ती में जीता हैं। कुछ बोलता तक नहीं, बोलने का सिस्टम पुतले में होती ही नहीं, एक जमाना था जब मैं मंचों पर माइक लेकर लोगों को चुटकुले सुना-सुना कर हँसाया करता था। अब मैं स्वयं चुटकुला हो गया हूँ इसलिए सिर्फ श्रीमती ही हंसती है, हौले-हौले मुस्कुराती है। खैर छोड़िए पुतले को इन बातों से क्या लेना-देना, मैं भी इन चीजों का बुरा नहीं मानता क्योंकि श्रीमती का हर काम रूटीन से होता है और तो और पूरे सप्ताह के कार्य की रूपरेखा मुझसे बनवा रखा हैं। मसलन सप्ताह का पहला दिन यानी सोमवार को गृहलक्ष्मी जी का मौन व्रत रहता हैं, चौंक गए न? अब आप कहेंगे स्त्री और मौन व्रत, शर्मा जी, वार्ता के बहाने क्या मजाक कर रहे है, पर यह सत्य हैं, सारा काम मुझसे इशारे से ही करवा लेती है, बोलने की जरूरत ही नहीं पड़ती, मंगलवार को उनके मायके वाले सपरिवार मेरे घर में मंगल मनाने आते है और शाम होते-होते मेरे घर को जंगल बनाते हैं और इस जंगल में वे मुनलाईट डिनर करते हैं इस जंगल को पुनः घर बनाना मेरा काम होता है। बुधवार को आस-पास के सभी बुद्धू महिलाओं को घर पर बुला कर उन्हें स्मार्ट बनाने का काम होता है तथा पतियों पर अपनाये जाने वाले तमाम हथकंडों की जानकारी भी श्रीमती देती हैं। गुरूवार को उनका गुरू पर्व होता हैं यानी इस दिन वह अपने गुरूओं की पूजा करती है तथा सुबह-शाम का भोजन उन्हें खिलाती हैं। पहले गुरू वो है जिन्होंने श्रीमती को खींच-तान कर मैट्रिक की सीढ़ियाँ पार करवाया था। दूसरे गुरू ने श्रीमती की जगह खुद परीक्षा में बैठ कर स्नातक की परीक्षा पास करवाया था। मैट्रिक वाले गुरू दोपहर में आते हैं उन्हें बड़े आदर से सादा भोजन कराया जाता हैं। शाम को स्नातक वाले गुरू को मुर्ग-मुस्ल्लम परोसा जाता है ताकि आगे की परीक्षाओं में भी उनका सहयोग बना रहे। शुक्रवार को मैं भगवान का शुक्र मनाता हूँ क्योंकि यही दिन होता जब गृहलक्ष्मी जी दूसरे लक्ष्मियों के घर विजिट करती है तथा दिनभर वहीं डेरा रहती हैं और शाम को मेरे लिए खाना भी टीफिन में बांध कर लेती आती हैं। शनिवार का दिन तो मेरे लिए बड़ा ही शुभ-शुभ होता है इस दिन मेरी जमकर पूजा की जाती है इसके एवज में मैं सप्ताह भर के सारे गंदे कपड़ों की सफ़ाई करता हूँ उन पर चमक लाता हूँ क्योंकि रविवार को उन्हें कहीं न कहीं गोष्ठी, पाटी, सेमिनार या साप्ताहिक मीटिंग की अध्यक्षा भी हैं। इसलिए हर जगह से आमंत्रण आते रहते हैं और मैं उनके सारे कार्यक्रमों की रूपरेखा, भाषण इत्यादि तैयार कर देता हूँ। अब इतना साहसिक और रोमांचकारी अनुभव सुनाने के बाद तो यह तय ही है कि आप भी पुतला बनना पसंद करेंगे। अगर न भी बने तो कोई बात नहीं। इस विनोदवार्ता के बहाने आपसे वार्तालाप तो हो गया वर्ना पुतले कभी बोलते हैं। मैं तो कहता हूँ कि पुतला बनिए, काम पर भीड़िए।



# पुनर्विवाह

मालती के घर आज बहुत चहल-पहल और रौनक थी। मिनल अपने दोनों बच्चों, मानू-सानू के साथ आई हुई थी। उसे आज से सात साल पहले अपने द्वारा लिया गया निर्णय पर अत्यंत खुशी और आत्म संतुष्टि की अनुभूति हो रही थी। मिनल मालती के इकलौते फौजी बेटे अमर की बहू थी। जिसे मालती बड़े अरमानों से अपने घर की बहू बना कर लाई थी। लेकिन वक्त ने निर्मम प्रहार से उसका अरमानों का महल ध्वस्त हो गया। मात्र शादी के 6 माह पश्चात एक आतंकवादी अभियान में अमर वीरगति को प्राप्त हुआ। मालती की तो दुनिया ही उजड़ गई। लेकिन उस विषम परिस्थिति में उनकी बहू ने अपना दुख भूल कर उन्हें संभाला और वह उनकी बहू से बेटी में कैसे तब्दील हो गई पता ही न चला। अब उनकी दुनिया मिनल तक ही सिमटकर रह गई। वह मिनल को


रंजना वर्मा उन्मुक्त

अपनी आंखों से ओझल नहीं होने देना चाहती थी। मिनल दफ्तर जाती तो, उसके बैग में मालती का प्यार से बनाया हुआ टिफिन अवश्य रहता था। शाम में जब वह घर आती, तब मालती उसके साथ चाय पीती थी। इस तरह दोनों की जिंदगी पटरी पर चलने लगी थी। मिनल की मां इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करती थी। उनकी जब इच्छा होती वह आकर अपनी बेटी से मिल लेती थी। इस तरह एक दिन वह बेटी से मिलने आई हुई थी। एकांत पाकर उन्होंने मालती से कहा," मालती जी, मैं चाहती हूं कि मिनल का पुनर्विवाह हो जाए। मेरी नजर में एक लड़का है, वह डॉक्टर है और मिनल को पहले से जानता है। वह उससे शादी करने को भी तैयार है। "मिनल भी शादी के लिए तैयार है?"....मालती ने चौंकते हुए पूछा। "मालती जी ,उसे हमें तैयार करना होगा। अभी जब तक हम लोग हैं, तो ठीक है। लेकिन हमारे बाद उसका क्या होगा। उसका घर फिर से बस जाएगा, तो वह भी खुश हो जाएगी।" मिनल के खोने का डर मालती के चेहरे पर आ गया। वह उसके बिना कैसे रहेगी? क्षणभर उनके चेहरे पर स्वार्थ के बादल छा गए।

वह बोली," मुझे तो वह अब खुश दिखती है।" "बहन जी ,वह अपनी उदासी छुपाकर हम लोगों को खुश करने के लिए खुश रहने का अभिनय करती है। हम लोग लाख कोशिश करें, हम उसकी उदासी और अकेलापन को दूर नहीं कर सकते। हमारा यह फर्ज है कि हम अपनी बेटी का घर फिर से बसाएं।" मालती को अपने स्वार्थ पर अत्यंत शर्म आई। वह मिनल को अपनी बेटी मानती है। उन्हें उसकी खुशी के लिए उसका घर फिर से बसना ही होगा। वह बोल उठी,"ठीक है ,मेरी एक शर्त है ....कन्यादान मैं करूंगी।" मीनल की माँ रो पड़ी," हां, बिल्कुल आप ही करेंगी। उसकी माँ आप ही तो है।" " नानी कहानी सुनाओ न।" मालती वर्तमान में लौट आई। देखा ,मीनल के दोनों बच्चे सानू- मानू उसके बगल में लेटे हुए हैं ,और उससे कहानी सुनाने को बोल रहे हैं। उन्होंने मुस्कुराकर मिनल की ओर देखा, वह उन्हें प्यार से निहार रही थी।

# भीड़

वह भागते भागते थक चुका था। पैर जवाब दे रहे थे। कानों में सिर्फ आवाजें गूंज रही थीं ....चोर! चोर! चोर! अगर रुकता है तो आज शक में 'भीड़' उसकी प्राण भी ले सकती थी। वह कैसे बताए कि रेलवे ऑफिस में वह घुसा था.... शिकायत करने कि वह ट्रेन में अकेला है। न जाने माता-पिता किस स्टेशन पर उतर गए हैं? स्टेशन मास्टर अपने कुर्सी पर नहीं था। वह भ्रमित होकर उसी के कमरे में खड़ा था कि कुछ लोगों ने शक में उसकी ओर देखा। वह घबराया और बाहर निकल कर दौड़ पड़ा। लोग दौड़े जा रहे थे उसके पीछे। जैसे उस बच्चे को पकड़ कर वे न जाने कौन सा पुरस्कार पाने वाले हैं? वे यह भी जानने की कोशिश में नहीं थे कि यह भागता हुआ लड़का चुराया क्या है? तभी भीड़ में कोई चिल्लाया..." रुको,


डॉ. गीता सिन्हा गीतांजलि

रुको पूछो तो सही उसने चुराया क्या है?" सभी रुक गए। एक दूसरे का मुँह देखने लगे। खेतों को पार करते करते वह लड़का एक तालाब के पास जा रुका। वह चिल्लाया..."मैं रेलवे स्टेशन के उस कमरे में शिकायत करने गया था, चोरी नहीं।" दो आदमी रुके, एक ने उसके नजदीक पहुंचकर उसके हाथ को जोर से पकड़ा... "क्या तुम चोर नहीं हो?" उसने दृढ़तापूर्वक कहा... "नहीं। मैं शिकायत लेकर स्टेशन के उस कमरे में गया था। मेरे माता-पिता किसी स्टेशन पर उतर गए हैं। "" मैं अकेला हूँ। "वह रोने लगा, तब वे उस बच्चे को अपने साथ ले गए। 'भीड़' से उसे बचाकर सुरक्षित पहुँचाया। अब वही लोग बच्चे के माता-पिता की खोज कर रहे थे। वही 'भीड़' के लोग जो उसे चोर बताकर पीछा कर रहे थे, अब उसकी मदद में जुटे थे। वह दस बारह वर्षीय बालक का नाम था सगुना।

# अमृतसर शहर के संस्थापक मानवतावादी गुरु रामदास जी


डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

सिखों के पवित्र तीर्थ अमृतसर शहर का निर्माण चौथे गुरू रामदास जी ने करवाया था। यहां पहले एक छोटा -सा तालाब था जहां आकर गुरु ने अपनी कुटिया बसाई। तब इसे 'गुरु का चक्क '(रामदास पुर) कहा जाने लगा।बाद में तालाब के किनारे होने के कारण इसका नाम 'अमृतसर 'पड़ा। सन् 1577 ई में अमृतसर सरोवर की खुदाई शुरू की। इस सरोवर में बिना भेदभाव के कोई भी स्नान कर सकता था। शहर बसाने के लिए इन्होंने 52 प्रकार के व्यवसायियों और कारीगरों को बुलवाया था। फिर दूर- दराज से आकर लोग यहां बसने लगे। इन्होंने यहां रहने के लिए जो मकान बनवाया था उसे 'गुरु का महल' कहा जाता है। गुरु रामदास जी का जन्म 1534 ई में चूनी मंडी, लाहौर, पाकिस्तान में हुआ था। इनके बचपन का नाम 'जेठा' था। छोटी उम्र में ही 'माता दया' और पिता 'हरिदास' को खोने के बाद ये अपनी नानी के पास ' बासरके 'अमृतसर में आकर रहने लगे। गरीबी के कारण ये उबले हुए चने बेचकर गुजारा करते थे। फिर'गोइंदवाल ' में तीसरे गुरु अमरदास जी के संपर्क में आए और उनसे प्रभावित होकर उन्हें गुरु मानकर गुरु सेवा में लग गए किंतु चने बेचने का काम नहीं छोड़ा।

इनकी निः स्वार्थ सेवा, नम्रता, ईमानदारी, भक्ति-भाव इत्यादि गुणों को देखकर गुरु अमरदास जी ने 1553 ई में अपनी बेटी ' बीबी भानी ' की शादी रामदास जी से कर दी। 1574 ई में गोइंदवाल, जिला तरनतारन साहिब में गुरु अमरदास जी द्वारा इन्हें गुरु गद्दी प्राप्त हुई। उसके बाद इनका नाम 'गुरु रामदास'(गुरु का सेवक) पड़ा। इन्होंने सिखी का प्रचार करने के लिए 'मसंद प्रथा' की स्थापना की अर्थात गुरु के प्रतिनिधियों द्वारा दूर-दूर तक जाकर सिख सिद्धांतों का प्रचार करना। ये बहुत अच्छे कवि थे। गुरु ग्रंथ साहिब में इनके द्वारा रचित 30 रागों में करीब सात सौ श्लोक दर्ज हैं। इन्होंने सिखों की विवाह प्रणाली के लिए 'आनन्द कारज' वाणी की रचना की जिसे उच्चारण करते हुए विवाह विधि में ' लांवां या फेरे ' लिए जाते हैं। इस प्रकार इन्होंने सरल विवाह की गुरमत मर्यादा को सामने रखा और सिख पंथ के लिए विलक्षण वैवाहिक पद्धति दी जिसने समाज की रूढ़िवादी परंपराओं को दूर किया। गुरु नानक जी द्वारा चलाई गई लंगर प्रथा को इन्होंने विस्तार दिया।

इनकी वाणी का मूल आधार गुरु परंपरा से प्राप्त जीवन दर्शन है। इनके अनुसार गुरु और सेवक का रिश्ता बहुत भावनात्मक होता है। गुरु की वाणी में जीवन देने वाला 'नाम रूपी जल' होता है जिसे सेवक हमेशा हृदय में स्थापित रखता है। गुरु की वाणी ही गुरु है और गुरु वाणी का ही रूप है।

*वाणी गुरु, गुरु है वाणी*
*विच वाणी अमृत सारे।*

ईश्वर की भक्ति पर और कर्म की प्रधानता इनकी वाणी का सार है। कल्याणकारी भावनाओं से जुड़े इनके संदेश आज भी प्रासंगिक हैं। सन 1581ई गोइंदवाल में इन्होंने शरीर त्यागा।

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**

# कबीर छंद मुक्तक

दुर्घटना से देर भली है,अगर सुरक्षित जान।
कभी न करिए जल्दी बाजी,वरना है नुकसान।
जान बचे तो लाखों पाए, सत्य यही है बात-
घर परिवारों खातिर जीवन,होता रत्न समान।।


बिनोद बेगाना

खत्म किया वनवास राम ने,पूर्ण किया आदेश।
सदन वापसी हुई अवध में,बदल गया परिवेश।
तोरण द्वार सजा स्वागत में,घर-घर है आनंद-
मनी दिवाली खुश हैं सारे, मिटा सभी का क्लेश।
किस्मत जिनकी अच्छी होती, लगे न कौड़ी दाम। राम भरोसे ही चलता है, उन लोगों का काम। बिन मेहनत बिन कोशिशें के, मंजिल पाते खास-खानदान पद पैसा से वे,खूब कमाते नाम।
थोड़ा हटकर सोचें समझें,थोड़ा करें विचार।
कैसे मान बढ़े भारत का,और बने दमदार।
कैसे जल्दी मिटे अशिक्षा,रहे न छूत अछूत-
बढ़े ज्ञान विज्ञान चतुर्दिक,भागे भ्रष्टाचार।

## आज का दोहा

'आबनूस' सा हो रहा, क्यों विकास महसूस।
परेशान से घूमते, ईश्वर के जासूस।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पूर्वोत्तर भारत की परिधि नहीं, बल्कि देश की ग्रोथ स्टोरी का धड़कता दिल है : पीएम

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से शनिवार को कहा गया कि पूर्वोत्तर भारत की परिधि नहीं, नहीं बल्कि देश की ग्रोथ स्टोरी का धड़कता दिल है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि नए हवाई अड्डों से लेकर सशक्त स्वयं सहायता समूहों तक और कनेक्टिविटी से लेकर क्रिएटिविटी तक, अरुणाचल प्रदेश विकसित भारत की भावना को दर्शाता है।पीएमओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा लिखा गया एक आर्टिकल साझा किया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया के इस पोस्ट में उन्होंने देश की ग्रोथ स्टोरी में अरुणाचल प्रदेश के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। पीएमओ ने एक्स पर पोस्ट किया, "नए हवाई अड्डों से लेकर सशक्त स्वयं सहायता समूहों तक, कनेक्टिविटी से लेकर क्रिएटीविटी तक, अरुणाचल प्रदेश विकसित भारत की भावना को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया का यह आर्टिकल अवश्य पढ़ें।"केंद्रीय मंत्री सिंधिया अपने आर्टिकल को एक्स पर शेयर कर लिखते हैं कि हमारी 'अष्टलक्ष्मी' अब कोई दूर की सीमा नहीं, बल्कि भारत की प्रगति का एक जीवंत केंद्र है।उन्होंने बताया कि उनके लिखे आर्टिकल में उन्होंने अरुणाचल प्रदेश की जीरो घाटी की अपनी विस्मयकारी यात्रा का जिक्र किया है। उनके लिए यह यात्रा खास रही क्योंकि उन्होंने राज्य की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने के साथ उसके तेजी से बदलते रूप को देखा। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने राज्य की बदलती तस्वीर का श्रेय पीएम मोदी को दिया।अपने आर्टिकल में वे लिखते हैं कि जब भी मैं पूर्वोत्तर में कदम रखता हूं, मुझे नई ऊर्जा का एहसास होता है"।उन्होंने लिखा, "कई लोग इसे भारत की परिधि कहते हैं, लेकिन यह तो वह दिल है, जो अनेक रंगों, ध्वनियों और बनावटों में धड़कता है। मोतियों की एक माला, जो अनगिनत समुदायों, संस्कृतियों और जीवन-शैली से जुड़ी है और प्रकृति की शाश्वत लय में सहजता से गुंथी हुई है। कोई आश्चर्य नहीं कि हमारे प्रधानमंत्री इसे अष्टलक्ष्मी कहते हैं।"जीरो घाटी विश्व प्रसिद्ध जीरो म्यूजिक फेस्टिवल के लिए प्रसिद्ध है। इसे दुनिया के शीर्ष संगीत समारोहों में गिना जाता है। केंद्रीय मंत्री ने लिखा, "स्थानीय कारीगरों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और डिजिटल इंडिया तथा जनधन-आधार-मोबाइल की त्रिमूर्ति की बदौलत, कैशलेस पेमेंट आसान हो गया।"

## आत्मनिर्भर कृषि का संकल्प ने दो प्रमुख योजनाओं की शुरुआत की : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कृषि क्षेत्र में 35,440 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली दो प्रमुख योजनाओं, प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित एक विशेष कृषि कार्यक्रम में इन योजनाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, 24,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में वृद्धि, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और चयनित 100 जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है। मोदी ने इस दौरान कहा कि आज 11 अक्टूबर का ये दिन बहुत ही ऐतिहासिक है। आज नया इतिहास रचने वाले मां भारती के दो महान रत्नों की जन्म-जयंती है। भारत रत्न श्री जयप्रकाश नारायण जी और भारत रत्न श्री नानाजी देशमुख... ये दोनों ही महान सपूत ग्रामीण भारत की आवाज थे। लोकतंत्र के क्रांति के अगुआ थे। किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित थे। उन्होंने कहा कि आज इस ऐतिहासिक दिन, देश की आत्मनिर्भरता के लिए, किसानों के कल्याण के लिए दो महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत हो रही है।पहली, पीएम धन धान्य कृषि योजना और दूसरी, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये दोनों योजनाएं भारत के करोड़ों किसानों का भाग्य बदलने का काम करेगी। इन योजनाओं पर भारत सरकार करीब 35 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने वाली है। उन्होंने कहा कि खेती और किसानी हमेशा से हमारी विकास यात्रा की हिस्सा रही है। बहुत जरूरी होता है कि बदलते समय के साथ खेती-किसानी को सरकार का सहयोग मिलता रहे। लेकिन दुर्भाग्य से पहले की सरकारों ने खेती-किसानी को अपने हाल पर छोड़ दिया था। इसलिए भारत की कृषि व्यवस्था लगातार कमजोर होती जा रही थी। 21वीं सदी के भारत को तेज विकास के लिए अपनी कृषि व्यवस्था में भी सुधार करना आवश्यक था और इसकी शुरुआत 2014 के बाद से हुई।

# रिलायंस का सीएफओ 68 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी अनिल अंबानी के रिलायंस समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी को धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, रिलायंस पावर के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अशोक पाल को शुक्रवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया। ईडी करोड़ों रुपये के कई बैंक धोखाधड़ी मामलों में अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह से जुड़ी कंपनियों की जांच कर रहा है। अशोक कुमार पाल रिलायंस पावर लिमिटेड (आरपीएल) के मुख्य वित्तीय अधिकारी हैं।आरपीएल एक सूचीबद्ध कंपनी है जिसके 75% से अधिक शेयर जनता के पास हैं। ईडी ने कहा कि उन्होंने एक सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी से धन के हेर-फेर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बोर्ड के प्रस्ताव ने उन्हें (और अन्य लोगों को) एसईसीआई के बीईएसएस निविदा के सभी दस्तावेजों को अंतिम रूप देने, अनुमोदित करने, हस्ताक्षर करने और निष्पादित करने, और बोली के लिए आरपीएल की वित्तीय क्षमता का उपयोग करने का अधिकार दिया। उन्होंने इस सार्वजनिक उपक्रम को धोखा देने के इरादे से एसईसीआई को 68 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बैंक गारंटी जमा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने एसईसीआई निविदा में इस्तेमाल की गई जाली बैंक गारंटी योजना की योजना, पर्यवेक्षण, वित्त पोषण और उसे छिपाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने फर्जी बैंक गारंटी प्रदान करने के लिए बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड को चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीटीपीएल एक छोटी सी संस्था है जो आवासीय पते से संचालित होती है और जिसका कोई विश्वसनीय बैंक गारंटी रिकॉर्ड नहीं है, और विक्रेता की जाँच-पड़ताल के बिना, एक नकली बैंक गारंटी तैयार की। बीटीपीएल के निदेशक, श्री पार्थ सारथी बिस्वाल पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं।उन्होंने करोड़ों रुपये के फर्जी परिवहन चालान के माध्यम से धन की हेराफेरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सामान्य एसएपी/विक्रेता मास्टर वर्कफ़्लो के बाहर, टेलीग्राम/व्हाट्सएप के माध्यम से रिलीज़ को मंजूरी दी और कागजी कार्रवाई में मदद की। धोखाधड़ी की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि रिलायंस पावर समूह ने फर्स्टरैंड बैंक, मनीला, फिलीपींस से बैंक गारंटी जमा की थी। जबकि सच्चाई यह है कि फिलीपींस में फर्स्टरैंड बैंक की कोई शाखा नहीं है।

# जीएसटी में कमी और एमएसपी वृद्धि से किसानों की तकदीर बदलेगी : शिवराज

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) स्लैब में कमी से किसानों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि किसान ट्रैक्टर सहित कृषि उपकरणों पर अच्छी-खासी बचत कर रहे हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अभी-अभी, कृषि मशीनों पर जीएसटी कम करने से किसानों को बड़ी राहत मिली है; छोटे ट्रैक्टरों पर लगभग 23,000 रुपये की बचत होगी। 35 हॉर्सपावर वाले ट्रैक्टर पर लगभग 43,000 रुपये की बचत होगी। बड़े ट्रैक्टरों पर लगभग 65,000 रुपये की बचत होगी। विभिन्न उपकरण सस्ते कर दिए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने किसानों के कल्याण को सर्वोपरि रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और अमेरिका से शुल्कों के बीच किसानों के कल्याण की रक्षा के लिए सरकार के अडिग रुख को याद किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी, किसानों के कल्याण को सर्वोपरि रखने के लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं। इसीलिए आपने इसी मंच से घोषणा की थी कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने की केंद्र की पहल पर प्रकाश डालते हुए, बुवाई का मौसम शुरू होते ही, चौहान ने कहा, "एमएसपी बढ़ाकर, प्रधानमंत्री ने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी उपज का सही और पूरा मूल्य मिले। हम प्रधानमंत्री के आभारी हैं क्योंकि पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत अब तक किसानों के खातों में डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण) के माध्यम से 3 लाख 90 हजार करोड़ रुपये जमा किए जा चुके हैं।"केंद्र सरकार ने रबी विपणन सत्र 2026-27 के लिए एमएसपी को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 297 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) खरीद का अनुमान है और किसानों को एमएसपी पर लगभग 84,263 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। 2026-27 के आरएमएस में, गेहूँ के लिए उत्पादन लागत पर मार्जिन 109 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर है। उल्लेखनीय है कि 2028-29 तक अरहर, उड़द और मसूर का 100 प्रतिशत से अधिक उत्पादन खरीदा जाएगा, जिसमें मार्च 2025 तक 2.46 लाख मीट्रिक टन अरहर की खरीद हो चुकी है।

## महाराष्ट्र सरकार का किसानों के लिए राहत पैकेज इतिहास का सबसे बड़ा मजाक: उद्धव



**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राज्य की देवेंद्र फडणवीस सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित हालिया राहत पैकेज को शनिवार को इतिहास का "सबसे बड़ा मजाक" करार दिया।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने छत्रपति संभाजीनगर शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यदि महाराष्ट्र सरकार बाढ़ और बारिश से प्रभावित किसानों के लिए पूर्ण ऋण माफी की घोषणा करने में विफल रहती है तो किसान सड़कों पर उतरेंगे।

ठाकरे ने कहा, "महाराष्ट्र सरकार द्वारा किसानों के लिए घोषित वित्तीय सहायता इतिहास का सबसे बड़ा मजाक है।" उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में महाराष्ट्र के दौरे पर किसानों के बारे में कुछ नहीं कहा।

मोदी ने बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया था। ठाकरे ने यह भी कहा कि भारी बहुमत के बावजूद, सरकार राज्य विधानसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त करने से डर रही है।

इस सप्ताह की शुरुआत में, राज्य सरकार ने बारिश और बाढ़ के कारण भारी नुकसान झेलने वाले किसानों के लिए 31,628 करोड़ रुपये के मुआवजे के पैकेज की घोषणा की थी और कहा था कि कुल सहायता 48,000 रुपये प्रति हेक्टेयर होगी।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि सरकार समय आने पर ऋण माफी की घोषणा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को हुए नुकसान पर केंद्र को सौंपने के लिए एक व्यापक ज्ञापन तैयार किया जा रहा है।

### बिहार एनडीए में सीट बंटवारे की खींचतान, जीतन राम मांझी बोले-

# एनडीए में सीट बंटवारे पर जल्द फैसला, मांझी ने दोहराई एकजुटता

एजेंसी। पटना



बिहार चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर एनडीए में जारी खींचतान के बीच, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को एनडीए के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि सीटों के बंटवारे पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। मीडिया से बात करते हुए, मांझी ने कहा कि फैसला होना ही है। हम एनडीए के गठबंधन सहयोगी हैं। एनडीए के नेता दिल्ली में हैं और हम भी अब दिल्ली जा रहे हैं। हम अनुशासित लोग हैं और हम अनुशासित रहेंगे। बिहार चुनाव 6 और 11 नवंबर को होने हैं, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने सीट बंटवारे को लेकर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की नाराजगी की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि एनडीए

## हम अनुशासित रहेंगे

एकजुट है और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने के लिए तैयार है। शुक्रवार को एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा, "एनडीए गठबंधन को लेकर सभी चर्चाएँ पूरी हो चुकी हैं। बस औपचारिक घोषणा बाकी है। हमारा मानना है कि कल शाम तक इसकी घोषणा हो जाएगी। केंद्रीय नेतृत्व ही इसकी घोषणा करेगा।"

जायसवाल ने आगे कहा कि कई लोग अटकलें लगा रहे हैं। लेकिन जब 243 विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन चल रहा था, तब मैंने कहा था कि एनडीए पूरी एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है और आगामी चुनावों में भारी बहुमत से सरकार बनाएगा। जो लोग ऐसी चर्चाएँ करते थे, वे अब शांत हो गए हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आगामी एनडीए बैठक बेहतर सरकार, सुशासन और बेईमानी की राजनीति से मुक्ति सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

### डीके शिवकुमार ने सीएम पद की अटकलों को नकारा, बोले-

# कांग्रेस में सत्ता परिवर्तन पर बोलने वालों को नोटिस देने के निर्देश

एजेंसी। कर्नाटक



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि लोग भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। शिवकुमार ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कर्नाटक में नेतृत्व के मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की थी, बल्कि केवल राज्य के अच्छे दिनों पर चर्चा की थी। उन्होंने कहा कि मैंने नेतृत्व के मुद्दे पर कुछ भी नहीं कहा है। इस मुद्दे पर कुछ गलतफहमी है। कुछ निवासियों ने कहा कि अच्छे दिन आने वाले हैं। डीके शिवकुमार ने कहा कि ऐसा नहीं है कि मुझे नहीं पता; कुछ मीडिया वाले भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। आपको भ्रमित होने की ज़रूरत नहीं है। मुझे पता है कि मेरा समय कब है। मेरा समय यह देखने का है कि मैं 2028 में कर्नाटक में कांग्रेस सरकार वापस लाऊँ। यही मेरी प्राथमिकता है। यह तब हुआ जब लालबाग में एक जनसंपर्क अभियान के दौरान एक व्यक्ति ने उनसे कर्नाटक सरकार के बारे में कई सवाल पूछे।हालाँकि, राज्य सरकार में मंत्रिमंडल में फेरबदल की खबरें हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 13 अक्टूबर को मंत्रियों की रात्रिभोज बैठक बुलाई है, लेकिन मंत्रिमंडल में फेरबदल की किसी भी अटकल को खारिज करते हुए कहा कि यह एक अनौपचारिक बैठक होगी। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि मुझे मंत्रियों को भोजन पर आमंत्रित किए हुए काफी समय हो गया है, इसलिए मैंने उन्हें सिर्फ़ इसी के लिए बुलाया है। इस रात्रिभोज का मंत्रिमंडल में फेरबदल से कोई संबंध नहीं है। हालाँकि, शिवकुमार ने पिछले हफ़्ते कांग्रेस में अपने सहयोगियों को कर्नाटक सरकार में सत्ता परिवर्तन पर सार्वजनिक रूप से चर्चा करने के ख़िलाफ़ चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के कार्यकारी अध्यक्ष जीसी चंद्रशेखर को निर्देश दिया है।

# आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन अच्छा रहेगा। अकारण शुरु हुई बाधाओं का अन्त अपने आप ही हो जाएगा। आज आपके ननीहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज अचानक से आपको किसी धार्मिक कार्य में सहयोग देने का अवसर मिलेगा।

**वृष :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आर्थिक तौर पर थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। आज किसी विदेशी कंपनी से आपकी साझेदारी हो सकती है। इसका लाभ आपको आने वाले समय में मिलेगा। आज पड़ोसियों के साथ मिलकर कोई सामाजिक कार्य में सहयोग देंगे। इससे लोगों के बीच आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन :** आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आज बड़ों से प्रेरणा लेकर काम की पहल करने की जरूरत है। अपना आर्थिक लक्ष्य पाने के लिए अपनी रचनात्मक क्षमता काम में लायेंगे तो आपको अच्छा खासा फायदा होगा। कोई भी नया बिजनेस शुरु करने से पहले अनुभवी लोगों से सलाह जरूर लें।

**कर्क :** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया वाला रहेगा। आज किसी मेहमान के घर आने का योग है जिससे आप घर के कामो में थोड़ा बिजी रह सकते हैं। दाम्पत्य जीवन के रिश्तों में थोड़ी अनबन हो सकती है, इसलिए जितना हो सके अपने साथी को समझने की कोशिश करें।

**सिंह :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज ऑफिस में किसी सहकर्मी के साथ वाद विवाद की स्थिती बन सकती है, आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरुरत है। बच्चों के स्वास्थ्य में आज थोड़ा उतार-चढ़ाव आ सकता है। किसी अच्छे डाक्टर की सलाह से आगे बढ़ने की जरुरत है।

**कन्या :** आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। नौकरी के मामलों में आप बेहद व्यावहारिक भी रहेंगे। आप हर समस्या से आसानी निपट लेंगे। आपके मन में कोई योजना चल रही है उससे आपको कोई बड़ा फायदा मिल सकता है। आज आपके ज्यादातर काम जो अधूरे थे वो पूरे हो जाएंगे।

**तुला :** आज आपका दिन सामान्य लाभ देने वाला रहेगा। आज किसी के मामलों में दखल देने से बचें। आज किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा ना लगाएं। आपका लगाया हुआ धन फस भी सकता है। आज आपका प्रिय दोस्त आपको जो सलाह दें उसे मान लें। किसी भी तरह की परेशानी हो तो दोस्तों के साथ शेयर करें।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहेगा। आज आप सबसे पहले खुद के कामों का निपटारा करेंगे। आप के सभी रुके हुए काम पूरे हो जायेंगे। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग आपको मिलेगा। आपके कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा भी होगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहेगा।

**धनु :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपका मन उमंग से भरा रहेगा। हर कोई आपकी राय या बात को ध्यान से सुनेगा। अपने आप को सही साबित करने में आज आपको मुश्किल नहीं होगी। आज कोई जोखिम भरा काम करने से बचें। घर से बाहर निकलते समय सावधानी जरूर बरतें।

**मकर :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कोर्ट-कचहरी के कामों का निपटारा तुरंत हो जायेगा। किसी सरकारी वकील का सहयोग भी आपको मिलेगा। इंजीनियरिंग की फिल्ड से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन परिवर्तन करने वाला रहेगा। आज आप जॉब चेंज भी कर सकते हैं।

**कुंभ :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका मन सामाजिक कार्यों में अत्यधिक लगेगा। आज विद्यार्थि अपने प्रिय शिक्षको की मदद से मन पसंद विषय में दाखिला ले सकते हैं। आज का दिन अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का है। आज आपको किसी अपने की बात का बुरा लग सकता है।

**मीन :** आज आपका दिन पहले से अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो निश्चित समय पर पूरा होगा। आज करियर से संबंधित नए अवसर आपको मिल सकते हैं। आपकी किसी नए फर्म में नौकरी भी लग सकती है। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केट से जुड़े विषयों में दाखिला ले सकते हैं।

# ओवैसी को नीतेश राणे की खुली धमकी

एजेंसी। नई दिल्ली



अहिल्यानगर के मुकुंदनगर स्थित सीआईवी ग्राउंड में एआईएमआईएम सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी की जनसभा हुई। इस बैठक में एमआईएम नेता वारिस पठान ने भाजपा नेता और मंत्री नितेश राणे पर हमला बोला। वारिस पठान ने मंत्री नितेश राणे को धमकी देते हुए कहा था आप दो पैरों पर आएंगे और स्ट्रेचर पर जाएंगे। मंत्री नितेश राणे ने इसका जवाब दिया है। कल की सभा अहमदनगर में नहीं, अहिल्यानगर में हुई थी। भौंकने वाले कुत्ते काटते नहीं। वे अहिल्यानगर में घूम रहे थे। वे कहते हैं कि वे कानून-व्यवस्था में विश्वास रखते हैं, लेकिन वे अहिल्यानगर नाम में विश्वास नहीं रखते, वे औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने में विश्वास नहीं रखते। राणे ने कहा कि क्या ये पाकिस्तान है? क्या ये शरिया है? जिनके विचारों ने पिलावल को जन्म दिया, वो भारत की आज़ादी के ख़िलाफ़ थे। एक सरकार के तौर पर हमें ये देखना होगा कि हमें आपकी बैठकें करनी चाहिए या नहीं। नितेश राणे ने जवाब देते हुए कहा है कि हरे सांप हिल गए हैं, हिंदुत्व की सरकार है। अगर माहौल बिगाड़ने की कोशिश हुई तो सरकार को भी सोचना पड़ेगा कि सभा की अनुमति देनी है या नहीं। पैगम्बर साहब कुरान पर बोलते हुए भड़क जाते हैं। जब तुम हमारी देवियों के हाथ तोड़ते हो, तो क्या हम बोलना नहीं चाहते? अगर आप हर जगह "आई लव मोहम्मद" के पोस्टर लगाकर हमें धमकाते हैं, तो हमें अपनी तीसरी आँख खोलने पर मजबूर मत कीजिए। सच्चा सनातनी हिंदू वह है जो अंबेडकर को मानता है। शिवशक्ति वह है जो भीमशक्ति को मानता है।

नितेश राणे ने कहा कि वे शरिया लाना चाहते हैं, वे अंबेडकर को नहीं मानते। हिंदुत्व कार्यकर्ताओं के रूप में, हम पजामे का फंदा खोलना जानते हैं।

# हुक्मरानों का पूर्वाग्रह बड़े अधिकारी को भी सामाजिक न्याय की कसौटी से वंचित रखता है: सोनिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार की पत्नी को शोक संदेश भेजकर दुख जताया और कहा कि आज भी हुक्मरानों का पूर्वाग्रह से ग्रस्त पक्षपातपूर्ण रवैया बड़े से बड़े अधिकारी को भी सामाजिक न्याय की कसौटी से वंचित रखता है।भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी पूरण कुमार ने बीते मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली थी और उन्होंने एक 'सुसाइड नोट' छोड़ा था। गांधी ने कुमार की पत्नी अमनीत पी. कुमार को 10 अक्टूबर को भेजे पत्र में लिखा, आपके पति व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्री वाई. पूरण कुमार के देहांत की खबर स्तब्ध करने वाली भी है और मन को व्यथित करने वाली भी। अपार मुश्किल की इस घड़ी में मेरी ओर से आपके अलावा पूरे परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं। उन्होंने कहा कि कुमार का देहावसान यह याद दिलाता रहेगा कि आज भी हुक्मरानों का पूर्वाग्रह से ग्रस्त पक्षपातपूर्ण रवैया बड़े से बड़े अधिकारी को भी सामाजिक न्याय की कसौटी से वंचित रखता है।


**राजनीतिक मुद्दा** | शरणार्थियों और घुसपैठियों के बीच का अंतर बताते हुए अमित शाह ने पूछा-

# राजस्थान, गुजरात सीमा से क्यों नहीं होती घुसपैठ?

- कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल कर रहे

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ताजा भाषण 'घुसपैठ, जनसांख्यिकीय परिवर्तन और लोकतंत्र' के विषय पर न केवल राजनीतिक विमर्श में नया मोड़ ला रहा है, बल्कि इसके सामरिक और भूराजनीतिक आयाम भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अमित शाह ने अपने भाषण में स्पष्ट किया कि घुसपैठ कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने इस खतरे को केवल सीमा सुरक्षा का सवाल नहीं बल्कि राज्य और केंद्र दोनों की जिम्मेदारी के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि भारत की सीमा नीति में सहयोग और समन्वय की आवश्यकता है। अमित शाह ने विशेष रूप से कहा कि कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को वोट बैंक के रूप में देखते हैं और यही कारण है कि कुछ राज्यों में अवैध प्रवासियों को संरक्षण मिलता है। यह आरोप न केवल विपक्ष पर निशाना साधता है बल्कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अवैध हस्तक्षेप की संभावना की ओर भी इशारा करता है। उनके द्वारा दिए गए आंकड़े, जैसे असम में मुस्लिम जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 29.6 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में 70 प्रतिशत तक का उछाल, घुसपैठ और जनसांख्यिकीय परिवर्तन के प्रति गंभीर चेतावनी हैं। यह आंकड़े राजनीतिक विमर्श के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भूराजनीतिक दृष्टि से अमित शाह ने यह सवाल उठाया कि गुजरात और राजस्थान की सीमाओं पर घुसपैठ क्यों नहीं होती, जबकि पूर्वी सीमाओं पर यह बढ़ रही है। यह सीधे तौर पर सीमा प्रबंधन और पड़ोसी देशों— विशेषकर बांग्लादेश और पाकिस्तान, के साथ भारत की सुरक्षा रणनीति की जटिलताओं को उजागर करता है।



## गृह मंत्री ने मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया का किया समर्थन

केंद्रीय गृह मंत्री ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का समर्थन करते हुए शुक्रवार को कहा कि मतदाता सूची में घुसपैठियों का शामिल होना संविधान की भावना को दूषित करता है और मतदान का अधिकार केवल देश के नागरिकों को ही उपलब्ध होना चाहिए। समाचार पत्र 'दैनिक जागरण' के पूर्व प्रधान संपादक नरेंद्र मोहन की स्मृति में 'घुसपैठ, जनसांख्यिकीय बदलाव और लोकतंत्र' विषय पर व्याख्यान देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र घुसपैठियों से निपटने के लिए 'पता लगाने, हटाने और निर्वासित करने' की नीति का पालन करेगा। अमित शाह ने कहा कि घुसपैठ और निर्वाचन आयोग की कवायद एसआईआर को राजनीतिक नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह एक राष्ट्रीय मुद्दा है।

# रेयर अर्थ मेटल्स को लेकर अमेरिका-चीन टैरिफ वार व भारत

-ब्यूरो



- चीन ने 12 दुर्लभ धरती तत्वों पर सख्त निर्यात नियंत्रण लगाए, अब किसी उत्पाद में 0.1% भी चीनी तत्व हो, तो लाइसेंस जरूरी
- ट्रंप की धमकी - "1 नवंबर से 100% अतिरिक्त कर लगाऊंगा"
- दुर्लभ धरती तत्व - नीयोडिमियम, डिस्प्रोसियम जैसे 17 तत्व - चिप्स, ईवी मोटर, पवन टरबाइन और मिसाइलों आदि के लिए जान हैं, चीन इनके 70% खनन व 90% शुद्धिकरण करता है
- भारत ने 2024 में 460 टन दुर्लभ तत्व आयात किए, जिनका 93% चीन से आया, 2025 में यह आंकड़ा 870 टन तक पहुंचा

**नई दिल्ली।** स्थित यह बनती जा रही है कि चेन्नई के एक छोटे से वर्कशॉप में, 26 साल के युवा इंजीनियर ने अपनी आधी बनी इलेक्ट्रिक स्कूटर मोटर को घूर रहे थे। सुबह के 8 बजे, फैक्ट्री का गेट बंद था। सप्लायर का फोन आयाः " नीयोडिमियम चुंबक नहीं मिल रहे। चीन ने निर्यात रोक दिया है। अमेरिका के कर से कीमतें आसमान छू रही हैं।" युवा इंजीनियर का चेहरा सफेद पड़ गया। उसकी कंपनी, जो 10 युवाओं को नौकरी देती थी, अब दिवालिया होने की कगार पर थी। "हमने 2 साल लगाए, लेकिन ये दुर्लभ धरती तत्व बिना सब बेकार," उसने दोस्त से कहा। युवा इंजीनियर जैसे हजारों युवा उद्यमी आज भारत की हकीकत झेल रहे हैं। 2025 में अमेरिका-चीन के दुर्लभ धरती तत्वों पर छिड़ा व्यापार युद्ध भारत की हालत और खराब कर रहा है। विशेषकर ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए 50 % टैरिफ के बाद। हमारी निर्भरता इतनी गहरी है कि ईवी से लेकर रक्षा तक हर क्षेत्र में संकट मंडरा रहा है । ऐसे बनते हालात को आंकड़ों व तथ्यों के साथ देखने के लिए आगे बढ़ते हैं। यह संकट अप्रैल 2025 से पनप रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी सामानों पर 145% कर लगाया, तो चीन ने जवाब में 125% कर ठोक दिया। 9 अक्टूबर को चीन ने "घोषणा संख्या 61" जारी की, जिसमें 12 दुर्लभ धरती तत्वों पर सख्त निर्यात नियंत्रण लगाए। अब किसी उत्पाद में 0.1% भी चीनी तत्व हो, तो लाइसेंस जरूरी। ट्रंप ने 10 अक्टूबर को धमकी दीः "1 नवंबर से 100% अतिरिक्त कर लगाऊंगा।" दुर्लभ धरती तत्व – नीयोडिमियम, डिस्प्रोसियम जैसे 17 तत्व – चिप्स, ईवी मोटर्स, पवन टरबाइन और मिसाइलों के लिए जान हैं। चीन 70% खनन और 90% शुद्धिकरण नियंत्रित करता है। 10 अक्टूबर को नैस्डैक 2.6% गिरा, ईवी शेयरों में 5-10% की छंटनी। लेकिन भारत पर असर सबसे घातक।

भारत दुर्लभ धरती में दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा भंडार रखता है – 6.9 मिलियन टन। फिर भी, वित्त वर्ष 2024 में हमने 460 टन दुर्लभ तत्व आयात किए, जिनका 93% चीन से आया। 2025 में यह आंकड़ा 870 टन तक पहुंचा, ज्यादातर चीन से। घरेलू उत्पादन? इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड सालाना सिर्फ 2,000 टन शुद्ध करती है, जबकि जरूरत 10,000 टन से ज्यादा। सितंबर 2025 में चीन ने भारत को भारी चुंबक निर्यात फिर शुरू किया, लेकिन अमेरिका को री-एक्सपोर्ट न करने की शर्त पर। अब कंपनियां लाइसेंस के लिए लाइनों में लगी हैं – संख्या दोगुनी हो गई। युवा इंजीनियर जैसे युवा उद्यमी सोचते हैं, "हमारा भंडार बेकार पड़ा है, क्योंकि शुद्धिकरण की तकनीक ही नहीं।"

ईवी क्षेत्र में संकट सबसे तीव्र- भारत का लक्ष्य 2030 तक 30% वाहन ईवी बनाना है, लेकिन नीयोडिमियम चुंबक की कमी से उत्पादन ठप। जून 2025 में चीन के प्रतिबंध से ऑटो फैक्ट्रियां रुकीं – 20% उत्पादन प्रभावित। युवा इंजीनियर की कंपनी ने 50 स्कूटर का ऑर्डर खत्म हो गया। 10 युवाओं की नौकरी गई। एक सर्वे में 60% ईवी स्टार्टअप्स ने बताया कि लागत 20-30% बढ़ी।

**एक्स पर एक उद्यमी ने लिखा :** "चीन ने अनौपचारिक रूप से भारी चुंबक निर्यात रोका। वाहन निर्माण में भारी समस्या। 90% दुर्लभ तत्व चीन पर निर्भर।" युवा इंजीनियर रातें जागकर वैकल्पिक मोटर डिजाइन कर रहे, लेकिन सफलता दूर।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र भी चूर हो रहा- भारत का 76,000 करोड़ सेमीकंडक्टर मिशन चीन पर 80% निर्भर। 0.1% नियम से चिप उत्पादन में देरी – कीमत 15-25% बढ़ेंगी।

**बैंगलोर के एक युवा डेवलपर ने एक्स पर शेयर किया :** "हमारा एआई प्रोजेक्ट रुका। दुर्लभ तत्वों की कमी से चिप्स महंगे। नौकरी खतरे में।" 2025 में 5,000 युवा इंजीनियर बेरोजगार हो चुके – क्योंकि स्टार्टअप्स बंद हो रहे। रक्षा क्षेत्र में खतरा और गहरा- मिसाइल, रडार और लेजर के लिए दुर्लभ तत्व जरूरी। भारत 95% आयात पर निर्भर। जुलाई 2025 में चीन के प्रतिबंध से रक्षा उत्पादन 15% प्रभावित।

**एक पूर्व सैनिक उद्यमी ने एक्स पर लिखा :** "रक्षा स्टार्टअप में चुंबक न मिलने से प्रोजेक्ट रुका। युवा इंजीनियर निराश।" नौकरियां गईं, सपने टूटे। नवीकरणीय ऊर्जा में भी परेशानी - पवन टरबाइन के लिए डिस्प्रोसियम जरूरी, लेकिन सप्लाई 30% घटी।

**गुजरात के एक युवा टेक्नीशियन ने बताया:** "हमारा सोलर प्रोजेक्ट रुका। कीमतें दोगुनी, लेकिन ग्राहक भाग गए।"

**एक्स पर बहस :** "ईवी/नवीकरणीय प्रयास चीन के चुंबक निर्यात प्रतिबंध से पीड़ित।" 2025 में 40,000 युवा जॉब्स खतरे में। ये कठिनाइयां सिर्फ आंकड़े नहीं, लाखों उद्यमियों व कर्मियों के दर्द हैं। युवा इंजीनियर ने फैक्ट्री बंद कर दी, अब डिलीवरी बॉय बन गया। एक अन्य ने विदेश जाने का फैसला किया।

**एक ने एक्स पोस्ट में लिखा:** "11 साल बाद भी प्रोसेसिंग क्षमता नहीं। ईवी महत्वाकांक्षाएं ढह रही। नौकरियां लटक रही।" भारत फंबल कर रहा – विकल्प सालों दूर। मुद्रास्फीति 1-2% बढ़ी, छोटे उद्योग टूट रहे। युवा निराश, उद्यमी हार मान रहे। यह टैरिफ़ वार सबक़ दे रहा है - निर्भरता अभिशाप है। लेकिन सच्चाई कड़वी – बिना ठोस कदम, भरपूर संसाधन , भरपूर मदद के हमारा संघर्ष बहुत लंबा चलेगा।

### 11 अरब डॉलर फंडिंग का आईएमएफ ने मांगा हिसाब

## चीन-अमेरिका के आगे हाथ फैला रहा पाक

नई दिल्ली (आईएएनएस)



- विदेशी ऋण वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 135 अरब डॉलर तक पहुंच गया है

भारत का पड़ोसी देश पाकिस्तान आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान से 11 अरब डॉलर का हिसाब मांग लिया है। आईएमएफ से फटकार लगने के बाद पाकिस्तान अब चीन और अमेरिका समेत दुनिया के अन्य देशों के सामने हाथ फैला रहा है। ज्ञात हो कि पाकिस्तान अब तक वित्तीय सहायता और रक्षा उपकरणों की आपूर्ति के लिए चीन से संपर्क कर रहा था, जबकि अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों ने उसे ऋण और कुछ हथियार व गोला-बारूद हासिल करने में भी मदद की थी।

हालांकि, पाकिस्तान की इस समय स्थिति ऐसी हो चुकी है कि वह रणनीतिक और सुरक्षा संबंधी मामलों के लिए चीन के सामने हाथ फैला रहा है, लेकिन आर्थिक, व्यापारिक और संस्थागत समर्थन के लिए अमेरिका से मदद मांग रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान का कुल विदेशी ऋण वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में लगभग 135 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। पाकिस्तान के ऊपर पहले से ही चीन का लगभग 30 अरब डॉलर का अनुमानित लोन बकाया है। ज्ञात हो कि चीन ने पाकिस्तान को भारी मात्रा में लोन दिया हुआ है। यह लोन पाकिस्तान में बुनियादी ढांचा निवेश और बंदरगाहों, ऊर्जा और परिवहन परियोजनाओं के लिए राज्य समर्थित वित्तपोषण के लिए दिया गया था।

### पाक के व्यापार आंकड़ों के हिसाब किताब पर आईएमएफ ने जताई चिंता

अफगानिस्तान के खामा प्रेस ने शनिवार को खुलासा किया है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पिछले दो वित्तीय वर्षों में पाकिस्तान के व्यापार आंकड़ों में 11 अरब डॉलर के हिसाब-किताब पर चिंता जताई है। पाकिस्तान रेवेन्यू ऑटोमेशन लिमिटेड (पीआरएएल) द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 में बताए गए आयात के आंकड़े पाकिस्तान सिंगल विंडो के आंकड़ों से 5.1 अरब डॉलर कम थे और वित्त वर्ष 2024-25 में यह अंतर और बढ़कर 5.7 अरब डॉलर हो गया। अफगानिस्तान की न्यूज एजेंसी ने दावा किया कि पाकिस्तान ने आंकड़ों की विश्वसनीयता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। इस वजह से आईएमएफ ने निवेशकों का विश्वास बहाल करने के लिए सुधारात्मक उपायों और एक स्पष्ट संचार रणनीति की मांग की है।

### लौकी, पालक व दही से बनी रोटी से दूर करें विटामिन बी12 व डी की कमी

## हर 10 में से 8 लोग इन जरूरी विटामिन की कमी से जूझ रहे हैं



- ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शरीर में लगातार थकान, जोड़ों में दर्द, एकाग्रता की कमी या बार-बार बीमार पड़ना — यदि आप इन लक्षणों से जूझ रहे हैं तो सतर्क हो जाइए। ये संकेत हो सकते हैं कि आपके शरीर में विटामिन बी12 व विटामिन डी की गंभीर कमी है। शोध बताते हैं कि हर 10 में से 8 लोग इन ज़रूरी विटामिन की कमी से जूझ रहे हैं, और अक्सर इन्हें सामान्य कमजोरी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक बेहद सरल और सस्ता घरेलू नुस्खा, इस कमी को प्राकृतिक तरीके से दूर कर सकता है? सिर्फ लौकी, पालक और दही मिलाकर गेहूं के आटे की रोटी बनाई जाए, और उसे रात भर फर्मेंट किया जाए — तो ये रोटी बन जाती है विटामिन बी 12 और डी का प्राकृतिक स्रोत।

स्वस्थ शरीर के लिए रसोई से शुरुआत करें- आज के समय में जब बाजार में फोर्टिफाइड फूड्स और महंगे सप्लीमेंट्स की भरमार है, तब घर की रसोई में बना यह साधारण नुस्खा न केवल सेहतमंद है बल्कि जेब पर भी भारी नहीं पड़ता। लौकी, पालक और दही से बनी यह फर्मेंटेड रोटी, हमारे पुराने भारतीय खानपान की परंपरा को फिर से जीवित करती है — जहां भोजन सिर्फ पेट भरने का नहीं, बल्कि शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम होता था।

### विटामिन बी 12 व डी की कमी : एक नजर में

| विटामिन | कमी के लक्षण | स्रोत |
|---|---|---|
| बी12 | थकान, सिरदर्द, भूलने की आदत, झुनझुनी, एनीमिया | मांसाहारी खाद्य, डेयरी, सप्लीमेंट |
| डी | हड्डियों में दर्द, मांसपेशियों की कमजोरी, इम्यून सिस्टम कमजोर | सूरज की रोशनी, मछली, अंडा, फोर्टिफाइड फूड |

**नोट :** शरीर खुद बी 12 नहीं बना सकता व विटामिन डी की कमी धूप की कमी से होती है, जो शहरी जीवन शैली में आम है।

### कैसे बनाएं विटामिन-समृद्ध फर्मेंटेड रोटी?

**सामग्री**

- 1 कप गेहूं का आटा
- ½ कप लौकी का पेस्ट
- ½ कप पालक का पेस्ट
- 2 चम्मच ताजा दही
- स्वादानुसार नमक

**विधि**

लौकी और पालक को मिक्सर में पीसकर पेस्ट बना लें।
गेहूं के आटे में यह पेस्ट, दही और नमक डालकर गूंथ लें।
इस आटे को ढककर रातभर कमरे के तापमान पर रखें (कम से कम 7-8 घंटे)।
सुबह हल्के हाथों से दोबारा गूंथें और रोटियां बनाकर घी या तवे पर सेंकें।

### यह रोटी कैसे करती है विटामिन की पूर्ति?

न्यूट्रिशनिस्ट संदीप गुप्ता बताते हैं कि यह रोटी एक तरह से प्राकृतिक फर्मेंटेड फूड बन जाती है। फर्मेंटेशन की प्रक्रिया में :

- पालक और लौकी के जीवित एंजाइम आटे में गुड बैक्टीरिया को जन्म देते हैं।
- ये गुड बैक्टीरिया आंतों को स्वस्थ बनाते हैं और शरीर को विटामिन बी 12 बढ़ाने में मदद करते हैं।
- दही भी एक प्रोबायोटिक है, जो आंतों की सेहत सुधारता है और विटामिन डी के अवशोषण में सहायक होता है।
- ये रोटी सिर्फ पौष्टिक नहीं, बल्कि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता, मानसिक स्वास्थ्य और हड्डियों की मजबूती के लिए भी वरदान है।

### इसके फायदे हैं

- प्राकृतिक रूप से बी12 और डी की पूर्ति
- थकान और कमजोरी में राहत
- बेहतर पाचन और आंतों की सेहत
- शुद्ध शाकाहारी विकल्प
- बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए फायदेमंद

### सावधानी

- यदि आपके शरीर में बी12 या डी की गंभीर कमी है, तो डॉक्टर की सलाह पर सप्लीमेंट भी लें।
- फर्मेंटेड रोटी को रोज सुबह खाएं, लेकिन एक बार में अधिक मात्रा न लें।

## राजनीति में बड़ा दिल जरूरी है, मतभेद के बावजूद संबंध बनाए रखना चाहिए : गडकरी

-ब्यूरो



- वाजपेयी जी ने कहा था- "हम अपने विरोधियों का विरोध करते हैं, लेकिन हम उनका अपमान नहीं करते"

**नई दिल्ली।** "राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि विचारों का लोकतांत्रिक मंथन है। इसमें मतभेद हो सकते हैं, पर मनभेद नहीं होने चाहिए।"केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यह विचार 'अमृत महोत्सव सम्मान समारोह' के अवसर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम में वह वरिष्ठ समाजवादी नेता सुरेश (बाबू) अग्रवाल को सम्मानित करने पहुंचे थे। गडकरी ने अपने संबोधन में इस बात पर ज़ोर दिया कि राजनीति में व्यक्ति को बड़ा दिल रखना चाहिए और विरोधी विचारधारा वाले लोगों के साथ भी सम्मानपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहाः "राजनीति में विचारधारा का अंतर स्वाभाविक है, लेकिन उसके कारण रिश्तों में कटुता नहीं आनी चाहिए। मतभेदों के बावजूद मजबूत और स्थायी संबंध ही भारतीय लोकतंत्र की असली पहचान हैं।" गडकरी ने कई वास्तविक अनुभवों और ऐतिहासिक उदाहरणों के माध्यम से अपने विचारों को मजबूती दी। उन्होंने बताया कि कैसे समाजवादी विचारधारा के समर्थक होने के बावजूद सुरेश अग्रवाल उनके अच्छे मित्र हैं। "मैं सुरेश बाबू अग्रवाल को कॉलेज के दिनों से जानता हूं। वह डॉ. राम मनोहर लोहिया की समाजवादी विचारधारा के अनुयायी हैं। मैं एक अलग विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता हूं, लेकिन हमारे बीच कभी मतभेद नहीं हुआ।" गडकरी ने पूर्व रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस को याद करते हुए उनकी सादगी और कार्यशैली की सराहना की और बताया कि कैसे उन्होंने विचारधारात्मक अंतर के बावजूद उन्हें सदैव प्रेरित किया।

### केरल के सीएम के साथ अनुभव

उन्होंने एक दिलचस्प घटना साझा की जिसमें केरल के मुख्यमंत्री, जो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) से संबंध रखते हैं, उनसे मुलाकात करने दिल्ली आए थे। "मेरे ऑफिस में एक पद्धति है— जो भी मिलने आता है, उससे पहले एजेंडा पूछा जाता है। जब केरल के मुख्यमंत्री आए, तो उन्होंने कहा कि उनका कोई एजेंडा नहीं है, बस नितिन गडकरी से मिलना है। उन्होंने कहा कि जब भी दिल्ली आता हूं, मन करता है कि आपसे पांच-दस मिनट मिल लूं।" गडकरी ने इसे विचारधारा से परे आपसी सम्मान और संबंधों का उदाहरण बताया।

### उन्होंने दो उदाहरण बताया

- सुरेश बाबू अग्रवाल
- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो डॉ. लोहिया की समाजवादी विचारधारा को समझते और सराहते थे।

गडकरी ने याद दिलाया कि अटल जी ने भी विपक्षियों का हमेशा सम्मान किया, चाहे वो इंदिरा गांधी हों या कम्युनिस्ट नेता। उन्होंने बताया कि अटल जी ने एक बार कहा था : "हम अपने विरोधियों का विरोध करते हैं, लेकिन हम उनका अपमान नहीं करते।" वर्तमान राजनीतिक माहौल में जब दलगत राजनीति और ध्रुवीकरण बढ़ रहा है, गडकरी का यह संदेश बेहद प्रासंगिक है।

### उन्होंने इस बात पर बल दिया कि :

- राजनीति वैचारिक विविधता का मंच है, न कि शत्रुता का।
- शिष्टाचार और परस्पर सम्मान से ही लोकतंत्र मजबूत होता है।
- व्यक्तिगत संबंधों को राजनीति से ऊपर रखना चाहिए।

वर्तमान माहौल में जहां ईडी,सीबीआई को विरोधी दलों के पीछे लगा दिया जा रहा है, उनकी सरकार गिराने के लिए जेल में डलवा दिया जा रहा है , उन्हें तोड़ने, प्रताड़ित करने के लिए तरह-तरह का उपक्रम किया जा रहा है, गडकरी के वक्तव्य आज की राजनीति के लिए एक सांस्कृतिक सन्देश हैं। उनका जीवन स्वयं इस बात का प्रमाण है कि राजनीति में सिद्धांत और संबंध दोनों निभाए जा सकते हैं। यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक गहराई प्रदान करता है।यही वजह है कि आज की तारीख में केंद्र की सत्ता में यदि कोई मंत्री विपक्षी दलों व आम लोगों में सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है तो वह हैं नितिन गडकरी।

## दूसरी ही फिल्म से लगा खलनायिका का टैग, असल जिंदगी में भी बिंदू देसाई को निगेटिव समझते थे लोग

बॉलीवुड सिनेमा के 70 के दशक में एक ऐसी वैम्प अदाकारा थी, जिनको लेकर जिज्ञासा सेट पर लोगों में लीड रोल करने वाली एक्ट्रेसेस से ज्यादा होती है।हम बात कर रहे हैं फिल्म इंडस्ट्री की मोना डार्लिंग यानी बिंदू देसाई की। उन्होंने कभी पर्दे पर लड़ाकू सास बनकर बहूओं की नाक में दम किया तो कभी गैंगस्टर की गर्लफ्रेंड बनकर भी सिनेमा के पर्दे पर राज किया, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बिंदू को पहली फिल्म से नहीं बल्कि दूसरी फिल्म से सफलता हासिल हुई? बिंदू देसाई के पिता नानूभाई देसाई चाहते थे कि वो डॉक्टर या इंजीनियर बने, लेकिन बिंदू को सिनेमा से लगाव था और वो बहुत खूबसूरत भी थी। लेकिन विटी फेस होने की वजह से उन्हें बतौर लीड एक्ट्रेस रोल ऑफर नहीं हुआ। अपने पिता की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। अब परिवार की जिम्मेदारी उठाने के लिए उन्होंने फिल्मों का रुख किया और उनके जीजा लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने इसमें उनकी मदद की। बिंदू ने सबसे पहले 1962 में आई फिल्म 'अनपढ़' में साइड रोल किया, और वो उस वक्त 21 साल की थी। फिल्मी पर्दे पर वह फ्लॉप रहीं, लेकिन दूसरी फिल्म 'दो रास्ते' उनके लिए लकी साबित हुई। इस फिल्म में बिंदू ने निगेटिव रोल प्ले किया। एक इंटरव्यू में बिंदू ने खुलासा किया था कि पहले वो तो निगेटिव रोल करने से कतरा रही थीं, लेकिन परिवार वालों ने कहा कि तुक्का मारने में क्या जाता है। फिल्म बनी और रिलीज हुई और फिर हिट साबित हुई।







## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रांची में पदयात्रा और विविध कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर होने वाले पदयात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर रांची में स्थित केंद्रीय कार्यालय में पत्रकारों से केंद्रीय रक्षा राज मंत्री संजय सेठ ने संवाद किया। रक्षाबंधन ने बताया भारत सरकार के मार्गदर्शन में मेरा भारत के द्वारा सरदार @150 समारोह के तहत इन कार्यक्रमों का आयोजन रांची लोकसभा क्षेत्र में होना है। सरदार पटेल ने देश की आजादी के उपरांत राष्ट्र की एकता, अखंडता और श्रेष्ठता को अक्षुण्ण रखने के लिए जो योगदान दिया है, वह अविस्मरणीय है और पूरा राष्ट्र उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है। इसलिए उनकी 150वीं जयंती पर व्यापक स्तर पर गांव की गली से लेकर महानगरों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं ताकि एक भारत श्रेष्ठ भारत के साथ आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा हो सके। सरदार पटेल ने भारत की एकता और श्रेष्ठता का जो संकल्प लिया था, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत #विकसित भारत2047 के लक्ष्य के साथ उसी तरफ आगे बढ़ रहा है।

### भाजपा ने स्वदेशी अभियान के स्टीकर, पोस्टर, पंपलेट, संकल्प पत्र का किया लोकार्पण

## स्वदेशी अभियान को बल देकर आत्मनिर्भर बनेगा भारत : बाबूलाल

- मरांडी ने कहा, 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' मंत्र को जीवन में उतारें
- भाजपा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में करेगी स्वदेशी अभियान सम्मेलन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और स्वदेशी अभियान के प्रदेश संयोजक एवं महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय में राज्य में शुरू किए जा रहे स्वदेशी अभियान के स्टीकर, पोस्टर, पंपलेट, नोट पैड, संकल्प पत्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह भी उपस्थित थे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान एक-दूसरे के पूरक हैं। स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देकर, स्वदेशी उत्पादों को अपने दैनिक जीवन में अपना कर देश का प्रत्येक नागरिक भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर भारत बनाने में बड़ा योगदान कर सकता है। उन्होंने अभियान के मंत्र 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' को अपनाकर इसे जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने कहा कि भारत का प्राचीन इतिहास गौरवशाली एवं वैभवशाली रहा है। 125 ईपू मौर्यकाल में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश था। विश्व की जीडीपी के भारत का योगदान 33% था। 16वीं शताब्दी तक विश्व अर्थव्यवस्था में अपनी 24.4% जीडीपी की भागीदारी के साथ भारत विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक क्षेत्र था। लेकिन, गुलामी की लूट खसोट ने वर्ष 1947 तक विश्व अर्थव्यवस्था में भारत की जीडीपी की भागीदारी 4% पहुंच गई। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला भारत वर्ष 1947 में सबसे गरीब देशों की श्रेणी में 136वें स्थान पर पहुंच गया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आजादी के आंदोलन में महात्मा गांधी से लेकर बाल गंगाधर तिलक, सरदार पटेल, जैसे नेताओं ने स्वदेशी अभियान को स्वतंत्रता की लड़ाई का हथियार बनाया।

### आज भारत में बिकने वाले 99.2 प्रतिशत मोबाइल 'मेड इन इंडिया' हैं

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज भारत में 'मेक इन इंडिया' के तहत 667 अरब डॉलर का निवेश आया है। आज भारत में बिकने वाले 99.2% मोबाइल 'मेड इन इंडिया' हैं। वर्ष 2025 में भारत का मोबाइल निर्यात 1500 करोड़ से बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया। खिलौने का निर्यात 239%, बढ़ गया। आज भारत 153 देशों को खिलौना निर्यात कर रहा है। ट्रैक्टर निर्माण में भारत पहले स्थान पर, बस निर्माण में दूसरे और हैवी ट्रक निर्माण में तीसरे स्थान पर है। टेक्सटाइल क्षेत्र में भारत विश्व का छठा बड़ा निर्यातक बन गया। रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ी है। आज भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़ा है। भारत 200 देशों को दवा निर्यात कर रहा है। आज भारत में 98 करोड़ लोग इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं, जो वर्ष 2014 में केवल 25 करोड़ था। देश में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा की क्षमता लगातार बढ़ रही। सौर ऊर्जा में भारत विश्व के तीसरे और पवन ऊर्जा के चौथे स्थान पर है। भारत 100 से अधिक देशों को ऑप्टिकल फाइबर निर्यात करता है। अंतरिक्ष अभियानों में भारत आत्म निर्भर हो रहा है।

### सीताराम मारू के जन्म शताब्दी दिवस पर स्मारक डाक टिकट का हुआ लोकार्पण

## सीताराम मारू मां भारती के कर्मठ सपूत थे : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**



**धर्म-संस्कृति के प्रति गहरी आस्था का प्रमाण है बुंडू का सूर्य मंदिर**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि धर्म और संस्कृति के प्रति उनकी गहरी आस्था का प्रमाण बुंडू (रांची) स्थित सूर्य उपासना भवन (सूर्य मंदिर) का निर्माण है, जो आज झारखंड का प्रमुख धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन स्थल है। उन्होंने कहा कि स्व. सीताराम मारू का जीवन इस बात का सजीव उदाहरण है कि निःस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र की सेवा करने वाला व्यक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शक बन जाता है।

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में शनिवार को राज भवन में भारतीय डाक विभाग ने स्व. सीताराम मारू के जीवन एवं योगदान पर आधारित स्मारक डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि स्व. सीताराम मारू मां भारती के ऐसे तपस्वी और कर्मठ सपूत थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया। उनकी जन्म शताब्दी पर डाक विभाग द्वारा स्मारक डाक टिकट जारी करना उनके जीवन और कार्यों को सच्ची श्रद्धांजलि है।

राज्यपाल ने स्व. मारू के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सामाजिक व सांस्कृतिक चेतना जगाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन निरंतर समाज और राष्ट्र की सेवा में व्यतीत हुआ। उन्होंने कहा कि स्व. मारू ने समाज सेवा के क्षेत्र में 'मारवाड़ी सहायक समिति' और नागरमल मोदी सेवा सदन की स्थापना में अविस्मरणीय योगदान दिया। संस्कृति विहार के अध्यक्ष के रूप में संस्कृति संरक्षण और शिक्षा, चिकित्सा व ग्रामोन्नति की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रेरणा से उन्होंने 'रांची एक्सप्रेस' और 'जय मातृभूमि' जैसे समाचार पत्र प्रारंभ किए, जिन्होंने राष्ट्रवाद की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और समाज को दिशा देने का कार्य किया।

## रंगकर्मी आज महंगे प्रेक्षागृहों के बोझ तले तोड़ रहे हैं दम : डॉ आशुतोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर केवल ग्रंथों, मंदिरों और स्मारकों में नहीं बसती, बल्कि वह जीवंत रूप में रंगमंच पर दिखाई देती है। नाटककार, अभिनेता और रंगकर्मी अपनी मेहनत और संवेदनशीलता से समाज की चेतना जगाते हैं। लेकिन, विडंबना यह है कि वही रंगकर्मी आज महंगे प्रेक्षागृहों के बोझ तले दम तोड़ रहे हैं। बड़े-बड़े सभागार आम जनता और छोटे नाट्य दलों की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। ये बातें रंगमंच से जुड़े डॉ आशुतोष प्रसाद ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इन कलाकारों को निःशुल्क या न्यूनतम दर पर मंच उपलब्ध नहीं करा सकती?



डॉ आशुतोष प्रसाद ने कहा कि आज अधिसंख्य नगरों और महानगरों में खासकर झारखंड की राजधानी रांची में प्रेक्षागृहों का किराया इतना अधिक है कि छोटे-छोटे नाट्य दल एक प्रस्तुति भी आयोजित नहीं कर पाते। एक तरफ कलाकार महीनों की तैयारी और साधना करते हैं, दूसरी तरफ हॉल किराए की चिंता उनकी सृजनशीलता को कुचल देती है। कई बार हॉल किराए पर लेने के बाद भी प्रकाश, ध्वनि और तकनीकी उपकरणों के लिए अतिरिक्त धनराशि चुकानी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि रंगकर्म केवल शौक या मनोरंजन नहीं है। यह समाज को दिशा देने वाली सांस्कृतिक धारा है। लेकिन, जब कलाकारों के सामने रोजगार, जीवनयापन और मंच की कमी जैसी समस्याएं खड़ी हों, तो उनका उत्साह टूटना स्वाभाविक है। कई युवा रंगकर्मी थिएटर छोड़कर अन्य पेशों की ओर चले जाते हैं। अनुभवी कलाकार अपनी प्रतिबद्धता के बावजूद आर्थिक विवशता में घिर जाते हैं। डॉ आशुतोष प्रसाद ने कहा कि यदि रंगकर्मियों को मंच मिलेगा, तो वे सामाजिक मुद्दों पर अधिक सक्रियता से नाटक प्रस्तुत करेंगे। जनजागरूकता अभियान (स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण) रंगमंच के जरिए अधिक असरदार बनेंगे। समाज का सांस्कृतिक स्तर ऊंचा होगा और लोकतांत्रिक मूल्य सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि महंगे प्रेक्षागृह केवल अमीर आयोजनों के लिए नहीं बने हैं, बल्कि वे समाज की धरोहर हैं।

## रांची में जयप्रकाश नारायण की 123वीं जयंती पर नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सम्पूर्ण नारायण के जनक, लोकनायक जय प्रकाश नारायण की आज 123वीं जयंती के अवसर पर जदयू के वरीय नेता, धर्मेंन्द्र तिवारी के साथ अन्य ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि 1974 में जब इंदिरा गांधी के कठोर प्रशासनिक नीति और देश में व्याप्त भय, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से जब देश की जनता त्राहिमाम कर रही थी। सरकार देश की जनता की आवाज को सुन नहीं रही थी, उनकी जायज मांगों को दमनात्मक तरीके से दबा रही थी। तब जय प्रकाश नारायण ने देश के छात्रों एवं युवाओं का आह्वान किया और उस समय विश्व की शक्तिशाली शासकों में शामिल इंदिरा गांधी की सरकार को तिनके के मानिंद सत्ता से उखाड़ फेंका। श्री तिवारी ने कहा कि जय प्रकाश नारायण भारतीय राजनीति के एक ऐसे युगपुरूष व पुरोधा थे, जिन्होंने भारत की जनता को एक नई राह दिखाई, एक नई राजनीतिक चेतना को जन्म दिया, जिसे लोकनीति कहा जाता है, किन्तु आज के नेतागण एवं राजनीतिक पार्टियाँ जेपी के आदर्शों पर चलने के नाम पर केवल अपनी स्वार्थ सिद्धि में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक क्रांति के सुयोग से उन्होंने सम्पूर्ण क्रांति का सूत्रपात किया था। राजनीति, दलनीति एवं प्रशासनिक नीति से हटकर इन्होंने लोकनीति का सूत्रपात किया। जयप्रकाश नारायण के इसी लोकनीति खाद से वर्तमान में कई राजनीतिक दलें फल-फूल रही हैं। श्री तिवारी ने कहा कि देश में व्यवस्था परिवर्तन के सूत्रधार जय प्रकाश नारायण को भारत की जनता सदैव याद रखेगी और उनकी ऋणी रहेगी। जयप्रकाश नारायण जी ने कहा था जब तक हर एक देशवासी के मन में राष्ट्रवाद की भावना नहीं आएगी, किसी भी राष्ट्र का संपूर्ण विकास संभव नहीं है। आज के कार्यक्रम में जेडीयू के महासचिव मनोज कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्यकारिणी महेश्वर प्रसाद चौधरी, शुभम गुप्ता, राजेश कुमार सिन्हा, आदि ने सुमन अर्पित किए।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का शुभारंभ

- तीन जिलों से आये 250 किसान योजनाओं से जागरूक हुए

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय प्रेक्षागृह में शनिवार को प्रधानमन्त्री धन धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शुभारम्भ कार्यक्रम का लाइव शो आयोजित किया गया जिसमें बीएयू के वैज्ञानिकों, कर्मियों के आलावा रांची, खूंटी और गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये लगभग 250 किसानों ने भाग लिया और प्रधानमन्त्री का संबोधन सुना। प्रधानमन्त्री राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नयी दिल्ली से देश के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों और कृषि विज्ञान कन्द्रों में आये किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कृषि अवसंरचना, पशुपालन, मत्स्यपालन, खाद्य प्रसंस्करण आदि से जुडी देश भर की 2100 से अधिक परियोजनाओं का ऑनलाइन उदघाटन एवं शिलान्यास भी किया। धन धान्य कृषि योजना देश के वैसे 100 आकांक्षी जिलों में कार्यान्वित की जानी है जहाँ कृषि विकास की रफ़्तार अपेक्षाकृत धीमी रही है। इनमें झारखण्ड का पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा जिला शामिल है। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि इस परियोजना को भारत सरकार के 11 मंत्रालय राज्य सरकार के साथ मिलकर क्रियान्वित करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानो को सालो भर टिकाऊ उत्पादन, बेहतर आय तथा मिटटी एवं प्रकृति के संरक्षण के लिए कृषि पद्धति में बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन, मुर्गीपालन, मधुमक्खी पालन, वानिकी को जोड़ते हुए उसे वैविध्यपूर्ण बनाना होगा। झारखण्ड सरकार बहुत सी कृषि योजनाओं पर 50 से 100 प्रतिशत तक की सब्सिडी दे रही है, इनका लाभ उठाने के लिए किसानों को आगे आना चाहिए।

स्वागत भाषण करते हुए प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ रेखा सिन्हा ने कहा कि योजना के तहत आकांक्षी जिलों में कृषि आत्मनिर्भरता, उत्पादकता एवं आय वृद्धि, फसल विविधीकरण आदि को बढ़ावा दिया जाना है।

डॉ सीएस महतो ने प्रमुख रबी दलहन फसल उत्पादन की उन्नत तकनीक, सिद्धार्थ जायसवाल ने प्राकृतिक कृषि का सिद्धांत एवं व्यवहार, डॉ नूतन वर्मा ने प्रमुख तेलहन फसलों का उन्नत पैकेज ऑफ़ प्रैक्टिसेज, डॉ बिनय कुमार ने राष्ट्रीय कीट सर्वेक्षण सिस्टम तथा डॉ बीके झा ने किसान शिकायत निवारण पोर्टल, जीएसटी दरें कम किये जाने के लाभ तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनायें विषय पर किसानों के लिए जागरूकता व्याख्यान दिया।

### डीजीएमएस के तत्वावधान में 39वीं जोनल खान बचाव प्रतियोगिता संपन्न

## नॉर्थ कर्णपुरा ने जीता ओवर ऑल बेस्ट टीम का खिताब

- सुरक्षा संस्कृति के प्रसार पर दिया गया बल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा आयोजित 39वीं जोनल खान बचाव प्रतियोगिता-2025 का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह विगत गुरुवार (10 अक्टूबर 2025) की देर रात सीसीएल मुख्यालय, रांची में आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता 08 से 09 अक्टूबर 2025 तक खान बचाव केंद्र, रामगढ़ एवं भुरकुंडा भूमिगत खदान में आयोजित की गई थी।

समारोह की अध्यक्षता सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में खान सुरक्षा उपमहानिदेशक (दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र) डॉ एसएस प्रसाद उपस्थित थे। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी/संचालन) सीएस तिवारी तथा मुख्य सतर्कता पदाधिकारी पंकज कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। डीजीएमएस की ओर से मुख्य निर्णायक के रूप में खान सुरक्षा निदेशक अजीत कुमार और निर्णायक के रूप में डीजीएमएस एवं सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।.प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नॉर्थ कर्णपुरा (एनके) एरिया की टीम ने ओवर ऑल बेस्ट टीम का खिताब अपने नाम किया। बरका सायल की टीम ने सेकंड बेस्ट टीम तथा मगध-संघमित्रा की टीम ने थर्ड बेस्ट टीम का स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विभिन्न चरणों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि डॉ एसएस प्रसाद ने अपने संबोधन में खान सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रेस्क्यू टीमों की तत्परता और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सभी कर्मियों से उच्च सुरक्षा मानकों को अपनाने और कार्य संस्कृति में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के प्रयासों की सराहना की और आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही कहा कि सुरक्षा सीसीएल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समापन समारोह में महाप्रबंधक (सु एवं ब) विनोद कुमार, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधक, अधीक्षक (बचाव सेवा) विकास कुमार, सीसीएल के अधिकारी-कर्मचारी, जेसीएससी, सेफ्टी बोर्ड एवं वेलफेयर बोर्ड के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता व...**

आजीविका सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दे रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाएँ धरातल पर स्पष्ट परिणाम दें और समाज के हर वर्ग को वास्तविक लाभ पहुँचे। कल्याण सचिव कृपा नन्द झा, कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी सहित जिलों के कल्याण पदाधिकारी एवं विभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

**पीएम मोदी ने किया सरायकेला में...**

कंपनी की संस्थापक ज्योति बाला ने बताया कि यह परियोजना ग्रामीण किसानों की आय वृद्धि और स्थानीय रोजगार सृजन की दिशा में एक बड़ा कदम है। लगभग 14 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस फिश फार्म में 10 एकड़ भूमि पर मत्स्य पालन के लिए तालाब और शेष 4 एकड़ क्षेत्र में प्रसंस्करण, प्रशिक्षण एवं इको-टूरिज्म केंद्र विकसित किए जाएंगे। इससे न केवल मत्स्य उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर भी प्राप्त होंगे। जिला प्रशासन और मत्स्य विभाग ने परियोजना को हरसंभव तकनीकी सहयोग और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। अधिकारियों का मानना है कि यह केंद्र भविष्य में झारखंड का मॉडल फिश फार्मिंग हब बन सकता है। झारखंड मत्स्य विभाग के उप निदेशक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने नेचुरल इको टूरिज्म प्रोजेक्ट और गन्ना किसानों के लिए मिल का उद्घाटन भी किया है। वहीं, रोसा टेक कंपनी के तकनीकी निदेशक रोहित आनंद ने बताया कि सरायकेला के हाथीमारा गांव में विभाग के सहयोग से 10 एकड़ के तालाब क्षेत्र में एक एक्वा कल्चर प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि गांव के 125 घरों में से हर घर के कम से कम एक सदस्य को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। आने वाले समय में यह परियोजना गांव की तरक्की और अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी।

**नक्सलियों के विस्फोट में घायल जवान...**

पहले विस्फोट में सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर कौशल कुमार मिश्रा घायल हो गए, जिन्हें तत्काल राउरकेला के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद नक्सलियों ने दूसरा विस्फोट किया, जिसमें एएसआई रामकृष्ण गागराई और हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर को हेलीकॉप्टर से राउरकेला लाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। वहीं, एएसआई रामकृष्ण गागराई का इलाज फिलहाल राउरकेला के अपोलो अस्पताल में चल रहा है। एएसआई रामकृष्ण गागराई झारखंड के खरसावां के विधायक दशरथ गागराई के छोटे भाई बताए जाते हैं। हेड कांस्टेबल महेंद्र लश्कर असम के रहने वाले थे। हमले के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। नक्सलियों के अब भी क्षेत्र में सक्रिय होने की संभावना जताई जा रही है और वे किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में हो सकते हैं। झारखंड पुलिस ने आठ अक्टूबर को भाकपा (माओवादी) द्वारा शुरू किए गए 'प्रतिरोध सप्ताह' के मद्देनजर पूरे राज्य में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की है। माओवादियों ने 15 अक्टूबर 2025 को बंद का भी आह्वान किया है।

**मॉडल कृषि मंडी के रूप में...**

इससे पहले, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में चली मैराथन बैठक में झारखंड चैंबर ने कृषि मंडियों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और मुलभूत सुविधा उपलब्ध कराने और कृषकों के अनुकूल सुविधा उपलब्ध करने पर जोर दिया। चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि मतगणना कार्यों के लिए बाजार समिति की दुकान-गोदाम का अधिग्रहण करने से भी व्यापार चार माह प्रभावित हो जाता है। विभाग उपायुक्त से समन्वय बनाकर कृषि मंडियों की जगह किसी अन्य वैकल्पिक स्थल पर मतगणना कार्य कराए। मंडियों के डिस्टर्ब होने से व्यापार प्रभावित होगा। बैठक के दौरान व्यापारियों ने बताया कि मंडियों में अतिक्रमण, साफ-सफाई का अभाव, खराब स्ट्रीट लाइट, पेयजल की असुविधा, सीसीटीवी कैमरों की अनुपलब्धता एवं जर्जर सड़कें जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। इस कारण न केवल व्यापारियों को, बल्कि आम उपभोक्ताओं को भी भारी असुविधा होती है। आज किसी भी बाजार समिति में सुरक्षा गार्ड उपलब्ध नहीं हैं। रांची चैंबर के अध्यक्ष संजय माहुरी ने कहा कि आज राज्य की किसी मंडी में कृषकों की उपज बिक्री के लिए नहीं आता, न ही बाजार समिति द्वारा इसका प्रयास किया जाता है। यह बाजार समिति के मूल उद्देश्यों की विपरीत है। उन्होंने ई नेम को प्रोत्साहित करने के लिए गांव-गांव कैंप लगाकर किसानों को प्रशिक्षित करने की भी आवश्यकता बताई। बैठक के दौरान सभी बाजार समितियों के पणन सचिव ने अपने जिले की कृषि मंडी के मासिक आय व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया। पणन सचिव ने उपलब्ध जानकारी में यह देखा कि कई बाजार समितियों की दुकान गोदाम जर्जर होने के कारण खाली रहने से किराया के रूप में बाजार समिति को भारी राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। चैंबर के सह सचिव रोहित पोद्दार ने सुझाव दिया कि बाजार समिति के पास उपलब्ध 387 करोड़ रुपए की फिक्स डिपॉजिट की ब्याज राशि का उपयोग मंडियों को मजबूत करने में किया जाए। यह कहा कि ब्याज राशि का पैसा एफडी क्यों किया जा रहा है। उसे बाजार समिति के विकास में लगाएं। गोदाम-दुकान जर्जर स्थिति में हैं, दुरुस्त होंगे तो वहां व्यापारी अपना व्यापार कर सकेंगे। इससे बोर्ड को भी राजस्व प्राप्त होगा। बाजार समितियों के बॉउंड्री वॉल टूटे होने के कारण मंडी में खाली भूखंड पर लगातार अतिक्रमण हो रहे हैं, जिसे सुरक्षित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजार समितियों में लगातार हो रही चोरी की घटना की जवाबदेही क्या केवल पुलिस की है? बाजार समिति या मार्केटिंग बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं है? चैंबर उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया और सह सचिव नवजोत अलंग ने पंडरा कृषि मंडी में असामाजिक तत्वों की सक्रियता और अतिक्रमण के मुद्दे पर विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए संज्ञान लेने का आग्रह किया। कृषि मंडियों में व्याप्त असुविधा पर त्वरित संज्ञान लेने के लिए चैंबर महासचिव रोहित अग्रवाल ने मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का आभार व्यक्त करते हुए इसे राज्य के व्यापारियों और कृषकों के लिए हितकर बताया। बैठक में चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विनय अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर मंत्री के अलावा जिला चैंबर से अशोक भालोटिया, संजय कुमार, मनोज घोष, जितेंद्र अग्रवाल, प्रियंक भगत, ज्योति प्रकाश, ज्योति कुमार, अमित साहू, रांची चैंबर के अध्यक्ष संजय माहुरी, दीपक अग्रवाल, आलू प्याज विक्रेता संघ के मदन साहू, रोहित कुमार के अलावा खूंटी, धनबाद, दुमका, गढ़वा, जमशेदपुर, हजारीबाग, रामगढ़, जैनामोड़, बोकारो के व्यापारी और कृषक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विश्वनाथन आनंद को हराने के बाद गैरी कास्परोव ने कहा, 'शायद अतीत उन पर हावी हो गया'

**नई दिल्ली।** सेंट लुइस में आयोजित प्रदर्शनी प्रतियोगिता 'क्लच शतरंजः द लीजेंड्स' में गैरी कास्परोव ने विश्वनाथन आनंद को मात दी। तीन दिन तक चली प्रतियोगिता में कास्परोव और आनंद ने फ्रीस्टाइल फॉर्मेट में 12 रैपिड और ब्लिट्ज गेम्स में हिस्सा लिया, जिसमें कास्परोव ने 13-11 से जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता में 'कैस्केडिंग प्वाइंट सिस्टम' का इस्तेमाल किया गया था। पहले दिन जीतने पर एक अंक, दूसरे दिन जीतने पर दो अंक और तीसरे दिन जीतने पर तीन अंक दिए गए, जिससे कास्परोव ने दो गेम शेष रहते जीत सुनिश्चित कर ली। आनंद ने फिर आखिरी दोनों गेम अपने नाम किए। कास्परोव ने जीत के बाद सेंट लुइस शतरंज क्लब के यूट्यूब चैनल को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि आनंद को तीन दिनों तक कुछ 'मानसिक परेशानी' का सामना करना पड़ा। कास्परोव ने कहा, "उन्हें कुछ मानसिक परेशानी थी। पहले दिन से ही उनके लिए सब कुछ ठीक नहीं रहा। मुझे लगता है कि मेरे खिलाफ उनका स्कोर ऐतिहासिक रूप से खराब रहा है। शायद खेल के दौरान अतीत उन पर हावी हो गया।" क्लच चेस के दूसरे दिन भारत के पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को गैरी कास्परोव के खिलाफ पांचवें गेम में स्पष्ट बढ़त हासिल थी, लेकिन आनंद अपने समय पर ध्यान नहीं दे पाए और अंततः समय खत्म होने के कारण मैच हार गए। यह मुकाबला रैपिड फॉर्मेट में खेला गया था।

## महिला विश्व कप : हरलीन देओल को 'गुडबाय' का इशारा, साउथ अफ्रीकी गेंदबाज को आईसीसी ने फटकारा

**दुबई।** साउथ अफ्रीकी स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को भारत के खिलाफ मुकाबले के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आधिकारिक रूप से फटकार लगाई गई है। गुरुवार को विशाखापत्तनम में खेले गए महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। बाएं हाथ की 24 वर्षीय स्पिनर को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते पाया गया, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, व्यवहार, हावभाव या आक्रामक प्रतिक्रिया से संबंधित है। आधिकारिक फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। यह 24 महीने की अवधि में म्लाबा का पहला अपराध है। आईसीसी के अनुसार, लेवल 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार, अधिकतम मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और मामले की गंभीरता के आधार पर एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

वेस्टइंडीज ने 140 रन पर गंवाए 4 विकेट



भारत बनाम वेस्टइंडीज, दूसरा टेस्ट, दिन-2

# टीम इंडिया ने कस लिया है शिकंजा

### मेहमानों पर फॉलोऑन का खतरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और वेस्टइंडीज के बीच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेल जा रहे अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन की समाप्ति हो गई है। दिन का खेल समाप्त होने वेस्टइंडीज ने 140 रनों पर 4 विकेट गंवा दिए। ऐसे में कैरेबियाई टीम पर अब फॉलोऑन का खतरा मंडराने लगा है। इससे पहले टीम इंडिया ने मुकाबले में टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 518 रन बनाकर अपनी पारी को घोषित किया था। ऐसे में खेल के दूसरे दिन की समाप्ति तक टीम इंडिया के पास 378 रनों की लीड बची है। वेस्टइंडीज के लिए खेल के तीसरे दिन शाई होप और टेविन इमलाच पारी को आगे बढ़ाएंगे। होप 31 रन बनाकर खेल रहे हैं, जबकि टेविन इमलाच ने 14 रन बनाए हैं। भारत के खिलाफ 518 रन के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बहुत ही खराब रही है। टीम ने सिर्फ 21 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गंवा दिया था हलांकि, पहले विकेट के बाद तेगनारायण चंद्रपॉल और एलिक एथानाजे मिलकर 66 रनों की पार्टनरशिप कर टीम के स्कोर को 100 के करीब पहुंचाया।

### शाई होप ने भी दिखाया दम

वेस्टइंडीज के लिए बल्लेबाजी में शाई होप ने अपना दम दिखाया। अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने स्पिन आक्रमण के खिलाफ कुछ आकर्षक शॉट भी लगाए। वहीं एथानाजे ने वेस्टइंडीज के लिए 84 गेंद में 41 रनों की पारी खेली। इसके अलावा चंद्रपॉल ने 67 गेंद में 34 रनों का योगदान दिया। टीम के कप्तान रोस्टन चेज अपना खाता नहीं खोल पाए।गेंदबाजी की बात करें तो टीम इंडिया के लिए दिन का खेल समाप्त होने तक सबसे ज्यादा विकेट रविंद्र जडेजा के नाम रहा। जडेजा ने 14 ओवर में 37 रन देकर विकेट लिए। इसके अलावा कुलदीप यादव के खाते में भी एक-एक विकेट आया। वहीं तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज खाली हाथ रहे। वाशिंगटन सुंदर भी पारी में विकेट नहीं निकाल पाए हैं।

### भारत के लिए शुभमन गिल और यशस्वी का शतक

वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया की बल्लेबाजी शानदार रही। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल क लिए पहले विकेट के लिए 58 रनों की पार्टनरशिप हुई। केएल राहुल ओपनिंग करते हुए सिर्फ 28 रन ही बना सके। इसके अलावा साई सुदर्शन ने 87 रनों की दमदार पारी खेली, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी ने 43 और ध्रुव जुरेल ने 44 रन बनाए।

भारतीय पारी का आकर्षण यशस्वी और शुभमन गिल का शतक रहा। यशस्वी जायसवाल ने 258 गेंद में 22 चौकों की मदद से 175 रनों की पारी खेली। इसके अलावा शुभमन गिल 129 रन बनाकर नाबाद। हालांकि, दुर्भाग्य ये रहा कि यशस्वी अपना दोहरा शतक पूरा नहीं। दरअसल कप्तान शुभमन गिल के साथ हुई गफलत क कारण वह रन आउट हो गए।

## मेसी की गैरमौजूदगी में लो सेल्सो का विजयी गोल, वेनेजुएला पर अर्जेंटीना की आसान जीत

**एजेंसी। मियामी**

लियोनेल मेसी की गैरमौजूदगी के बावजूद, अर्जेंटीना ने शुक्रवार को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में वेनेजुएला को 1-0 से शिकस्त दी। इस मुकाबले में गियोवानी लो सेल्सो जीत के हीरो रहे। जूलियन अल्वारेज और लौटारो मार्टिनेज के नेतृत्व में अर्जेंटीना का आक्रमण इस पूरे मैच में आक्रामक रहा, जबकि फुलबैक नाहुएल मोलिना ने दाहिने छोर पर अपनी ऊर्जा से फैंस



को प्रभावित किया। इस मुकाबले में निर्णायक मौका 31वें मिनट में आया। अल्वारेज और मार्टिनेज ने बॉक्स के पास शानदार तालमेल दिखाया, जिसने वेनेजुएला के डिफेंडर्स को अपनी पोजीशन से बाहर खींच लिया और फिर लो सेल्सो को पास थमा दिया।

मिडफील्डर ने बेहतरीन संयम दिखाते हुए बाएं पैर से सटीक शॉट लगाया, जो गोलकीपर जोस कॉन्ट्रेरास को चकमा देते हुए नेट में जा पहुंचा। इसी के साथ अर्जेंटीना ने 1-0 की बढ़त हासिल की।

## आपने पदक नहीं, हमारा दिल जीता है' : डॉ. मनसुख मंडाविया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने शनिवार को नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले भारतीय दल को सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री ने एथलीटों के असाधारण जज्बे, दृढ़ संकल्प और प्रदर्शन की सराहना की। पैरा एथलीटों को संबोधित करते हुए डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, ₹आप पैरा एथलीट नहीं, बल्कि भारत के पावर एथलीट हैं। पदक जीतकर आपने देश को जो गौरव दिलाया है और खासकर दिव्यांगों को जो प्रेरक संदेश दिया है, वह काबिले तारीफ है। आपने जो जुनून दिखाया है, वह अद्भुत है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिखाए गए नए भारत के विजन और भावना को बेहतरीन तरीके से आपने प्रदर्शित किया है। प्रधानमंत्री टीवी पर आपके मैच देख रहे थे और हमारी बैठकों के दौरान आप सभी के बारे में पूछते रहते थे। डॉ. मनसुख मंडाविया ने 'अक्षमता को दृढ़ संकल्प' में बदलने के लिए एथलीटों




का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह साहस की एक नई परिभाषा है जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। पूरे देश को आपकी उपलब्धियों पर गर्व है। आपने न केवल पदक जीते हैं, बल्कि हमारा दिल भी जीता है। आपने दिखाया है कि जब इरादे मजबूत हों, तो व्हीलचेयर भी पंख बन सकती है। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, भारत में अब तक आयोजित सबसे बड़ा पैरा-खेल आयोजन था, जिसमें 100 देशों के 2,100 से अधिक प्रतिभागियों ने 186 पदक स्पर्धाओं में भाग लिया था। भारत ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के इतिहास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 22 पदक जीते हैं। इसमें 6 स्वर्ण, 9 रजत और 7 कांस्य पदक हैं। भारत चैंपियनशिप में दसवें स्थान पर रहा। खेल मंत्रालय की तरफ से पैरा एथलीटों को 1.09 करोड़ रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार दिए गए। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, ₹खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने एक परिवार की तरह हमारी मदद की है। डब्ल्यूपीए ने इस आयोजन की सफल मेजबानी के लिए आयोजन के अंतिम दिन हमें एक ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी होगी कि भारत आगे भी ऐसे और आयोजनों की मेजबानी करे। आईपीसी के अध्यक्ष एंड्रयू पार्सन्स और विश्व पैरा एथलेटिक्स के अध्यक्ष पॉल फ्रिट्जराल्ड, दोनों ने कहा कि एथलीटों को प्रदान की गई सुविधाओं का स्तर और खेलों का तकनीकी संचालन, दोनों ही सर्वोच्च स्तर के थे।



# वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत मजबूती का कर रहा प्रदर्शन: शक्तिकांत दास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितता और खंडित व्यापार व्यवस्था के बीच भारत मजबूती का प्रदर्शन कर रहा है। पुणे के गोखले संस्थान में 85वें काले स्मृति व्याख्यान देते हुए उन्होंने कहा कि महामारी, भू-राजनीतिक संघर्षों और सप्लाई चेन कमज़ोरियों ने लंबे समय से चले आ रहे वैश्वीकरण के मानदंडों और लागत-आधारित व्यापार सिद्धांतों को बाधित किया है, जिससे राष्ट्र आत्मनिर्भरता और क्षेत्रीय व्यापार समझौतों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, "आत्मनिर्भर भारत के तहत संरचनात्मक सुधारों, घरेलू मांग और विवेकपूर्ण मैक्रो नीतियों के बल पर भारत ने वैश्विक चुनौतियों का सामना किया है और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में लगभग पाँचवें हिस्से का योगदान देने के लिए तैयार है।" दास ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, "भारत बदलती वैश्विक व्यवस्था के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपने व्यापारिक संबंधों को भी सक्रिय रूप से नया रूप दे रहा है। भारत 14 मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और छह पीटीए पर हस्ताक्षरकर्ता है, जिनमें यूके, ऑस्ट्रेलिया और




यूएई हाल ही में शामिल हुए एफटीए हैं।"इसके अतिरिक्त, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे, स्विट्जरलैंड और भारत ने मार्च 2024 में एक व्यापक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

वर्तमान में, भारत अमेरिका, यूरोपीय संघ, पेरू, ओमान, न्यूजीलैंड और कई अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है।

उन्होंने कहा, "हमारी व्यापार वार्ताओं की अंतर्निहित प्राथमिकता हमारे राष्ट्र और लोगों के सर्वोत्तम हित में निष्पक्ष और संतुलित समझौते सुनिश्चित करना है।"

इस तरह की बदलती वैश्विक व्यवस्था के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाले मजबूत बुनियादी ढांचे और इन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाले संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण होगा।

पूर्व आरबीआई गवर्नर ने कहा, "इन कारकों ने भारत को अशांत विश्व व्यवस्था में आगे बढ़ने में सक्षम बनाया है।"

भारत तेजी से एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है और घरेलू सुधारों और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के तहत एक मजबूत वैश्विक स्थिति के कारण, 2025 में चौथी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था और 2028 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। दास ने कहा कि व्यापक क्षेत्रीय स्तर पर, भारत का विनिर्माण क्षेत्र पिछले एक दशक में औसतन 5.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।

## एसयूडी लाइफ ने लॉन्च किया निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स फंड

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 6 अक्टूबर 2025 से स्टार यूनियन दाइ-इची लाइफ इंश्योरेंस (एसयूडी लाइफ) का नया फंड ऑफर 'एसयूडी लाइफ निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स फंड' निवेशकों के लिए खुला है। यह फंड भारत के शीर्ष 50 प्रदर्शनशील शेयरों पर आधारित निफ्टी अल्फा 50 इंडेक्स को ट्रैक करेगा। कंपनी के सीआईओ प्रशांत शर्मा के अनुसार, यह निवेशकों को डेटा-आधारित स्मार्ट इक्विटी निवेश का विकल्प देता है।

Star Union Dai-ichi Life Insurance
A joint venture of
Bank of India | Union Bank of India | Dai-ichi Life

एनएफओ 24 अक्टूबर 2025 तक खुला रहेगा।

## ईडी ने रिलायंस पावर के सीएफओ को ₹68 करोड़ फर्जी बैंक गारंटी केस में गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी की समूह कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी अशोक पाल को 68 करोड़ की कथित फर्जी बैंक गारंटी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया। सूत्रों के हवाले से दी। सूत्रों के अनुसार, पाल को शुक्रवार रात धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए)के तहत हिरासत में लिया गया। उन्हें शनिवार को विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां उनकी हिरासत में पूछताछ के लिए रिमांड मांगेगी।

**● मामला फर्जी बैंक गारंटी से जुड़ा**

यह मामला रिलायंस एनयू बेस लिमिटेड नामक रिलायंस पावर की सहायक कंपनी द्वारा भारतीय सौर ऊर्जा निगम लिमिटेड (एसईसीआई) को जमा की गई 68.2 करोड़ की बैंक गारंटी से संबंधित है। जांच में यह गारंटी फर्जी पाई गई। रिलायंस एनयू बेस का पुराना नाम महाराष्ट्र एनर्जी जेनरेशन लिमिटेड था। ईडी ने आरोप लगाया है कि ओडिशा स्थित बिस्वाल ट्रेडलिंक नामक कंपनी फर्जी बैंक गारंटियों का कारोबार चला रही थी। अगस्त में ईडी ने इस कंपनी और इसके प्रमोटर्स के परिसरों पर छापेमारी की थी और कंपनी के प्रबंध निदेशक पार्थ सरथी बिस्वाल को गिरफ्तार किया गया था।

## गूगल प्ले स्टोर पर ब्रोकिंग ऐप्स को मिलेगा वेरिफिकेशन टिक, फर्जी ऐप्स पर लगेगी लगाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) ने निवेशकों को फर्जी ऐप्स से बचाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। SEBI के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने शनिवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ब्रोकर्स फोरम के कैपिटल मार्केट कॉन्फ्लुएंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि SEBI ने गूगल से अनुरोध किया है कि वह प्ले स्टोर पर रजिस्टर्ड ब्रोकिंग ऐप्स के लिए वेरिफिकेशन टिक मार्क की सुविधा शुरू करे। गूगल ने इस अनुरोध को मान लिया है और अगले दो महीनों में यह सुविधा प्ले स्टोर पर दिखने लगेगी।

वार्ष्णेय ने कहा कि जब आप प्ले स्टोर खोलेंगे, तो रजिस्टर्ड स्टॉक ब्रोकर्स की ऐप्स के साथ एक टिक मार्क दिखेगा। यह टिक निवेशकों को यह समझने में मदद करेगा कि कौन सी ऐप सही है और कौन सी नकली। SEBI की इस पहल का मकसद निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसके अलावा, SEBI ने फ्रॉड रोकने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए हैं, जैसे वैलिड यूपीआई पहल और 'SEBI वर्सेज स्कैम' अभियान, जो निवेशकों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं।

**● कमोडिटी मार्केट और एल्गो ट्रेडिंग पर भी फोकस**

सेबी कमोडिटी मार्केट को फिर से मजबूत करने की दिशा में भी काम कर रहा है। वार्ष्णेय ने बताया कि कमोडिटी मार्केट में कुछ चुनौतियां हैं, जिनमें ब्रोकर्स अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक सीमाओं की वजह से स्पॉट ट्रांजैक्शन नहीं हो सकते, क्योंकि यह राज्य सरकारों के दायरे में आता है। किसानों को तुरंत पैसे चाहिए, जो फ्यूचर सेटलमेंट का इंतजार नहीं कर सकते। ऐसे में ब्रोकर्स कमोडिटी मार्केट को और बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। सेबी इस दिशा में तरलता बढ़ाने के उपाय भी कर रहा है।

## रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा केंद्र त्योहारी सीजन की भीड़ को संभालने में होगा मददगार : अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा केंद्र त्योहारी सीजन के दौरान प्लेटफॉर्म पर अचानक बढ़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने में मददगार होगा। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, "नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की आसान, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आवाजाही के लिए नई पहल की जा रही है।" उन्होंने आगे कहा कि यह क्षेत्र प्री-टिकटिंग एरिया, टिकटिंग एरिया और पोस्ट-टिकटिंग एरिया में विभाजित है, जिससे प्लेटफॉर्म पर अचानक बढ़ने वाली भीड़ को नियंत्रित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा, "अनारक्षित टिकट काउंटर और ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन की सुविधा से टिकट जल्दी और आसानी से मिलेंगे।" केंद्रीय मंत्री ने एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर कर जानकारी दी कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए यात्री सुविधा केंद्र बनाया गया है। यह काफी बड़ा एरिया हैं, जहां पर यात्रियों के लिए 150 से अधिक पुरुष और महिला शौचालयों के अलावा, पेय जल जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं। इस एरिया में यात्रियों को पीने के लिए प्यूरीफाइड वॉटर की सुविधा भी दी गई है। इस एरिया का इस्तेमाल उन यात्रियों द्वारा किया जा सकता है, जो अपनी ट्रेन का इंतजार करते हैं। इस एरिया 200 यात्रियों के बैठने की क्षमता और शीतलता के लिए 18 एचवीएलएस पंखे लगाए गए हैं। साथ ही, सिक्योरिटी के लिए स्टेट-ऑफ-द-आर्ट 18 सीसीटीवी कैमरा, 5 लगेज स्कैनर और 5 डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर की व्यवस्था की गई है। वीडियो में जानकारी दी गई है कि जिन यात्रियों के पास ट्रेन में यात्रा करने का टिकट नहीं है वे अनारक्षित टिकट खिड़की (अनरिजर्व्ड टिकट विंडो) एरिया में जाकर अपनी टिकट ले सकते हैं। यहां पर यात्रियों की सुविधा के लिए 22 आधुनिक टिकट काउंटर और 25 ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन की भी व्यवस्था की गई है। रेल मंत्रालय के अनुसार, यह केंद्र लगभग 7,000 यात्रियों की क्षमता के अनुरूप डिजाइन किया गया है, जिससे बोर्डिंग से पहले सुविधा और आवागमन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।